

दैनिक
सुप्रभात रायपुर
आम आदमी का खास अखबार
# प्रतिदिन राजधानी



संस्थापक-स्व. श्री रामचंद नचरानी ▸ प्रधान संपादक - शांति देवी नचरानी ▸ वर्ष : 26 ▸ अंक : 118, सोमवार 18 मई 2026 ▸ पृष्ठ : 12 ▸ मूल्य ₹ 2.00 RNI NO. CHH HIN/2001/05596

E-mail pratidincg@gmail.com E-paper https://epaper.pratidinrajdhani.in WhatsApp +91 62629 04444



3 विधायक मूणत और महापौर ...

सुभाष घई ने 'कर्मा' से ... 8



जिन किसी व्यक्ति को समाचार या विज्ञापन देना है संपर्क करे : मो. नं. 9806044444, 6262904444 इस नंबर के अलावा अन्य नंबर पर दी गई सूचना से समाचार पत्र का लेना-देना नही रहेगा...


### छत्तीसगढ़ को तीन दिवसीय दौरे में देंगे कई सौगात, बस्तर में करेंगे संवाद

# रायपुर पहुंचे अमित शाह, एयरपोर्ट पर मुख्यमंत्री साय ने किया स्वागत

**रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)**

केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह छत्तीसगढ़ के तीन दिवसीय के दौरे पर रविवार की देर शाम रायपुर पहुंच गए। माना एयरपोर्ट पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सहित राज्य सरकार की मंत्रियों और पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने उनका स्वागत किया।

मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया पर स्वागत की तस्वीर पोस्ट करते हुए लिखा... प्रभु श्रीराम के ननिहाल एवं माता कौशल्या की पावन धरा छत्तीसगढ़ में माननीय केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह जी का हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन।



केंद्र सरकार के सतत सहयोग से छत्तीसगढ़ निरंतर शांति, सुशासन और विकास के उज्ज्वल भविष्य की ओर अग्रसर है। माननीय गृहमंत्री जी के दृढ़संकल्प, मार्गदर्शन और डबल इंजन सरकार के समर्पित प्रयासों से बस्तर आज नक्सलमुक्त होकर प्रगति की नई उड़ान भर रहा है।

मुझे पूर्ण विश्वास है कि आपका यह प्रवास प्रदेश के विकास कार्यों को नई गति प्रदान करेगा तथा सुरक्षित और समृद्ध बस्तर के हमारे संकल्प को और अधिक सशक्त बनाएगा।

छत्तीसगढ़ की समस्त जनता की ओर से आपका हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन।

### आज करेंगे नेक्स्ट जेन सीजी डायल 112 का शुभारंभ

प्रदेश में आपातकालीन सेवाओं को और अधिक आधुनिक, त्वरित एवं नागरिक केंद्रित बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में नेक्स्ट जेन सीजी डायल 112 इंटीग्रेटेड इमरजेंसी रिस्पॉन्स सपोर्ट सिस्टम (ईआरएसएस 2.0) का शुभारंभ केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा 18 मई को किया जाएगा। इस अवसर पर चलित फोरेंसिक साइंस लेबोरेटरी एवं 400 अत्याधुनिक डायल 112 वाहन का भी शुभारंभ किया जाएगा।

कार्यक्रम की तैयारियों के तहत प्रदेश के गृह मंत्री विजय शर्मा ने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को कार्यक्रम की सभी तैयारियां समयबद्ध एवं सुव्यवस्थित ढंग से पूर्ण करने के निर्देश दिए। नेक्स्ट जेन सीजी डायल 112 प्रदेश में तकनीक आधारित सुशासन की दिशा में एक अभिनव पहल है, जिसके माध्यम से पुलिस सेवा, फायर सर्विस, मेडिकल इमरजेंसी सहायता, महिला हेल्पलाइन, चाइल्ड हेल्पलाइन, आपदा प्रबंधन सहायता तथा हाईवे इमरजेंसी जैसी सेवाओं को एकीकृत मंच पर उपलब्ध कराया जा रहा है। इससे नागरिकों को त्वरित एवं समन्वित सहायता सुनिश्चित हो रही है।

इस उन्नत प्रणाली में केंद्रीकृत कमांड एवं कंट्रोल सेंटर, जीपीएस आधारित इमरजेंसी रिस्पॉन्स वाहन, जीआईएस आधारित रियल टाइम मॉनिटरिंग, ऑटोमेटिक कॉल लोकेशन पहचान प्रणाली तथा तकनीक सक्षम डिस्पैच प्रबंधन जैसी आधुनिक सुविधाएं शामिल हैं। नई व्यवस्था के माध्यम से अपराध नियंत्रण, महिला एवं बाल सुरक्षा, सड़क दुर्घटना प्रतिक्रिया, चिकित्सकीय सहायता तथा जन-संकट की परिस्थितियों में और अधिक प्रभावी सहायता उपलब्ध कराई जा सकेगी।

## तिरुवनंतपुरम-हजरत निजामुद्दीन राजधानी एक्सप्रेस अग्निकांड की उच्चस्तरीय जांच के आदेश

**एजेंसी, नई दिल्ली**

रेल मंत्रालय ने तिरुवनंतपुरम-हजरत निजामुद्दीन राजधानी एक्सप्रेस में आग लगने की घटना की उच्चस्तरीय जांच के आदेश दिए हैं। मंत्रालय के अनुसार जांच में आग लगने के कारणों, सुरक्षा मानकों और आपातकालीन प्रतिक्रिया व्यवस्था की विस्तृत समीक्षा की जाएगी।

यह घटना रविवार सुबह मध्य प्रदेश के कोटा रेल मंडल में लूनी रिछा और विक्रमगढ़ आलोट स्टेशनों के बीच हुई। राजधानी एक्सप्रेस संख्या 12431 के बी-1 कोच में अचानक आग लग गई। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार प्रभावित डिब्बा एसएलआर कोच के निकट था।



बताया जा रहा है कि सुबह लगभग 5:15 बजे कोच से धुआं और लपटें उठती दिखाई दीं। सूचना मिलते ही ट्रेन को तुरंत रोका गया और यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाला गया। बी-1 कोच में करीब 68 यात्री सवार थे।

रेलवे कर्मचारियों और ट्रेन स्टाफ की त्वरित कार्रवाई से सभी यात्रियों को लगभग 15 मिनट में बाहर निकाल लिया गया। इस घटना में किसी के घायल होने की सूचना नहीं है। हालांकि आग के कारण कोच पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।

घटना के बाद राहत एवं बचाव दल मौके पर पहुंच गए। एहतियात के तौर पर दिल्ली-मुंबई रेल मार्ग पर कुछ समय के लिए रेल संचालन रोका गया। प्रभावित डिब्बे को ट्रेन से अलग कर विद्युत आपूर्ति बंद कर दी गई।

रेल मंत्रालय ने कहा कि वरिष्ठ अधिकारी तकनीकी और परिचालन संबंधी पहलुओं की जांच करेंगे। राजधानी एक्सप्रेस रविवार सुबह रतलाम जंक्शन से रवाना हुई थी और कोटा पहुंचने से पहले यह घटना हुई।

### पांच देशों की यात्रा के तीसरे चरण में स्वीडन पहुंचे प्रधानमंत्री मोदी

# व्यापार और निवेश पर रहेगा फोकस

**एजेंसी, नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अपनी पांच देशों की छह दिवसीय विदेश यात्रा के तीसरे दिन रविवार को नीदरलैंड से स्वीडन पहुंचे। स्वीडन में प्रधानमंत्री ने कहा कि उनकी यात्रा का उद्देश्य भारत और स्वीडन के बीच व्यापार, निवेश, नवाचार और रक्षा सहयोग को और मजबूत करना है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर लिखा कि वह स्वीडन के प्रधानमंत्री उल्फ क्रिस्टरसन से मुलाकात करेंगे। दोनों नेताओं के बीच भारत-स्वीडन मित्रता को नई दिशा देने पर चर्चा होगी। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच



व्यापार, निवेश, नवाचार और रक्षा जैसे क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर विशेष ध्यान रहेगा।

प्रधानमंत्री ने अपने एक अन्य संदेश में कहा कि वह स्वीडन के प्रधानमंत्री उल्फ क्रिस्टरसन और यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला फॉन डेर लेयेन के साथ 'यूरोपीय व्यापार गोलमेज सम्मेलन' में यूरोप के प्रमुख उद्योगपतियों और व्यापारिक नेताओं से भी मुलाकात करेंगे। उन्होंने कहा कि इस बैठक से भारत और यूरोप के बीच निवेश संबंधों को और मजबूती मिलेगी।

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत और यूरोप के बीच आर्थिक साझेदारी को नए अवसर प्रदान करने के लिए यह बैठक महत्वपूर्ण साबित होगी। उन्होंने विश्वास जताया कि इस यात्रा से भारत और स्वीडन के संबंधों को नई गति मिलेगी।

## सीएनजी कीमतों में फिर एक रुपए की बढ़ोतरी




**एजेंसी, नई दिल्ली**

दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में संपीड़ित प्राकृतिक गैस (सीएनजी) की कीमतों में तीन दिन के भीतर दूसरी बार बढ़ोतरी की गई है। नई दरें रविवार से लागू हो गई हैं। ताजा बढ़ोतरी के बाद दिल्ली में सीएनजी एक रुपये प्रति किलोग्राम महंगी होकर 80.09 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई है।

इससे पहले 15 मई को गैस कंपनियों ने सीएनजी की कीमतों में दो रुपये प्रति किलोग्राम की वृद्धि की थी। लगातार दूसरी बढ़ोतरी के साथ तीन दिनों में सीएनजी कुल तीन रुपये प्रति किलोग्राम महंगी हो चुकी है।

इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड (आईजीएल) द्वारा जारी नई दरों के अनुसार नोएडा और गाजियाबाद में सीएनजी की कीमत बढ़कर 88.70 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई है। वहीं, मुंबई में सीएनजी लगभग 84 रुपये प्रति किलोग्राम के भाव पर बिक रही है।

उल्लेखनीय है कि हाल ही में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में भी तीन रुपये प्रति लीटर तक की वृद्धि हुई थी।

## मुख्यमंत्री ने सुशासन तिहार के दौरान रायगढ़ में एफएसएल लैब का किया शुभारंभ

- स्थानीय स्तर पर होगी वैज्ञानिक जांच, अपराध अनुसंधान को मिलेगी नई दिशा
- अत्याधुनिक मोबाइल फॉरेंसिक यूनिट से सशक्त होगी पुलिस विवेचना

**एजेंसी, रायपुर**



सुशासन तिहार के अवसर पर मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने रायगढ़ के राजामहल के पास क्षेत्रीय न्यायिक विज्ञान प्रयोगशाला (एफएसएल लैब) का विधिवत शुभारंभ किया। इस अत्याधुनिक प्रयोगशाला के शुरू होने से रायगढ़, सक्ती और सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिलों की पुलिस जांच व्यवस्था को बड़ी मजबूती मिलेगी। अब हत्या, दुष्कर्म, आत्महत्या और एनडीपीएस जैसे गंभीर मामलों की वैज्ञानिक जांच के लिए नमूनों को बिलासपुर भेजने की आवश्यकता काफी हद तक समाप्त हो जाएगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार कानून व्यवस्था को आधुनिक तकनीक और वैज्ञानिक जांच प्रणाली से मजबूत बनाने के लिए लगातार कार्य कर रही है। आज के समय में अपराधों की जांच केवल पारंपरिक तरीकों से संभव नहीं है। वैज्ञानिक साक्ष्य और फॉरेंसिक जांच अपराधियों तक पहुंचने का सबसे प्रभावी माध्यम बन चुके हैं। रायगढ़ में इस अत्याधुनिक प्रयोगशाला के शुरू होने से पुलिस को बड़ी सुविधा मिलेगी और अपराध अनुसंधान अधिक प्रभावी होगा।

वित्त मंत्री ओ.पी.चौधरी ने क्षेत्रीय न्यायिक विज्ञान प्रयोगशाला के शुभारंभ को रायगढ़ जिले के लिए ऐतिहासिक कदम बताते हुए कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रदेश में कानून व्यवस्था को आधुनिक तकनीक और वैज्ञानिक संसाधनों से मजबूत किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि रायगढ़ में एफएसएल लैब शुरू होने से अपराध जांच की प्रक्रिया तेज, पारदर्शी और प्रभावी बनेगी। अब स्थानीय स्तर पर ही वैज्ञानिक परीक्षण होने से पुलिस को समय पर जांच रिपोर्ट मिलेगी और पीड़ितों को जल्द न्याय मिल सकेगा।

## अश्विनी वैष्णव ने बेंगलुरु-मुंबई एक्सप्रेस को दिखाई हरी झंडी, जल्द शुरू होगी वंदे भारत स्लीपर सेवा

**एजेंसी, नई दिल्ली**

केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने रविवार को बेंगलुरु-मुंबई एक्सप्रेस रेल सेवा को आभासी माध्यम से हरी झंडी दिखाई। उन्होंने कहा कि इससे कर्नाटक और महाराष्ट्र के बीच रेल संपर्क को मजबूती मिलेगी। इस दौरान उन्होंने घोषणा की कि बेंगलुरु और मुंबई के बीच वंदे भारत स्लीपर सेवा जल्द शुरू की जाएगी।

अश्विनी वैष्णव ने कहा कि दक्षिण और उत्तर कर्नाटक की लंबे समय से लंबित मांगों को अब पूरा किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पिछले वर्षों में रेलवे के लिए बजट आवंटन में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है, जिससे कर्नाटक में रेल परियोजनाओं के कार्य तेजी से आगे बढ़ रहे हैं।

उन्होंने कहा कि अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत कर्नाटक के 61 रेलवे स्टेशनों का



2,160 करोड़ रुपये की लागत से पुनर्विकास किया जा रहा है। इनमें से 9 स्टेशनों का कार्य पूरा हो चुका है। बेंगलुरु कैंटोनमेंट स्टेशन का 485 करोड़ रुपये तथा यशवंतपुर स्टेशन का 367 करोड़ रुपये की लागत से पुनर्विकास किया जा रहा है।

रेल मंत्री ने कहा कि वर्ष 2014 के बाद से कर्नाटक में लगभग 1,750 किलोमीटर नई रेल लाइनें बिछाई गई हैं। हासन-मंगलुरु खंड में जटिल विद्युतीकरण कार्य भी पूरा कर लिया गया है और परीक्षण जारी है।

उन्होंने कहा कि बेंगलुरु उपनगरीय रेल परियोजना के चारों गलियारों पर कार्य चल रहा है। बैयप्पनहल्ली-चिक्कबनावरा और हीलालिगे-राजनुकुंटे गलियारों में भूमि अधिग्रहण पूरा हो चुका है तथा स्टेशनों का निर्माण कार्य जारी है। केएसआर बेंगलुरु-देवनहल्ली मार्ग को राज्य सरकार और रेलवे की संयुक्त मंजूरी मिल चुकी है और भू-तकनीकी सर्वेक्षण पूरा हो गया है। केंगेरी-व्हाइटफील्ड मार्ग को भी हाल में स्वीकृति मिली है।

अश्विनी वैष्णव ने कहा कि कर्नाटक में इस समय 12 जोड़ी वंदे भारत रेलगाड़ियां संचालित हो रही हैं। बेंगलुरु-मंगलुरु मार्ग पर परीक्षण चल रहा है, जिससे तटीय क्षेत्रों तक संपर्क और बेहतर होगा। बेंगलुरु को हैदराबाद और चेन्नई से जोड़ने वाले बुलेट रेल गलियारों को भी मंजूरी मिल चुकी है।




### मप्र की धार भोजशाला में पूजा-पाठ शुरू, गोमूत्र से शुद्धिकरण

# गर्भगृह में मां वाग्देवी की महाआरती कर श्रद्धालुओं ने किए दर्शन

**एजेंसी, भोपाल/धार**

मध्य प्रदेश के धार जिले की ऐतिहासिक भोजशाला में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) की नई गाइडलाइन लागू होने के साथ ही एक नई शुरुआत हो गई । रविवार सुबह नई व्यवस्था के तहत भोजशाला परिसर में विधि-विधान से पूजा-अर्चना शुरू की गई। इस ऐतिहासिक पल के गवाह बनने के लिए सूर्योदय के साथ ही बड़ी संख्या में हिंदू श्रद्धालु और भोज उत्सव समिति के कार्यकर्ता हाथों में मां वाग्देवी के चित्र लेकर भोजशाला पहुंचे। पूजा की शुरुआत से पहले पूरे परिसर और गर्भगृह को गोमूत्र छिड़ककर पवित्र व शुद्ध किया गया। इसके बाद गर्भगृह को रंगोली और फूलों से बेहद आकर्षक ढंग से सजाया गया।



इस दौरान बरसों पुरानी परंपरा को निभाते हुए भोजशाला परिसर के बाहर स्थित ज्योति मंदिर की अखंड ज्योत को गर्भगृह में लाकर स्थापित किया गया और सूर्य भगवान की पहली किरण के साथ ही पूरा परिसर मंत्रोच्चार से गूंज उठा। कई भक्तों ने नृत्य कर अपनी खुशी व्यक्त की । इससे पहले शनिवार शाम केंद्रीय राज्यमंत्री सावित्री ठाकुर और मांडू के संत महामंडलेश्वर निसर्ग दास जी महाराज भोजशाला पहुंचे और पूजा-अर्चना की।

उनके साथ ही धार कलेक्टर राजीव रंजन मीना और एसपी सचिन शर्मा ने भी व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए मां वाग्देवी के दर्शन किए। इस मौके पर केंद्रीय राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर ने देश और प्रदेशवासियों को बधाई देते हुए कहा कि पहले यहां शुक्रवार के दिन हमेशा सुरक्षा और तनाव का माहौल बना रहता था, लेकिन अब नई गाइडलाइन के बाद स्थितियां पूरी तरह सामान्य हो गई हैं। अब कोई भी श्रद्धालु बिना किसी डर या बंदिश के किसी भी दिन आकर शांति से दर्शन कर सकता है।

## तेलंगाना के यादाद्री थर्मल पावर स्टेशन में भीषण आग, मुख्य उपकरण क्षतिग्रस्त

**एजेंसी, हैदराबाद**

राज्य के नलगोंडा स्थित यादाद्री अल्ट्रा मेगा थर्मल पावर स्टेशन में भीषण आग लग गई। इसमें अभी तक किसी जानहानि की सूचना नहीं है। कर्मचारियों की सतर्कता से आग पर काबू पा लिया गया है।तेलंगाना पावर जेनेरेशन कार्पोरेशन ने घटना की जांच के आदेश दिए हैं।



बताया गया कि रविवार को यादद्री अल्ट्रा मेगा थर्मल पावर स्टेशन (वाईएटीपी) के संयंत्र में यूनिट 3 के स्थान पर टरबाइन-चालित बॉयलर फीड पंप के पास आग भड़की थी। आग लगते ही संयंत्र में काम कर रहे कर्मचारी और अधिकारी अपनी जान बचाने के लिए वहां से भाग निकले। हालांकि, संयंत्र के कर्मचारियों की सतर्कता से आग पर काबू पा लेने के कारण टरबाइन और बॉयलर सहित मुख्य उपकरण आग की चपेट में आने से बच गए। प्रारंभिक जांच में यह पता चला है कि पंप में लुब्रिकेशन ऑयल के रिसाव के कारण आग लगी थी।

## होर्मुज से गुजरने वाले जहाजों के लिए नया तंत्र लागू करने की तैयारी में ईरान, टोल वसूलने की योजना

**एजेंसी, तेहरान**

ईरान होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने वाले व्यापारिक जहाजों को नियंत्रित करने की योजना का जल्द खुलासा करेगा। जिसमें इन जहाजों से टोल वसूलने का प्रस्ताव भी शामिल है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने चेतावनी दी है कि ईरान को बुरे दौर का सामना करना पड़ेगा। जिसपर पलटवार करते हुए ईरान की संसद के स्पीकर मोहम्मद बाघर गालिबफ ने कहा है कि दुनिया नई व्यवस्था की दहलीज पर खड़ी है।

अल जजीरा और तस्नीम न्यूज एजेंसी की रिपोर्ट में ईरान ने ताजा मंसूबों का खुलासा किया गया है। ईरान ने कहा है कि अब अमेरिकी हथियारों की खेप को होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने की अनुमति नहीं दी जाएगी। ईरान



के उपराष्ट्रपति मोहम्मद रजा आरिफ़ ने कहा है कि तेहरान होर्मुज पर अपने संप्रभुता के अधिकार को छोड़ कर पहले ऐसी गलती कर चुका है, अब दोबारा ऐसा नहीं होगा।

ईरान ने देश की जनता को युद्ध और आर्थिक नुकसान के लिए तैयार रहने के लिए आगाह किया है। विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा है कि बातचीत पटरी से उतर चुकी है। ईरान अब अमेरिका के साथ सीधे सैन्य संघर्ष के लिए तैयार है। अराघची ने यह भी चेतावनी दी कि ईरान पर थोपे गए युद्ध का असर अमेरिकी परिवारों पर भी पड़ रहा है।

### कजाकिस्तान ने मावनीय मदद भेजी

कजाकिस्तान ने ईरान को मानवीय मदद भेजी है। कजाकिस्तान के राष्ट्रपति के आदेश पर भेजी गई इस खेप में डिब्बाबंद मांस, चीनी, आटा, मेडिकल उपकरण और दवाएं शामिल है। यह मदद सरख्स रेलवे स्टेशन पर ईरानी रेड क्रिसेंट सोसाइटी को सौंपी गई। ईरान में कजाकिस्तान के राजदूत ओंटालप ओनालबायेव ने कहा कि ईरान कजाकिस्तान का महत्वपूर्ण राजनीतिक, आर्थिक और मानवीय साझेदार है।

# सरगुजा पुलिस ने रायपुर में दबिश देकर अपहृत नाबालिग को छुड़ाया, आरोपित गिरफ्तार

**अंबिकापुर, प्रतिदिन राजधानी**



सरगुजा पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए रायपुर से एक अपहृत नाबालिग बालिका को सकुशल बरामद कर लिया है। थाना मणिपुर पुलिस की टीम ने आरोपित के ठिकाने पर औचक दबिश देकर बालिका को अपने कब्जे में लिया और वैधानिक औपचारिकताओं के बाद सुरक्षित परिजनों को सौंप दिया। पुलिस की इस त्वरित और प्रभावी कार्रवाई से सहमे हुए परिजनों ने आखिरकार राहत की सांस ली है। यह पूरा मामला तब शुरू हुआ जब पीड़ित पिता ने थाना मणिपुर में शिकायत दर्ज कराई थी कि उनकी नाबालिग बेटी बीते 17 फरवरी 2026 की दोपहर करीब ढाई बजे बिलासपुर चौक जाने की बात कहकर घर से निकली थी। जब वह देर शाम तक वापस नहीं लौटी, तो परिजनों ने उसकी खोजबीन शुरू की। आस-पड़ोस और रिश्तेदारों में काफी पतासाजी करने के बाद भी जब उसका कहीं सुराग नहीं मिला, तो परिजनों ने पुलिस की शरण ली। प्रार्थी की रिपोर्ट पर मणिपुर थाना पुलिस ने तत्काल तत्परता दिखाते हुए अपराध क्रमांक 47/2026 के तहत भारतीय न्याय संहिता (ब्न्हर) की धारा 137(2), 64(2)ह और पॉक्सो एक्ट की धारा 4 व 6 के अंतर्गत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू की।

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस टीम लगातार अपहृत बालिका की तलाश में जुटी हुई थी। इसी बीच मुखबिर से एक सटीक सूचना मिली कि आरोपित विजय पोर्ते रायपुर के उरला थाना क्षेत्र अंतर्गत बिरगांव स्थित किसान राइस मिल के पास छिपा हुआ है। सूचना की तस्दीक करते हुए पुलिस टीम ने तत्काल बताए गए ठिकाने पर योजनाबद्ध तरीके से दबिश दी। वहां से पुलिस ने आरोपित के चंगुल से नाबालिग बालिका को सुरक्षित बरामद कर लिया। हिरासत में लिए जाने के बाद जब आरोपित से घटना के संबंध में कड़ी पूछताछ की गई, तो उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। आरोपी विजय पोर्ते (24 वर्ष), जो कि पटोरा खालपारा (थाना लुंड्रा) का निवासी है, के खिलाफ अपराध के पुख्ता सबूत मिलने पर पुलिस ने उसका मेडिकल परीक्षण कराया। इसके बाद 17 मई 2026 को उसे विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।

# रायपुर पुलिस कमिश्नरेट सिंधी काउंसिल एवं एम एम आई के संयुक्त तत्वाधान में नि:शुल्क स्वास्थ जांच शिविर 20 से



**रायपुर, प्रतिदिन राजधानी**

निशुल्क स्वास्थ जांच शिविर 20 मई से 30 मई एम एम आई हॉस्पिटल रायपुर में आयोजित किया जा रहा है जिसका आज रायपुर पुलिस कमिश्नर डॉ संजीव शुक्ला के द्वारा पोस्टर विमोचन किया गया सिंधी काउंसिल के प्रदेश अध्यक्ष ललित जैसिंघ ने बताया 600 पुलिस कर्मी इस शिविर का लाभ लेंगे और बारह प्रकार की टेस्ट निशुल्क की जाएगी इस अवसर पर एम एम आई हॉस्पिटल के सतनाम सिंह हरप्रीत सिंह उपस्थित थे साथ में पुलिस विभाग से अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त तारकेश्वर पटेल एवम अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त अर्चना झा जी साथ में सिंधी काउंसिल टीम से विक्की लोहाना सुनील कुकरेजा जीतू लोहाना निलेश तारवानी रितेश वाधवा उपस्थित थे।



# छोटा हाथी से ट्रैक्टर की ट्रॉली उड़ाने वाले तीन शातिर चोर गिरफ्तार

**अंबिकापुर, प्रतिदिन राजधानी**



सरगुजा जिले के गांधीनगर थाना क्षेत्र में सक्रिय अज्ञात चोरों के हौसले पस्त करते हुए पुलिस टीम ने ट्रैक्टर की ट्रॉली चोरी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए न केवल चोरी गई ट्रॉली बरामद की है, बल्कि वारदात में इस्तेमाल किए गए 'छोटा हाथी' वाहन समेत तीन आरोपितों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। यह पूरा मामला गोधनपुर क्षेत्र का है, जहां रहने वाले अमित कुमार ठाकुर के घर के पीछे खड़ी ट्रैक्टर की ट्रॉली को बीते 9 मई 2026 को अज्ञात चोरों ने पार कर दिया था। पीड़ित की शिकायत पर गांधीनगर पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता (ब्न्हर) की संबंधित धाराओं के तहत अपराध दर्ज कर मामले को तफ्तीश में लिया।

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस टीम ने घटनास्थल के आस-पास के लोगों से पूछताछ शुरू की और क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले। इस दौरान पुलिस को एक महत्वपूर्ण सुराग हाथ लगा, जिसमें चोर एक अशोक लीलैंड कंपनी के 'छोटा हाथी' वाहन में ट्रैक्टर की ट्रॉली को बांधकर ले जाते हुए दिखाई दिए। सीसीटीवी फुटेज और पुख्ता इनपुट के आधार पर पुलिस ने संदेह के घेरे में आए ककना निवासी ब्रिजभूषण उर्फ बिरजु गिरी को हिरासत में लेकर कड़ाई से पूछताछ की।

पुलिसिया पूछताछ के आगे आरोपित ज्यादा देर टिक नहीं सका और उसने अपने दो अन्य साथियों, फुलचंद गिरी और नन्दू उर्फ नन्दकिशोर पैकरा के साथ मिलकर गोधनपुर से ट्रैक्टर की ट्रॉली चोरी करने की बात कबूल कर ली। आरोपितों की निशानदेही पर पुलिस ने चोरी गई ट्रैक्टर ट्रॉली और वारदात में इस्तेमाल किए गए छोटा हाथी वाहन (क्रमांक यूपी 64 एटी 8637) को जब्त कर लिया है। अपराध साबित होने पर पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर 17 मई 2026 को न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है।

## पेट्रोल पंप के मैनेजर की पिटाई करने वाले पांच अरोपित गिरफ्तार

**जगदलपुर।** जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र पेट्रोल-डीजल की किल्लत के बीच आज रविवार को एक पेट्रोल पंप के मैनेजर से बाइक में सिर्फ 200 रुपये का पेट्रोल डालने पर युवक ने नाराजगी जताई। जिसके बाद पंप के मैनेजर से बहस हो गई। विवाद इतना बढ़ गया कि युवक ने अपने दोस्तों को बुलाकर मैनेजर को पीट डाला। वहीं पुलिस ने 5 आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार शहर के एयरपोर्ट मार्ग पर स्थित एक पेट्रोल पंप में अतिरिक्त पेट्रोल देने से इनकार करने पर यह विवाद हुआ । पेट्रोल पंप संचालकों ने पेट्रोल की किल्लत देखते हुए प्रति बाइक 200 रुपये का पेट्रोल डालने का स्वत: ही निर्णय ले लिया था। वहीं जब एक युवक पेट्रोल डलवाने पहुंचा तो वो बाइक का टैंक फूल करवाना चाह रहा था। लेकिन मैनेजर ने 200 रुपये से ज्यादा का पेट्रोल डालने से मना कर दिया था। इसी बात पर दोनों के बीच विवाद बढ़ा। जिसके बाद युवक वहां से चला गया, कुछ देर बाद अपने अन्य साथियों को लेकर पहुंचा। करीब 5 से 7 युवकों ने मिलकर मैनेजर अंकित अग्रवाल की बेदम पिटाई कर दी। वहीं मैनेजर ने सिटी कोतवाली थाना पहुंचकर इस मामले की लिखित शिकायत की। जिसके बाद पुलिस ने एक्शन लिया और 5 आरोपितों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मामले की सिटी कोतवाली थाना प्रभारी लीलाधर राठौर ने कहा कि, पुलिस ने त्वरित कार्रवाई की। घटना की जानकारी मिलते ही एक घंटे से भी कम समय में आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

# चौपाटी में स्थायी कब्जे पर प्रशासन की कार्रवाई करीब एक दर्जन ठेले जब्त कर थाने भेजे गए

**बलरामपुर, प्रतिदिन राजधानी**



बलरामपुर जिले के रामानुजगंज स्थित चौपाटी में वर्षों से स्थायी रूप से ठेला लगाकर कब्जा जमाए व्यवसायियों पर रविवार को प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की। राजस्व विभाग, पुलिस और नगरपालिका की संयुक्त टीम ने चौपाटी पहुंचकर स्थायी रूप से रखे गए ठेलों को हटवाया। कार्रवाई के दौरान चौपाटी क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। जानकारी के अनुसार, रामानुजगंज नगरपालिका द्वारा करीब एक दशक पहले छोटे व्यवसायियों के रोजगार के लिए चौपाटी का निर्माण कराया गया था। यहां ठेला लगाकर व्यवसाय करने की अनुमति दी गई थी, लेकिन समय के साथ कई व्यवसायियों ने इसे स्थायी जगह मान लिया और अपने ठेले वहीं स्थायी रूप से खड़े कर दिए। इसके चलते चौपाटी के भीतर जगह कम पड़ने लगी और कई दुकानदारों ने बाहर सड़क किनारे ठेला लगाना शुरू कर दिया।

चौपाटी के बाहर अंबिकापुर रोड पर ठेले लगने से लगातार जाम की स्थिति बन रही थी। साथ ही सड़क दुर्घटनाओं की आशंका भी बढ़ गई थी। नगरपालिका प्रशासन ने पहले ही ठेला संचालकों को शाम के बाद अपने ठेले घर ले जाने के निर्देश दिए थे, लेकिन इसके बावजूद कई लोग रातभर ठेले चौपाटी परिसर में ही छोड़ रहे थे। लगातार मिल रही शिकायतों और यातायात बाधित होने की समस्या को देखते हुए रविवार को प्रशासन ने संयुक्त कार्रवाई की। इस दौरान लगभग एक दर्जन ठेलों को जब्त कर रामानुजगंज थाने में जमा कराया गया। कार्रवाई के बाद चौपाटी में हड़कंप की स्थिति बन गई।

# उषा राठौर के सपनों को 'बिहान' योजना से मिली उड़ान

**रायपुर, प्रतिदिन राजधानी**



ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने की दिशा में संचालित राज्य शासन की महत्वाकांक्षी ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान योजना गांव-गांव में बदलाव की नई कहानियां लिख रही है। इसी कड़ी में गौरेला विकासखंड के ग्राम लालपुर के आश्रित ग्राम मंदपुर निवासी उषा राठौर ने स्व सहायता समूह से जुड़कर अपनी जिंदगी को नई दिशा दी है। आज वे न केवल आत्मनिर्भर बनी हैं, बल्कि अपने परिवार की आर्थिक स्थिति को भी मजबूती प्रदान कर रही हैं। उषा राठौर सरस्वती महिला स्व सहायता समूह की सक्रिय सदस्य हैं। समूह से जुड़ने के बाद उन्हें आर्थिक सहयोग, प्रशिक्षण और व्यवसाय को आगे बढ़ाने का अवसर मिला। पहले वे छोटे स्तर पर दुकान संचालित करती थीं, जिससे सीमित आय होती थी और परिवार की जरूरतों को पूरा करना कठिन हो जाता था। लेकिन बिहान योजना के माध्यम से समूह से ऋण मिलने के बाद उन्होंने अपने व्यवसाय का विस्तार किया और कपड़े तथा किराना स्टोर्स की दुकानों का सफल संचालन शुरू किया।

उषा राठौर ने बताया कि स्व-सहायता समूह से जुड़ने के बाद उनके जीवन में बड़ा परिवर्तन आया है। अब उनके द्वारा संचालित दुकान से प्रतिमाह 10 से 12 हजार रुपए तक की नियमित आय हो रही है। इससे परिवार की आर्थिक स्थिति में सुधार आया है और बच्चों की पढ़ाई सहित घरेलू जरूरतों को पूरा करना आसान हो गया है। उषा ने बताया कि शासन की महतारी वंदन योजना से मिलने वाली राशि भी उनके लिए काफी सहायक साबित हो रही है। समय पर मिलने वाली इस सहायता राशि से घर की छोटी-छोटी जरूरतें आसानी से पूरी हो जाती हैं, जिससे परिवार को आर्थिक संबल मिला है।

उषा राठौर ने कहा कि ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान ने उन्हें आत्मविश्वास और आत्मनिर्भरता की नई पहचान दी है। उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि शासन की योजनाओं के कारण ग्रामीण महिलाओं को आगे बढ़ने और अपने पैरों पर खड़े होने का अवसर मिल रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं को संगठित कर आर्थिक रूप से सक्षम बनाने की दिशा में बिहान योजना प्रभावी भूमिका निभा रही है। उषा राठौर जैसी महिलाएं आज अन्य ग्रामीण महिलाओं के लिए प्रेरणा बनकर सामने आ रही हैं, जो मेहनत और आत्मविश्वास के बल पर सफलता की नई कहानी लिख रही हैं।

# आकाशीय बिजली गिरने से 10 मवेशियों की मौत

**बीजापुर, प्रतिदिन राजधानी**



जिले के भैरमगढ़ ब्लॉक की ग्राम पंचायत पोंदुम में शनिवार देर रात आकाशीय बिजली गिरने से 10 मवेशियों की मौत हो गई। देर रात तेज बारिश और गरज-चमक के बीच मवेशी एक स्थान पर बैठे हुए थे। इसी दौरान अचानक बिजली गिरी, जिससे मौके पर ही सभी 10 मवेशियों ने दम तोड़ दिया। सुबह ग्रामीणों ने मृत मवेशियों को देखा और इसकी सूचना पंचायत प्रतिनिधियों और प्रशासन को दी।

## पेट्रोल-डीजल के बढ़े दाम व आपूर्ति संकट के खिलाफ कांग्रेसियों ने किया प्रदर्शन



**धमतरी।** प्रदेश समेत जिले में पेट्रोल-डीजल की आपूर्ति प्रभावित है। ईंधन के लिए मारामारी मची हुई है। सुबह से लेकर रात तक पेट्रोल व डीजल के लिए लोगों की कतारें लग रही है। ऐसे समय में पेट्रोल-डीजल की कीमतें बढ़ाने और आपूर्ति संकट से आक्रोशित कांग्रेसियों ने रविवार को प्रदर्शन किया। सरकार से शीघ्र ही पेट्रोल-डीजल की कीमतों पर नियंत्रण करने तथा आम लोगों को पेट्रोल-डीजल की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित करने मांग की है। समस्याओं के समाधान नहीं होने पर कांग्रेसियों ने उग्र प्रदर्शन करने की चेतावनी दी है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश एवं जिला कांग्रेस कमेटी के मार्गदर्शन में ब्लाक कांग्रेस कमेटी कुरूद के द्वारा रविवार को कुरूद बायपास रोड स्थित स्टेट पेट्रोल पंप के सामने पेट्रोल-डीजल की बढ़ती कीमतों एवं कम आपूर्ति के विरोध में रविवार को कांग्रेसियों ने प्रदर्शन कर अपना विरोध दर्ज कराया गया।

**आम सूचना**

दिनांक: 16.05.2026

[illegible]

मेरे पक्षकार के निर्देशानुसार जारी।

भवदीय,
रजीत मिश्रा (अधिवक्ता)
(मेरे पक्षकार श्री विशाल सोम के लिए और उनके निर्देश पर)
मोबाइल - 76449-33333
स्थान: भिलाई

# डॉ. अभिमन्युस आयुर्वेद मल्टीस्पेशलिटी क्लिनिक का उद्घाटन

**रायगढ़ (प्रतिदिन राजधानी)**




नेहरू नगर में नई शाखा का आगाज, AYUSH संयुक्त संचालक डॉ. सुनील दास के करकमलों से हुआ उद्घाटन छत्तीसगढ़ की आयुर्वेद चिकित्सा में अग्रणी संस्था डॉ.अभिमन्युस आयुर्वेद मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल ने अपनी सेवाओं का विस्तार करते हुए भिलाई के नेहरू नगर (ईस्ट ) में नई मल्टीस्पेशलिटी क्लिनिक खोल ली है। इस नई शाखा का उद्घाटन ब्न्हर॥ विभाग, छत्तीसगढ़ के संयुक्त संचालक डॉ. सुनील दास के करकमलों से किया गया। समारोह में डॉ. अभिमन्यु साहू, संस्थापक एवं निदेशक ने कहा, रायपुर में सफल 20 बेडेड मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल के बाद भिलाई के मरीजों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए यह नई क्लिनिक शुरू की गई है। हमारा उद्देश्य प्राचीन आयुर्वेद की जड़ों पर आधारित, आधुनिक सुविधाओं वाली चिकित्सा उपलब्ध कराना है, खासकर जोड़ों के दर्द, स्पॉन्डिलाइटिस, साइटिका, न्यूरोलॉजिकल समस्याओं और पुरानी बीमारियों के रूट कारण का इलाज।डॉ. सुनील दास ने उद्घाटन के अवसर पर आयुर्वेद को बढ़ावा देने की सराहना की और कहा कि ऐसे प्रयास छत्तीसगढ़ में पारंपरिक चिकित्सा पद्धति को मजबूत बनाएंगे। उन्होंने डॉ. अभिममन्यु की टीम की सराहना करते हुए भविष्य में और सहयोग का आश्वासन दिया। क्लिनिक की खासियतेंआधुनिक आयुर्वेदिक उपचार सुविधाएं अनुभवी आयुर्वेद विशेषज्ञों की टीम पेन मैनेजमेंट, जोड़ों की समस्या, त्वचा रोग, बाल स्वास्थ्य और समग्र स्वास्थ्य सेवाएं रायपुर मुख्य अस्पताल के साथ समन्वय रायपुर के कमल विहार स्थित मुख्य अस्पताल के बाद भिलाई शाखा डॉ. अभिमन्यु आयुर्वेद ब्रांड का तीसरा बड़ा कदम है। स्थानीय नागरिकों में इस नई क्लिनिक को लेकर काफी उत्साह देखा जा रहा है।पता- नेहरू नगर ईस्ट, भिलाई, छत्तीसगढ़।संपर्क- मुख्य अस्पताल नंबर – 9522466664 7 6262222003 यह विस्तार छत्तीसगढ़ में आयुर्वेद को नई ऊंचाइयों पर ले जाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगा।

# सेंदरीमुंडा के बैशाखूपारा में हैंडपंप खनन से ग्रामीणों को मिली स्वच्छ पेयजल

**रायपुर, प्रतिदिन राजधानी**



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के संवेदनशील नेतृत्व और त्वरित प्रशासनिक कार्यशैली के परिणामस्वरूप जशपुर जिले के ग्राम पंचायत सेंदरीमुंडा के वार्ड क्रमांक 7 बैशाखूपारा की वर्षों पुरानी पेयजल समस्या का समाधान हो गया है। हैंडपंप खनन के बाद अब ग्रामीणों को घर के समीप ही स्वच्छ पेयजल उपलब्ध हो रहा है, जिससे पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है। बैशाखूपारा के निवासियों को लंबे समय से पेयजल के लिए दूरस्थ जलस्त्रोतों पर निर्भर रहना पड़ता था। विशेष रूप से महिलाओं, बुजुर्गों और बच्चों को गर्मी के मौसम में पानी लाने के लिए काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था।

समस्या के स्थायी समाधान के लिए उमेश यादव, संतोष देहरी एवं अन्य ग्रामवासियों ने मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत कर हैंडपंप खनन की मांग की थी। ग्रामीणों की समस्या को गंभीरता से लेते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर संबंधित विभाग ने त्वरित कार्रवाई करते हुए बैशाखूपारा में हैंडपंप खनन कार्य पूर्ण कराया। हैंडपंप से पानी निकलते ही ग्रामीणों के चेहरों पर खुशी झलक उठी। अब वार्ड क्रमांक 7 के परिवारों को स्वच्छ पेयजल के लिए दूर नहीं जाना पड़ता, जिससे समय और श्रम दोनों की बचत हो रही है। ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि शासन की संवेदनशील और जनहितैषी सोच के कारण उनकी वर्षों पुरानी समस्या का समाधान संभव हो सका। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय आम नागरिकों की समस्याओं के त्वरित समाधान का प्रभावी माध्यम बनकर उभरा है।

## पूर्व पार्षद अमित दास के निधन पर महापौर मीनल सभापति राठौड़ शोक व्यक्त की

रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)

विगत दिवस रायपुर नगर पालिक निगम के मोरेश्वर राव गद्रे वार्ड के पूर्व पार्षद श्री अमित दास के आकस्मिक निधन पर रायपुर नगर पालिक निगम की महापौर श्रीमती मीनल चौबे, सभापति श्री सूर्यकान्त राठौड़, रायपुर नगर निगम के पूर्व पार्षद अमित दास के आकस्मिक निधन पर महापौर श्रीमती मीनल चौबे, सभापति सूर्यकान्त राठौड़ सहित सभी एमआईसी सदस्यों, जोन अध्यक्षगणों, वार्ड पार्षदों ने गहन शोक संवेदना व्यक्त कीसभी एमआईसी सदस्यों, जोन अध्यक्षगणों, वार्ड पार्षदों ने गहन शोक संवेदना व्यक्त करते हुए परमपिता परमेश्वर के दिव्य श्रीचरणों में दिवंगत आत्मा को शान्ति प्रदान कर उनके समस्त परिवारजनों, सहयोगियों, मित्रों, इष्टगणों को इस असीम दु:ख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने हेतु सामूहिक विनम्र प्रार्थना की है.सहित सभी एमआईसी सदस्यों, जोन अध्यक्षगणों, वार्ड पार्षदों ने गहन शोक संवेदना व्यक्त कीसभी एमआईसी सदस्यों, जोन अध्यक्षगणों, वार्ड पार्षदों ने गहन शोक संवेदना व्यक्त करते हुए परमपिता परमेश्वर के दिव्य श्रीचरणों में कर उनके समस्त परिवारजनों, सहयोगियों, मित्रों, इष्टगणों को इस असीम दु:ख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने हेतु सामूहिक विनम्र प्रार्थना की है.सहित सभी एमआईसी पार्षदों ने गहन शोक संवेदना व्यक्त ने में दिवंगत आत्मा को शान्ति इष्टगणों को इस असीम दु:ख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने हेतु सामूहिक विनम्र प्रार्थना की है।

# विधायक मूणत और महापौर ने विकास कार्यों का भूमिपूजन कर दी सौगात

**पश्चिम विधायक राजेश मूणत और महापौर मीनल चौबे ने नगर निगम जोन 8 के वार्ड 70 क्षेत्र पुराना बाजार चौक सरोना में अधोसंरचना मद से 20 लाख में नवनिर्मित सामुदायिक भवन लोकर्पित और 70 लाख में नई सीसी रोड, नाली, पुलिया, विविध नए विकास कार्यों का भूमिपूजन कर नागरिकों को दी अनुपम सौगात**



रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)

–आज रायपुर पश्चिम विधायक और प्रदेश के पूर्व केबिनेट मन्त्री श्री राजेश मूणत ने रायपुर नगर पालिक निगम की महापौर श्रीमती मीनल चौबे सहित रायपुर पश्चिम विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत रायपुर नगर निगम जोन 8 के तहत संत रविदास वार्ड क्रमांक 70 के क्षेत्र के तहत पुराना बाजार चौक सरोना में अधोसंरचना मद से 20 लाख रूपये की स्वीकृत लागत से नवनिर्मित नवीन सामुदायिक भवन का फीता काटकर और 70 लाख रूपये की स्वीकृत लागत से वार्ड 70 क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर नई सीसी रोड, नाली, पुलिया सहित अन्य विविध नए विकास कार्य शीघ्र करवाने नगर निगम लोक कर्म विभाग अध्यक्ष श्री दीपक जायसवाल, जोन 8 जोन अध्यक्ष श्री प्रीतम सिंह ठाकुर, संत रविदास वार्ड क्रमांक 70 के पार्षद श्री अर्जुन यादव, मण्डल अध्यक्ष श्री विशेष शाह सहित नगर निगम जोन 8 जोन कमिश्नर श्रीमती राजेश्वरी पटेल, कार्यपालन अभियंता श्री अतुल चोपड़ा सहित महिलाओं, गणमान्यजनों, सामाजिक कार्यकर्त्ताओं, नवयुवकों, आमजनों, वार्डवासियों की उपस्थिति में श्रीफल फोड़कर एवं कुदाल चलाकर भूमिपूजन कर नागरिकों को अनुपम सौगात दी.नया सामुदायिक भवन उपलब्ध होने पर सरोना और उसके आसपास क्षेत्र के रहवासी नागरिकों को अपने सामाजिक, घरेलू, सांस्कृतिक, विविध आयोजन करवाने में सुविधा सहज प्राप्त हो गयी है.

रायपुर पश्चिम विधायक श्री राजेश मूणत और महापौर श्रीमती मीनल चौबे ने वार्ड 70 क्षेत्र में पुराना बाजार चौक सरोना में नगरिकों को 20 लाख की लागत से निर्मित नए सामुदायिक भवन के लोकार्पण पर हार्दिक बधाई दी और नागरिकों से उसके संधारण में और स्वच्छ बनाये रखने सकारात्मक सहयोग देने की विनम्र अपील की.

रायपुर पश्चिम विधायक श्री राजेश मूणत और महापौर श्रीमती मीनल चौबे ने नागरिकों से वार्ड को स्वच्छ रखने और गर्मी में पेयजल की बचत करने घरों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग करवाने की अपील की.

रायपुर पश्चिम विधायक श्री राजेश मूणत और महापौर श्रीमती मीनल चौबे ने जोन 8 जोन कमिश्नर और कार्यपालन अभियंता को तत्काल स्वीकृति अनुसार 70 लाख में नई सीसी रोड, नाली, पुलिया, अन्य विविध नए विकास कार्य प्रारम्भ करवाकर तय समयसीमा में सतत मॉनिटरिंग करते हुए गुणवत्तापूर्ण तरीके से जनहित में जनसुविधा विस्तार हेतु पूर्ण करवाना सुनिश्चित करने निर्देशित किया. वार्डपार्षद श्री अर्जुन यादव ने संत रविदास वार्ड क्रमांक 70 के क्षेत्र में पुराना बाजार चौक सरोना में 20 लाख की स्वीकृत लागत से नए सामुदायिक भवन का लोकार्पण और 70 लाख के नवस्वीकृत विकास कार्यों का भूमिपूजन करने पर समस्त वार्डवासियों की ओर से रायपुर पश्चिम विधायक श्री राजेश मूणत और रायपुर नगर पालिक निगम की महापौर श्रीमती मीनल चौबे को हार्दिक धन्यवाद दिया.

## रामकी कम्पनी प्रबंधन -हड़ताली ठेका सफाई कर्मचारियों के मध्य वार्ता में सहमति कायम



रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)

### आज से हड़ताली ठेका सफाई कर्मचारी काम पर लौटेंगे

आज रायपुर नगर पालिक निगम क्षेत्र की अनुबंधित सफाई एजेंसी रामकी कम्पनी प्रबंधन के प्रतिनिधियों और रामकी कम्पनी प्रबंधन के हड़ताली ठेका सफाई कर्मचारियों के प्रतिनिधियों के मध्य वार्ता हुई और यह वार्ता सौहार्दपूर्ण वातावरण के मध्य हुई. वार्ता के दौरान रायपुर जिला प्रशासन, रायपुर पुलिस प्रशासन, श्रम विभाग, तहसीलदार रायपुर, रायपुर नगर पालिक निगम के अधिकारियों की उपस्थिति रही.

दी गयी जानकारी के अनुसार इस वार्ता में रामकी कम्पनी प्रबंधन के प्रतिनिधियों और हड़ताली ठेका सफाई कर्मचारियों के प्रतिनिधियों के मध्य सहमति कायम होने और कल दिनांक 17 मई 2026 को सुबह से अपने कार्य पर वापस लौटने की जानकारी नगर पालिक निगम रायपुर के अधिकारियों को अनुबंधित सफाई एजेंसी रामकी कम्पनी के प्रतिनिधियों द्वारा दी गयी है.

## सुशासन तिहार शिविर : महाराष्ट्रीयन तेली समाज भवन अश्विनी में लगाया जायेगा

रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)

छत्तीसगढ़ राज्य के मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व और उप मुख्यमंत्री नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग श्री अरुण साथ के मार्गदर्शन में नगरीय निकाय क्षेत्र अंतर्गत रायपुर नगर पालिक निगम के सभी 10 जोनों के विभिन्न 10 स्थानों पर सुशासन तिहार 2026 के अंतर्गत जनसमस्या निवारण शिविर लगाये जायेंगे। इस हेतु छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार राज्य नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग और रायपुर जिला प्रशासन के मार्गनिर्देशन में रायपुर नगर पालिक निगम के सभी 10 जोनों में सुशासन विहार 2026 अंतर्गत जनसमस्या निवारण शिविर आयोजन की प्रशासनिक कार्यवाही प्रगति पर है।

रायपुर दक्षिण एवं रायपुर पश्चिम विधानसभा क्षेत्र में नगर निगम जोन 5 क्षेत्र में वार्ड कमांक 39, 40, 41, 42, 66, 67 एवं 68 में दिनांक 18 मई 2026 को महाराष्ट्रीयन तेली समाज भवन अश्वनी नगर में तीसरा सुशासन तिहार शिविर लगाया जायेगा. इसी क्रम में रायपुर पश्चिम एवं रायपुर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत नगर निगम जोन के वार्ड क्रमांक 3, 4, 5, 15, 16, 17, 18 हेतु 19 मई को मारुती मंगलम भवन गुबियारी में, रायपुर दक्षिण विधानसभा क्षेत्र में नगर निगम जोन 6 के वार्ड क्रमांक 58, 59, 60, 61, 62, 63 एवं 65 हेतु 20 मई 2026 को संजय यादव स्कूल संजय नगर में, रायपुर उत्तर एवं रायपुर पश्चिम विधानसमा क्षेत्र में नगर निगम जोन 2 के वार्ड कमांक 6, 13, 14, 26, 27, 28 एवं 35 हेतु 22 मई को शहीद स्मारक भवन जीई रोड में, रायपुर पश्चिम एवं रायपुर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में नगर निगम जोन 8 के वार्ड कमांक 1, 2, 19, 20, 21. 69 एवं 70 हेतु 25 मई को अग्रसेन भवन टाटीबंध में, रायपुर पश्चिम विधानसभा क्षेत्र में नगर निगम जोन 7 अंतर्गत वार्ड कमांक 22, 23, 24, 25, 36, 37 एवं 38 क्षेत्र हेतु दिनांक 28 मई को पंडित दीनदयाल उपाध्याय आडिटोरियम में, रायपुर ग्रामीण, रायपुर उत्तर एवं धरसींवा विधानसभा क्षेत्र में नगर निगम जोन 9 के वार्ड क्रमांक 7, 8, 9, 10, 11, 32 एवं 51 हेतु 29 मई को गारमेंट फैक्टरी पॉम बेलाजियों के सामने, रायपुर ग्रामीण एवं रायपुर दक्षिण विधानसभा क्षेत्र में नगर निगम जोन 10 के वार्ड क्रमांक 49, 50, 52, 53, 54, 55 एवं 56 में दिनांक 5 जून 2026 को देवपुरी धर्मशाला (गुरुद्वारा) कमल विहार गेट के पास जनसमस्या निवारण शिविर का सुशासन तिहार 2026 अंतर्गत रायपुर नगर निगम क्षेत्र में जोनवार आयोजन रखा गया है। नगर निगम रायपुर में जोनवार जनसमस्या निवारण शिविर आयोजन हेतु संबंधित जोन कमिश्नर को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। नोडल अधिकारी शिविर के आयोजन हेतु उत्तरदायी होंगे। आम जनता से उनकी समस्याओं के संबंध में शिविर स्थलों में प्रात: 11 बजे से अपरान्ह 1 बजे तक आवेदन प्राप्त किये जायेंगे। जनसमस्या निवारण शिविर में रायपुर नगर पालिक निगम सहित ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, राजस्व, कृषि, उद्यानिकी, मत्स्य पालन, पशुधन विकास, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, महिला एवं बाल विकास, ईडीएम, श्रम विभाग आदि हितग्राहीमूलक योजनाओं से संबंधित सर्व विभाग भी उपस्थित रहेंगे।

निर्देश दिये गये है कि सुशासन तिहार के सफाई और सुव्यवस्थित संचालन हेतु आवश्यक अग्रिम तैयारी सुनिश्चित की जाये और अभियान को जन आंदोलन का रूप देते हुए अधिकतम जनभागीदारी सुनिश्चित की जाये। जिससे शासन की योजनाओं का व्यापक लाभ नागरिको को प्राप्त हो सके। विभिन्न शासकीय योजनाओं के संबंध में व्यापक जनजागरूकता सुनिश्चित करने शिविर में पात्र हितग्राहियों को लाभ वितरण किये अधिकतम 1 माह में निराकरण सुनिश्चित किये जाने, प्रत्येक आवेदक को उनके आवेदन के निराकरण की सूचना अनिवार्य जनप्रतिनिधियों को सूचना उपलब्ध कराना टेबल, पेयजल हेतु घडे आदि की व्यवस्था एवं पानी पिलाने वाले कर्मचारी सहित अन्य की व्यवस्था सुनिश्चित किये ।

## सुशासन तिहार: जनसमस्या निवारण शिविर में 519 आवेदन एवं जोन 4 लोक कर्म विभाग को 91 आवेदन प्राप्त हुए

रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)



आज रायपुर उत्तर और रायपुर दक्षिण विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत नगर पालिक निगम रायपुर जोन क्रमांक 4 अंतर्गत सभी 7 वार्डों के लिए सरदार बलवीर सिंह जुनेजा इंडोर स्टेडियम बूढ़ापारा में सुशासन तिहार 2026 अंतर्गत जनसमस्या निवारण शिविर में निर्धारित प्रात: 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक नागरिको से उनकी मांगो व शिकायतो की जानकारी लेकर दर्ज की गई।

आज सुशासन तिहार शिविर में नागरिकों से 334 मांगे 185 शिकायतें कुल 519 आवेदन प्राप्त हुए। इसमें पेंशन शाखा को पेंशन के 2 नवे आवेदन, जल विभाग को 71 शिकायतें, 29 नवीन नल कनेक्शन आवेदन, 11 अन्य मांग, नगर निवेश विभाग को अतिक्रमण पर 1 मांग, 6 शिकायत, अन्य 16 मांग / शिकायत, राजस्व विभाग को 6 मांग, उद्यान विभाग को 2 मांग, 1शिकायत, जोन क्रमांक 4 लोक कर्म विभाग को 79 मांग, 12 शिकायत , कुल 91 आवेदन प्राप्त हुए, प्रधानमंत्री आवास योजना में 53 मांग, 5 शिकायत कुल 58 आवेदन प्राप्त हुए, महिला एवं बाल विकास विभाग को 7 आवेदन मिले, जबकि श्रम विभाग मजदूर कार्ड शाखा को 18 और समाज कल्याण विभाग को 11 आवेदन, एसडीएम कार्यालय, राजस्व / नजूल विभाग को 14,सीएसईबी को 27 आवेदन, उज्जवला योजना हेतु 13 आवेदन, परिवहन विभाग को 15, पुलिस प्रशासन को 10 और एनयूएलएम हेतु 14 आवेदन प्राप्त हुए।

छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार निर्धारित समयसीमा एक माह के भीतर प्राप्त सभी 519 आवेदनों का समाधान कर संबंधित समस्त आवेदकों को समाधान की सूचना अनिवार्य रूप से देने कार्यवाही की जायेगी। रायपुर जिले के सभी संबंधित शासकीय विभागो के सम्बंधित अधिकारियों को आवेदन पत्र प्रेषित कर उनके तय समयसीमा के भीतर समाधान की कार्यवाही नगर निगम जोन 4 द्वारा तत्काल प्रारंभ कर दी गई है।

## आयुक्त संबित मिश्रा ने अधिकारियों को राजस्व वसूली तेज करने एवं सघन सफाई करवाने दिये अनेक निर्देश

रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)



रायपुर नगर पालिक निगम के आयुक्त संबित मिश्रा ने नगर निगम मुख्यालय में अधिकारियों की प्रथम परिचय बैठक लेते हुए कार्यों की समीक्षा समय सीमा बैठक लेते हुए की एवं अनेक आवश्यक निर्देश संबंधित अधिकारियों को कार्य समीक्षा के दौरान दिये। आयुक्त ने नगर निगम के हित में अधिकाधिक राजस्व वसूली करने एवं सफाई की श्रेष्ठ व्यवस्था कर शहर में अच्छी सुगम निकास की व्यवस्था देना सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। आयुक्त ने सभी अवैध नल कनेक्शनो पर कार्यवाही नियमानुसार कर उन पर करारोपण करने नगर निगम रायपुर के सभी बडे बकायादारो पर नियमानुसार सख्ती से कार्यवाही कर राजस्व वसूली करने के निर्देश दिये। आयुक्त संबित मिश्रा ने अधिकारियों को अधोसंरचना मद, जिला खनिज न्यास मद, 15 वें वित्त आयोग मद, सांसद निधि, विधायक निधि, प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत अप्रारंभ एवं लंबित विकास कार्यों को प्रारंभ करवाकर तेज गति से समय सीमा तय कर गुणवत्ता के साथ जनहित में पूर्ण करवाना प्राथमिकता से सुनिश्चित करवाने के निर्देश दिये। आयुक्त ने नगर निगम रायपुर के सभी कार्यों को ऑनलाईन किये जाने के निर्देश दिये। आयुक्त ने ई ऑफिस का पूर्ण सदूपयोग करने एवं सभी चालान कार्यवाही ऑनलाईन लगातार करने के निर्देश दिये। उन्होने नगर निगम में ऑनलाईन प्रणाली को प्राथमिकता के साथ करने कहा, जिससे यहां के संबंधित कार्यों को नागरिक शहर में घर बैठे ऑनलाईन कर सहज जनसुविधा शासन की मंशानुसार प्राप्त कर सके। साथ ही ऑनलाईन कार्यों से अधिकारियों, कर्मचारियों, जनप्रतिनिधियों सभी को कार्य गतिमान करने सुविधा जनक स्थिति रहे।

आयुक्त संबित मिश्रा ने वर्षा जल संचय हेतु रैन वाटर हार्वेस्टिंग प्रणाली अधिक से अधिक स्थानो पर लगवाने के अभियान पूर्वक कार्य करने निर्देश दिये। आयुक्त ने डोर टू डोर कचरा कलेक्शन कार्य सभी 70 वार्डो में शत प्रतिशत एरिया कवर कर करवाने एवं अनुबंधित कंपनी रामकी कंपनी से गाडियां चलवाकर कार्य तत्काल प्रारंभ करवाना एवं कचरा उठवाना सुनिश्चित करने के निर्देश दिये।

आयुक्त ने सभी जोन कमिश्नरों को अपने अपने जोन क्षेत्र में बारिश में संभावित सभी जलभराव के स्थलो की जोन स्वास्थ्य अधिकारियों सहित स्वत: स्थल निरीक्षण कर सघन सफाई नालो में पूर्ण तले तक करवाने के निर्देश दिये ।

## आयुक्त संबित मिश्रा ने जलभराव की स्थिति का अधिकारियों सहित किया निरीक्षण

**सभी नालों की बारिश आगमन के पूर्व तल्ले तक पूर्ण सघन सफाई करवाकर सुगम निकास कायम करने दिए सख्त निर्देश**

रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)



आज रायपुर नगर पालिक निगम के आयुक्त श्री संबित मिश्रा ने अचानक तेज बारिश के दौरान प्रोफेसर कॉलोनी, परशुराम नगर, काशीराम नगर, धरम नगर, छत्तीसगढ़ नगर, चार मुहा नाला, अरमान नाला, बूढ़ापारा इंडोर स्टेडियम नाला में बारिश में जल भराव की स्थिति का फील्ड में निकलकर प्रत्यक्ष निरीक्षण अधिकारियों सहित किया. आयुक्त श्री संबित मिश्रा ने सम्बंधित अधिकारियों को नालों की तल्ले तक पूर्ण सघन सफाई करवाकर बारिश आगमन के पूर्व नालों के क्षेत्र में सुगम निकास प्रबंधन सुनिश्चित करवाने के कड़े निर्देश स्थल समीक्षा के दौरान दिए.

आयुक्त द्वारा किये गए निरीक्षण के दौरान नगर निगम जोन 4 जोन अध्यक्ष श्री मुरली शर्मा, अपर आयुक्त श्री विनोद पाण्डेय, स्वास्थ्य अधिकारी डॉ तृप्ति पाणीग्रही, जोन कमिश्नर श्रीमती प्रीति सिंह, डॉ दिव्या चंद्रवंशी,श्री खीरसागर नायक, श्री हितेन्द्र यादव, श्री मोनेश्वर शर्मा, सम्बंधित जोन कार्यपालन अभियंताओं, जोन स्वास्थ्य अधिकारियों की फील्ड पर उपस्थिति रही.

## सतनामी समाज सामुदायिक भवन निर्माण शीघ्र करने एमआईसी सदस्य खेमकुमार सेन, पार्षद सावित्री धीवर सहित किया भूमिपूजन

रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)



ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू के निर्देश पर रायपुर ग्रामीण विधायक प्रतिनिधि मैकमिलन साहू ने रायपुर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत नगर निगम जोन 9 अंतर्गत महात्मा गांधी वार्ड कमांक 8 अंतर्गत वार्ड क्षेत्र में सतनामी समाज सामुदायिक भवन का शीघ्र निर्माण एवं विकास कार्य करवाने नगर निगम एमआईसी सदस्य खेमकुमार सेन, वार्ड 8 पार्षद श्रीमती सावित्री धीवर एवं वार्ड क्षेत्र के गणमान्यजनों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, महिलाओं, नवयुवको, आमजनो की उपस्थिति में श्रीफल फोडकर एवं कुदाल चलाकर नये विकास कार्य का भूमिपूजन किया एवं जोन 9 कमिश्नर राकेश शर्मा एवं उपअभियंता आशुतोष पाण्डेय को वार्ड 8 में तत्काल सतनामी समाज सामुदायिक भवन का निर्माण एवं विकास कार्य स्वीकृति अनुसार प्रारंभ करवाकर तय समय सीमा में सतत मॉनिटरिंग कर गुणवत्ता सहित जनहित में जनउपयोग हेतु पूर्ण करवाना सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। पार्षद श्रीमती सावित्री धीवर ने सभी वार्डवासियों की ओर से वार्ड में सतनामी समाज सामुदायिक भवन निर्माण प्रारंभ करवाने पर रायपुर ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू एवं ग्रामीण विधायक प्रतिनिधि मैकमिलन साहू को हार्दिक धन्यवाद दिया।

## सकोरा दाना और कोटना वितरण




रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)

संस्था बढ़ते कदम मानव सेवा के साथ साथ बेजुबान पक्षियों एवम पशुओं की सेवा के लिए भी हमेशा प्रयासरत रहती है...

हर वर्ष संस्था द्वारा रायपुर शहर के विभिन्न स्थलों पर स्टाल लगाकर दाना सकोरा एवम कोटना का नि:शुल्क वितरण किया जाता है ।

इसलिए आप सभी महानुभवों से भी निवेदन है कि जिन्हें भी बेजुबान पशु पक्षियों की सेवा करनी हो वे संस्था में कार्यालय में आकर दाना सकोरा व कोटना ( नि:शुल्क ) प्राप्त कर सकते है व इस पुण्य के कार्य मे सहभागी बन सकते हैं ।

लेख समाचार प्रचार-प्रसार प्रकाशित हेतु संपर्क करे : 9806044444



## सम्पादकीय

### चौतरफा महंगाई

सरकारी आंकड़ों से पता चला कि एक माह के भीतर ही थोक महंगाई दर दुगनी हो गई है। जो कि पिछले 42 महीनों के उच्चतम स्तर पर जा पहुंची है। अब शुक्रवार को पेट्रोल व डीजल तथा सीएनजी के दामों में वृद्धि ने आम आदमी को व्यथित कर दिया। जाहिर है पेट्रोल-डीजल के दामों में वृद्धि से न केवल यातायात महंगा हो जाता है बल्कि मालभाड़ा बढ़ने से हर चीज के दामों में उछाल आ जाता है। वहीं रोजमर्रा का सामान बनाने वाली कंपनियां दुहाई दे रही हैं कि पेट्रोलियम पदार्थों के दामों में वृद्धि से उनकी उत्पादन लागत में दस से बीस फीसदी की वृद्धि हुई है। फलतः इन कंपनियों ने छूट व प्रचार खर्च में कटौती करके भंडारण क्षमता व आपूर्ति श्रृंखला को मजबूत करना प्राथमिक लक्ष्य बनाया है। अतः देश की एफएमसीजी रोजमर्रा के सामान की लागत बढ़ने व मुनाफे पर बढ़ते दबाव को कम करने के लिये चरणबद्ध तरीके से वस्तुओं के दाम बढ़ाने की तैयारी कर रही हैं। यह भी हकीकत है कि पिछली तिमाही में ये एफएमसीजी पहले ही तीन से पांच प्रतिशत की वृद्धि वस्तुओं की कीमतों में कर चुकी हैं। फलतः आम उपभोक्ता को अभी और महंगाई को झेलने के लिए तैयार रहना चाहिए। यह भी एक हकीकत है कि रुपये के गिरते मूल्य ने भी कीमतें बढ़ाने का दबाव बनाया है। कंपनियां अपना मुनाफा बनाये रखने के लिये कीमतें बढ़ाने और पैकेटबंद उत्पादों की मात्रा घटाने की रणनीति पर काम कर रही हैं। आशंका जतायी जा रही है कि पेट्रोल व डीजल के दामों में तीन-तीन रुपये की वृद्धि के बाद टेलीकॉम कंपनियां रिचार्ज प्लान बढ़ा सकती हैं। उनका दावा है कि मोबाइल टॉवर को चलाने में आने वाला 40 फीसदी खर्च सिर्फ पेट्रोल और बिजली पर होता है। यह खर्चा टैरिफ बढ़ाकर ग्राहकों पर डाला जा सकता है। वहीं सरकारी तेल कंपनियां कह रही हैं कि होर्मुज स्ट्रेट बाधित होने से कच्चे तेल की कीमतों में भारी वृद्धि के बाद उन्होंने मामूली वृद्धि पेट्रोल व डीजल के दामों में की है।

निश्चित रूप से पश्चिम एशिया संकट के चलते उपजे हालात ने बताया है कि भारत को ऊर्जा सुरक्षा नीति पर गंभीरता से विचार करना चाहिए। प्रधानमंत्री द्वारा ईंधन की खपत को कम करने के आह्वान के कुछ दिन बाद ही पेट्रोल, डीजल व सीएनजी के दामों में बढ़ोतरी की गई है। यह बढ़ोतरी चार साल से अधिक समय में पहली बार की गई है। निस्संदेह, खाड़ी संकट से उपजे हालात में कीमतों में यह वृद्धि अनिवार्य लग रही थी। माना जा रहा है कि पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु आदि राज्यों में हुए विधानसभा चुनाव के चलते ही सरकार ने यह कदम देर से उठाया है। चुनाव परिणाम आने के बाद जब हैदराबाद में प्रधानमंत्री ने देशवासियों से ईंधन खपत में कटौती करने का आगाह किया था, तो संकेत माना गया कि पेट्रोलियम पदार्थों के दामों में वृद्धि हो सकती है। सरकार ने तेल विपणन कंपनियों को हो रहे भारी नुकसान की ओर इशारा करते हुए मूल्य वृद्धि का बचाव किया है। रिपोर्ट बताती है कि देश के सार्वजनिक क्षेत्र के रिटेलर्स रोजाना एक हजार करोड़ का नुकसान उठा रहे हैं,जबकि कच्चे तेल की कीमत सौ डॉलर प्रति बैरल थी।

# कब तक दोहराई जाती रहेंगी निर्भया जैसी त्रासदियां?

**दुनियाभर में बालिकाओं के अस्तित्व एवं अस्मिता के लिये जागरूकता एवं आन्दोलनों के बावजूद बालिकाओं पर अत्याचार बढ़ते जा रहे हैं। हमारे देश में भी ऐसा ही हो रहा है, बालिकाओं की स्थिति, लड़कियों की तुलना में लड़कों की बढ़ती संख्या, तलाक के बढ़ते मामले, गांवों में बालिका की अशिक्षा, कुपोषण एवं शोषण, बालिकाओं की सुरक्षा, बालिकाओं के साथ होने वाली बलात्कार की घटनाएं, अश्लील हरकतें और विशेष रूप से उनके खिलाफ होने वाले अपराधों पर प्रभावी चर्चा एवं कठोर निर्णयों से एक सार्थक वातावरण का निर्माण किये जाने की अपेक्षा है। क्योंकि एक टीस-सी मन में उठती है कि आखिर महिलाएं एवं बालिकाओं कब तक भोग की वस्तु बनी रहेगी? उसका जीवन कब तक खतरों से घिरा रहेगा? बलात्कार, छेड़खानी, भ्रूण हत्या और दहेज की धधकती आग में वह कब तक भस्म होती रहेगी? कब तक उसके अस्तित्व एवं अस्मिता को नौचा जाता रहेगा?**



ललित गर्ग।

दिल्ली के नांगलोई में एक निजी बस के भीतर महिला के साथ हुई बस कंडक्टर एवं ड्राइवर के दुष्कर्म की घटना ने एक बार फिर पूरे देश की चेतना को झकझोर दिया है। यह घटना केवल एक आपराधिक वारदात नहीं, बल्कि उस भयावह सामाजिक और प्रशासनिक विफलता का आईना है, जो वर्षों से हमारे सामने खड़ी है। चौदह वर्ष पहले निर्भया कांड के बाद देश की सड़कों पर जनसैलाब उमड़ा था। लोगों ने सोचा था कि अब व्यवस्था बदलेगी, कानून सख्त होंगे, महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित होगी और समाज अपनी सोच बदलेगा। लेकिन आज जब उसी प्रकार की घटनाएं पुनः पुनः सामने आती हैं, तब यह प्रश्न और भी तीखा होकर उठता है कि आखिर हम बदले कहां हैं? सबसे बड़ा सवाल यही है कि आखिर बार-बार ऐसी घटनाएं क्यों हो रही हैं? इसका उत्तर केवल कानून की कमजोरी में नहीं, बल्कि समाज की उस विकृत मानसिकता में छिपा है, जहां महिला को आज भी बराबरी के सम्मान के साथ नहीं देखा जाता। आधुनिकता के चमकदार दावों के बीच भी पुरुष प्रधान सोच का अंधेरा जस का तस मौजूद है।

महिलाओं को व्यक्ति नहीं, बल्कि उपभोग की वस्तु मानने वाली सोच आज भी अनेक मन-मस्तिष्कों में गहराई तक बैठी हुई है। यही कारण है कि सार्वजनिक स्थानों, कार्यस्थलों, स्कूल-कॉलेजों और यहां तक कि घरों के भीतर भी महिलाएं असुरक्षा का अनुभव करती हैं।

विडंबना यह है कि विज्ञान, तकनीक और आर्थिक विकास के इस दौर में भी समाज स्त्री के सम्मान और सुरक्षा के बुनियादी संस्कार विकसित नहीं कर पाया। बच्चों को शिक्षा तो दी जा रही है, लेकिन संवेदनाएं नहीं दी जा रहीं। घरों में बेटियों पर नियंत्रण और बेटों को छूट देने वाली मानसिकता आज भी कायम है। एक ओर लड़कियों को 'सावधान रहने' की नसीहत दी जाती है, दूसरी ओर लड़कों को अपने व्यवहार और दृष्टि की मर्यादा सिखाने की गंभीर कोशिश बहुत कम दिखाई देती है। यही असंतुलन आगे चलकर अपराधों की जमीन तैयार करता है। प्रश्न यह भी है कि प्रशासन बार-बार ऐसी घटनाओं को रोकने में नाकाम क्यों हो रहा है? निर्भया कांड के बाद महिला सुरक्षा को लेकर बड़े-बड़े दावे किए गए थे। सीसीटीवी कैमरे, महिला हेल्पलाइन, फास्ट ट्रैक कोर्ट, पुलिस गश्त और सार्वजनिक परिवहन में सुरक्षा उपायों की लंबी घोषणाएं हुईं। लेकिन वास्तविकता यह है कि इन व्यवस्थाओं का बड़ा हिस्सा कागजों और भाषणों तक सीमित रह गया। निजी बसें आज भी बिना पर्याप्त निगरानी के चल रही हैं। कई स्थानों पर चालक और परिचालकों का समुचित सत्यापन तक नहीं होता। सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन अक्सर केवल औपचारिकता बनकर रह जाता है। सच्चाई यह है कि हमारी व्यवस्था अपराध होने के बाद सक्रिय होती है, अपराध रोकने के लिये नहीं। हर बार घटना के बाद गिरफ्तारी, जांच और बयानबाजी होती है, लेकिन अपराध की जड़ों तक पहुंचने की गंभीर पहल नहीं दिखाई देती। राजनीतिक दल कुछ दिनों तक आरोप-प्रत्यारोप करते हैं, मीडिया में बहस चलती है और फिर धीरे-धीरे सब कुछ सामान्य मान लिया जाता है। लेकिन जिन परिवारों की बेटियां इस अमानवीयता का शिकार होती हैं, उनके जीवन में भय, पीड़ा और असुरक्षा स्थायी घाव बनकर रह जाते हैं। यह भी विचारणीय है कि आखिर महिलाएं और बालिकाएं बार-बार ऐसे अत्याचारों का शिकार क्यों बन रही हैं? इसका कारण केवल अपराधियों की क्रूरता नहीं, बल्कि सामाजिक संवेदनहीनता भी है। सार्वजनिक स्थलों पर महिलाओं की सुरक्षा को लेकर सामूहिक जिम्मेदारी का अभाव दिखाई देता है। लोग तमाशबीन बन जाते हैं। कई बार पीड़िता को ही कठघरे में खड़ा कर दिया जाता है-उसके कपड़े, समय, जीवनशैली और व्यवहार पर सवाल उठाए जाते हैं। यह मानसिकता अपराधियों का मनोबल बढ़ाती है, क्योंकि उन्हें पता होता है कि समाज पूरी तरह पीड़िता के साथ खड़ा नहीं होगा। कब तक महिलाएं अपने ही शहरों, बसों, गलियों और कार्यस्थलों पर भय के साथ जीती रहेंगी? कब तक माता-पिता अपनी बेटियों के घर लौटने तक चिंता में डूबे रहेंगे? यह प्रश्न केवल महिलाओं का नहीं, बल्कि पूरे समाज की आत्मा का प्रश्न है। जिस समाज में आधी आबादी स्वयं को सुरक्षित महसूस न करे, वह समाज वास्तव में सभ्य नहीं कहलाया जा सकता।

आज आवश्यकता केवल कठोर कानूनों की नहीं, बल्कि कठोर सामाजिक आत्ममंथन की है। कानून अपराधी को दंड दे सकता है, लेकिन समाज ही मानसिकता बदल सकता है। स्कूलों और परिवारों में लैंगिक संवेदनशीलता की शिक्षा अनिवार्य होनी चाहिए। बेटियों को भय में जीना नहीं, बल्कि सम्मानपूर्वक जीना सिखाना होगा। फिल्मों, सोशल मीडिया और विज्ञापनों में स्त्री की वस्तुवादी छवि पर भी गंभीर विमर्श जरूरी है, क्योंकि संस्कृति और मनोरंजन भी समाज की सोच को प्रभावित करते हैं। प्रशासन को भी केवल घटनाओं के बाद की कार्रवाई तक सीमित नहीं रहना चाहिए। सार्वजनिक परिवहन में रियल-टाइम जीपीएस, सीसीटीवी, पैनिक बटन और नियमित निगरानी को पूरी कठोरता से लागू करना होगा। निजी परिवहन संचालकों और कर्मचारियों का गहन सत्यापन अनिवार्य किया जाना चाहिए। पुलिस व्यवस्था को अधिक संवेदनशील, जवाबदेह और सक्रिय बनाना होगा। सबसे महत्वपूर्ण यह है कि समाज को यह समझना होगा कि महिला सुरक्षा कोई 'महिला मुद्दा' नहीं, बल्कि मानवता और सभ्यता का प्रश्न है। जब तक स्त्री को समान सम्मान, स्वतंत्रता और सुरक्षा नहीं मिलेगी, तब तक विकास के सारे दावे अधूरे रहेंगे।

नांगलोई की यह घटना केवल एक समाचार नहीं, बल्कि पूरे समाज के लिए चेतावनी है। यदि अब भी हम नहीं जागे, तो निर्भया जैसी त्रासदियां बार-बार हमारे सामने आती रहेंगी और हर बार हमारी संवेदनहीनता, हमारी प्रशासनिक विफलता और हमारी विकृत मानसिकता हमें कठघरे में खड़ा करती रहेगी। प्रश्न यही है- आखिर कब तक? तमाम जागरूकता एवं सरकारी प्रयासों के बावजूद भारत में भी बालिकाओं की स्थिति में यथोचित बदलाव नहीं आया है। धर्मगुरु, राजनेता एवं समाजसुधारक महिलाओं एवं बालिकाओं के प्रति कितनी कुत्सित मानसिकता का परिचय देते आए हैं, यह तथ्य किसी से छिपा नहीं है। इनके चरित्र का दोहरापन जगजाहिर हो चुका है। कोई क्या पहने, क्या खाए, किससे प्रेम करे और किससे शादी करें, सह-शिक्षा का विरोधी नजरिया- इस तरह की पुरुषवादी सोच के तहत बालिकाओं को उनके हकों से वंचित किया जा रहा है, उन पर तरह-तरह की बंदिशें एवं पहरे लगाये जा रहे हैं। 'यत्र पूज्यंते नार्यस्तु तत्र रमन्ते देवता'- जहां नारी की पूजा होती है, वहां देवता निवास करते हैं। किंतु आज हम देखते हैं कि नारी का हर जगह अपमान होता चला जा रहा है। उसे 'भोग की वस्तु' समझकर आदमी 'अपने तरीके' से 'इस्तेमाल' कर रहा है, यह बेहद चिंताजनक बात है। आज अनेक शक्लों में नारी के वजूद को धुंधलाने की घटनाएं शक्ल बदल-बदल कर काले अध्याय रच रही है। देश में गैंग रेप की वारदातों में कमी भले ही आयी हो, लेकिन उन घटनाओं का रह-रह कर सामने आना त्रासद एवं दुःखद है।

# बहुपक्षवाद का संकट और डब्लूटीओ में सुधार की अनिवार्यता

राजेश अग्रवाल

बहुपक्षीय व्यापार प्रणाली औचित्य के गहरे संकट का सामना कर रही है। बीसवीं सदी के उत्तरार्ध और इक्कीसवीं सदी की शुरुआत में, विश्व व्यापार संगठन (डब्लूटीओ) वैश्विक व्यापार का केंद्रीय स्तंभ था, जो नियम-आधारित व्यवस्था की पेशकश करने के साथ तटस्थता, पूर्वानुमेयता और निष्पक्षता का वादा करता था। हालांकि आज, ये वादे काफी कमजोर प्रतीत होते हैं। डब्लूटीओ में विश्वास की कमी, किसी एक विफलता का परिणाम नहीं है, बल्कि यह संरचनात्मक असंतुलन, असमान प्रवर्तन और वैश्विक आर्थिक शक्ति के बदलते स्वरुप के संचयी प्रभाव को प्रतिबिंबित करती है। इस संकट के मूल में है - वैश्विक उत्पादन का अत्यधिक केंद्रीकरण और आक्रामक व्यापार प्रथाओं की निरंतरता। समय के साथ, आपूर्ति श्रृंखलाएँ परस्पर अत्यधिक निर्भर हो गई हैं और उनका वितरण भी असमान है, जहाँ कुछ प्रमुख अर्थव्यवस्थाएँ महत्वपूर्ण क्षेत्रों पर अनुपात से कई गुनी ज्यादा नियंत्रण रखती हैं। हालांकि, इस केंद्रीकरण ने कुछ मामलों में वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं को अधिक कुशल बना दिया है, लेकिन इसने उन्हें काफी हद तक कमजोर भी बना दिया। व्यवधान-चाहे भू-राजनीतिक हो, आर्थिक हो, या पर्यावरण-संबंधी हों-अब प्रणालीगत नतीजे लेकर आते हैं। परिणामस्वरूप, आपूर्ति श्रृंखला की कमजोरी अब केवल एक आर्थिक चिंता के रूप में नहीं देखी जाती; इसे अब राष्ट्रीय सुरक्षा और आर्थिक अस्तित्व के मामले के तौर पर देखा जाने लगा है। धारणा में हुए बदलाव ने नीतिगत प्रतिक्रियाओं की एक ऐसी लहर को जन्म दिया है, जो बहुपक्षवाद के मौलिक सिद्धांतों को चुनौती देती हैं। देश घरेलू हितों की रक्षा के लिए संरक्षण उपायों, आक्रामक औद्योगिक नीतियों और निर्यात नियंत्रण को अपना रहे हैं। हालांकि ऐसी रणनीतियाँ अल्पकालिक सहनशीलता ला सकती हैं, लेकिन वे डब्लूटीओ की सहयोग भावना और कानूनी रूपरेखा को अक्सर कमजोर कर देती हैं। तकनीकी अवरोध, महत्वपूर्ण आपूर्ति श्रृंखलाओं पर नियंत्रण और भू-राजनीतिक प्रभाव के उपकरण के रूप में बाज़ार पहुंच का बढ़ता उपयोग एक व्यापक परिवर्तन का संकेत देता है: व्यापार अब केवल आर्थिक लेन-देन ही नहीं, बल्कि रणनीतिक शक्ति के बारे में है।

डब्लूटीओ सदस्यों के बीच एक व्यापक रूप से मान्य दृष्टिकोण यह है कि संगठन प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं को उनके प्रतिबद्धताओं के प्रति जवाबदेह ठहराने में अक्षम रहा है और इसने वर्तमान स्थिति में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। जब नियम असमान रूप से लागू किए जाते हैं या प्रवर्तन तंत्र विफल हो जाते हैं, तो प्रणाली में विश्वास कमजोर हो जाता है। कई देशों में, विशेष रूप से वैश्विक दक्षिण के देशों में, यह धारणा मजबूत हुई है कि डब्लूटीओ अब एक निष्पक्ष मध्यस्थ के रूप में कार्य नहीं करता। इसके बजाय, इसे एक ऐसे संस्थान के रूप में देखा जाता है, जो तेजी से बदलती वैश्विक अर्थव्यवस्था की वास्तविकताओं के



प्रति अनुकूल होने के लिए संघर्ष कर रहा है। इस संदर्भ में, सुधार प्रयासों का केंद्रीय उद्देश्य डब्लूटीओ की विश्वसनीयता को बहाल करना हो गया है। यद्यपि डब्लूटीओ सुधार की आवश्यकता पर सदस्यों के बीच व्यापक सहमति है, फिर भी इसे हासिल करने के तरीके पर सहमति न के बराबर है। सुधार की संरचना और विषय वस्तु पर बहसें लगातार विवादास्पद होती जा रही हैं। याओंडे के मंत्रिस्तरीय सम्मेलन में, सदस्यों ने डब्लूटीओ के मूलभूत सिद्धांतों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता की पुनः पुष्टि की, जिनमें निष्पक्षता, पारदर्शिता, समावेश और सहमति-आधारित निर्णय शामिल हैं। इन सिद्धांतों ने लंबे समय से डब्लूटीओ को अन्य अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं से अलग बनाये रखा है, यह सुनिश्चित करते हुए कि सभी सदस्य, चाहे उनका आकार या उनकी आर्थिक शक्ति कुछ भी हो, वैश्विक व्यापार नियमों को अंतिम रूप देने में अपनी बात रख सकें। हालांकि, इन सिद्धांतों के व्यावहारिक अनुप्रयोग को, विशेष रूप से बहुपक्षीय समझौतों से जुड़ी चर्चाओं में, समस्याओं का सामना करना पड़ा है। ये समझौते डब्लूटीओ सदस्यों के उपसमूहों के बीच बातचीत के बाद तैयार किए गए हैं। इन्हें कई देश-विशेष रूप से वैश्विक उत्तर के देश -सहमति-आधारित नियम निर्माण की चुनौतियों का व्यावहारिक समाधान मानते हैं। ऐसी सदस्यता के लिए, जहां विकास स्तर और राष्ट्रीय प्राथमिकताओं में व्यापक असमानताएँ मौजूद हैं, जटिल मुद्दों पर सर्वसम्मति प्राप्त करना कठिन होता जा रहा है। बहुपक्षीय समझौते आगे बढ़ने का एक तरीका प्रदान करते हैं, जिससे इच्छुक प्रतिभागी नए नियम स्थापित कर सकते हैं, इसमें उन देशों को रुकावट नहीं माना जाता, जो प्रतिबद्ध होने के लिए अभी तैयार नहीं हैं, ऐसी ही प्रणाली डब्लूटीओ से पहले गैट, 1947 (टैरिफ और व्यापार पर सामान्य समझौता) के तहत अस्तित्व में थी। इस मुद्दे पर भारत का रुख एक सावधानीपूर्वक तैयार संतुलनकारी कार्य को दर्शाता है। नियम-निर्माण को आगे बढ़ाने में बहुपक्षीय समझौतों की क्षमता को स्वीकार करते हुए भारत ने लगातार मजबूत सुरक्षा उपायों की मांग की है, ताकि ऐसे समझौतों द्वारा बहुपक्षीय प्रणाली को कमजोर न होना सुनिश्चित हो सके। बहुपक्षीय समझौतों को प्रमुख डब्लूटीओ सिद्धांतों को दरकिनार नहीं करना चाहिए, मौजूदा कार्यादेश को कमजोर नहीं करना चाहिए या गैर-प्रतिभागी सदस्यों के लिए नुकसानदेह नहीं होना चाहिए। उन्हें बहुपक्षीय रूपरेखा की जगह लेने के बजाय एक पूरक भूमिका निभानी चाहिए। भारत एक तदर्थ, समझौता-दर-समझौता मॉडल के बजाय बहुपक्षीय समझौतों को डब्लूटीओ संरचना में समेकित करने के लिए एक व्यापक और व्यवस्थित दृष्टिकोण का समर्थन करता है। सुधार बहस का एक अन्य महत्वपूर्ण मुद्दा, संगठन के पिछले कार्यादेशों को पूरा करने में विफलता से संबंधित है। यह कई विकासशील देशों के लिए असंतोष का एक प्रमुख कारण रहा है। ये अधूरी प्रतिबद्धताएं-जिनमें कृषि, विकास और विशेष व्यवहार प्रावधानों जैसे क्षेत्र शामिल हैं -केवल नियम बनाने की कमियों को ही नहीं दर्शातीं, बल्कि वैश्विक व्यापार प्रणाली में लंबे समय से मौजूद असमानताओं को दूर करने के अवसरों की चूक को भी उजागर करती हैं। विशेष रूप से कृषि, इन असंतुलनों की गंभीरता को दर्शाती है। विकसित देशों ने अपने कृषि क्षेत्रों को सब्सिडी देने में महत्वपूर्ण लचीलापन बनाए रखा है, जिससे उनके किसान वैश्विक बाजारों में प्रतिस्पर्धी बने रहते हैं। वहीं, विकासशील देशों को अपने किसानों को दिए जाने वाले समर्थन के प्रकारों और स्तरों में प्रतिबंधों का सामना करना पड़ता है। यह विषमता संरचनात्मक असुविधाओं को बनाए रखती है, वैश्विक दक्षिण में लाखों लोगों की आजीविका को कमजोर करती है और वैश्विक व्यापार प्रवाह को विकृत करती है।कृषि से परे, ऐसी न्यायसंगत रूपरेखाओं की मांग बढ़ रही है, जो प्रौद्योगिकी स्थानांतरण और क्षमता निर्माण को नियंत्रित करती हैं। तेज़ तकनीकी प्रगति के युग में ज्ञान, नवाचार और ज्ञान-कौशल तक पहुँच आर्थिक विकास का एक प्रमुख निर्धारक बन गया है। फिर भी, मौजूदा नियम अक्सर मौजूदा पदानुक्रम को मजबूत करते हैं, जिससे विकासशील देशों की मूल्य श्रृंखला में ऊपरी पायदान पर चढ़ने की क्षमता सीमित हो जाती है। अधिक समावेशी और संतुलित व्यापार प्रणाली बनाने के लिए इन असमताओं को दूर करना आवश्यक है। विशेष और विभेदपूर्ण व्यवहार (एस एंड डीटी) पर बहस डब्लूटीओ सुधार की जटिलताओं को और अधिक उजागर करती है। एस एंड डीटी मूल रूप से सबसे कम विकसित और विकासशील देशों को गैर-पारस्परिक बाजार पहुँच और व्यापार प्रतिबद्धताओं को लागू करने में अधिक लचीलापन प्रदान करने के लिए डिजाइन किया गया था, जो अब एक विवादास्पद मुद्दा बन गया है। कुछ विकसित देशों का तर्क है कि स्व-निर्धारण की मौजूदा प्रणाली अपेक्षाकृत उन्नत अर्थव्यवस्थाओं को उन प्रावधानों से लगातार लाभ उठाने की अनुमति देती है, जो कम विकसित राष्ट्रों के लिए बनाए गए थे। भारत इन चिंताओं को स्वीकार करता है, लेकिन सकल आर्थिक आकार जैसे मनमाने पैमानों पर आधारित सरल समाधानों के प्रति आगाह भी करता है। इसके बजाय, ध्यान यह सुनिश्चित करने पर होना चाहिए कि एस एंड डीटी वास्तविक विकासात्मक जरूरतों को पूरा करने के लिए एक प्रभावी उपकरण बना रहे। इसके लिए एक अधिक सूक्ष्म दृष्टिकोण अपनाने की आवश्यकता है-ऐसा दृष्टिकोण, जो विकासशील दुनिया में मौजूद आर्थिक स्थितियों की विविधता को मान्यता देता हो और उसी के अनुसार लचीलापन तैयार करता हो।

# एक ईश्वर की पहचान से ही धर्म के भेद समाप्त हो सकते हैं





















रविवार 17 मई को संत निरंकारी मिशन की ब्रांच रायपुर मे 13वां वार्षिक जोनल निरंकारी बाल संत समागम का आयोजन मारुति मंगलम भवन मे किया गया जिसमे छत्तीसगढ़ के अनेक शहरों एवं गाँव से पधारे बाल संतो ने निरंकारी सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज की शिक्षाओं को लघु नाटिका, भक्ति गीत, समूहगान और कवितों द्वारा अभिव्यक्त किया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता महू इंदौर से पधारे ब्रम्ह्ज्ञानी संत श्री रमेश वस्त्रकार जी ने की इन्होने निरंकारी सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज का संदेश देते हुए कहा की ईश्वर की प्राप्ति से ही जीवन में सुखद परिवर्तन आ सकता है। सोशल मीडिया में घर संसार समाज के लोग व्यस्त हैं, दुनियावी पदार्थ इकट्ठे करने मे कीमती जीवन की स्वास गवा रहे है। सांसारिक वस्तुओं का आनंद नित नित घटता रहता है ईश्वर से नाता जुड़ जाए तो जीवन में सुख-आनंद स्वतः आ जाता है। मानव के बीच में जो भेद की दीवार है जो मानव को मानव से जुदा करती है वो दीवार ब्रह्मज्ञान की प्राप्ति से गिर जाती है। ईश्वर को जानने के बाद जो आनंद प्राप्त होता है वो कभी घटता नहीं और ईश्वर की प्राप्ति समय के सतगुरु से ही होती है कभी रामचंद्र जी द्वारा कभी संत कबीर जी द्वारा कभी कृष्ण जी द्वारा और कभी बाबा नानक जी द्वारा सत्य की पहचान होती आई है। सभी धर्म के लोग एक ईश्वर के होने की बात करते है किंतु उसे ना जानने के कारण स्वयं को उत्तम मानते है अन्य को नहीं। ये भेद वर्तमान सतगुरु ब्रम्ह्ज्ञान देकर मिटा रहे है। निरंकारी मिशन वसुधैव कुटुम्बकम की भावना को व्यावहारिक रूप में प्रकट कर रहा है। इस अवसर पर मीडिया प्रभारी प्रेम सिंह धामी ने बताया की एक आध्यात्मिक प्रदर्शनी का आयोजन भी किया गया जहां बच्चों ने मानवता का संदेश देने वाले अनेक मॉडल बनाकर सतगुरु की शिक्षाओं का प्रदर्शन किया। जोनल इंचार्ज गुरबक्श सिंह कालरा ने कहा की आज के बच्चे कल का भविष्य हैं इनमे निरंकारी बाल संगत द्वारा प्रेम, दया, करुणा, सेवा, सद्भावना, भाईचारा आदि गुणो को संस्कार के रूप मे दिया जा रहा है। संपूरण सेवादल के भाइयों एवं बहनों ने इसकी सुंदर व्यवस्था बनाई। कार्यक्रम के अंत मे सभ के लिए गुरुलंगर की भी व्यवस्था की गई।

# लायंस मल्टीपल डिस्ट्रिक्ट 3233 का 9वां वार्षिक अधिवेशन RVISH 2026 इंदौर में

## लायन तिलोकचंद बरड़िया होंगे अधिवेशन के ऑर्गनाइजिंग चेयरपर्सन

रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)

लायनिज़्म की सेवा, नेतृत्व एवं मानवता के उच्च आदर्शों को समर्पित लायन क्लब इंटरनेशनल के अंतर्गत लायंस मल्टीपल डिस्ट्रिक्ट 3233 का 9वां वार्षिक अधिवेशन URVISH 2026 आगामी 23 एवं 24 मई 2026 को इंदौर स्थित संगीत कला अकादमी, विजय नगर में भव्य रूप से आयोजित किया जाएगा।

यह प्रतिष्ठित अधिवेशन लायनिज़्म के सेवा कार्यों, नेतृत्व विकास एवं संगठनात्मक मजबूती का एक महत्वपूर्ण मंच होगा, जिसमें देशभर से लायंस सदस्य, पदाधिकारी एवं समाजसेवी भाग लेंगे। अधिवेशन में छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश एवं राजस्थान सहित विभिन्न राज्यों से लगभग 2000 से अधिक डेलीगेट्स की सहभागिता अपेक्षित है।




अधिवेशन के चीफ गेस्ट एवं की-नोट स्पीकर के रूप में लायन डॉ. मनोज शाह (इंटरनेशनल सेकंड वाईस प्रेसिडेंट) शिरकत करेंगे। साथ ही, लायन प्रवीण छाजेड़ (पास्ट इंटरनेशनल डायरेक्टर), लायन विजय राजू (पास्ट इंटरनेशनल डायरेक्टर) तथा लायन रमेश प्रजापति (इंटरनेशनल डायरेक्टर) भी अपनी गरिमामयी उपस्थिति से अधिवेशन की शोभा बढ़ाएंगे।

इस भव्य आयोजन की जिम्मेदारी क्क्ष्स्न लायन मनीष शाह (मल्टीपल काउंसिल चेयरपर्सन) द्वारा प्रतिष्ठित समाजसेवी एवं वरिष्ठ PMJF लायन सदस्य तिलोकचंद बरड़िया को सौंपी गई है। इस अवसर पर तिलोकचंद बरड़िया ने बताया कि URVISH 2026 केवल एक वार्षिक अधिवेशन नहीं, बल्कि सेवा, समर्पण एवं नेतृत्व का एक विराट महाकुंभ होगा, जहाँ सामाजिक सरोकारों, संगठनात्मक उपलब्धियों तथा भविष्य की योजनाओं पर व्यापक मंथन एवं सार्थक चर्चा की जाएगी। साथ ही यह अधिवेशन लायनिज़्म की मूल भावना — "We Serve" — को और अधिक सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

दो दिवसीय इस अधिवेशन में विभिन्न लायंस क्लबों द्वारा संचालित सेवा परियोजनाओं की समीक्षा, नेतृत्व विकास सत्र, प्रेरणादायी उद्बोधन, सामूहिक विचार-विमर्श एवं आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। यह आयोजन लायंस सदस्यों के लिए अनुभव साझा करने, नए विचारों को अपनाने एवं समाज सेवा के संकल्प को और अधिक मजबूत करने का अवसर प्रदान करेगा।

## फसलों को खरपतवार से होने वाले नुकसान कृषि वैज्ञानिकों ने बनाई रणनीति



रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)

इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर में आयोजित अखिल भारतीय समन्वित खरपतवार प्रबंधन अनुसंधान परियोजना की त्रिदिवसीय 33वीं वार्षिक समीक्षा बैठक का आज यहां समापन हुआ। बैठक के तृतीय दिवस में उद्योग जगत से जुड़े प्रतिनिधियों एवं विशेषज्ञों के साथ विशेष संवाद सत्र आयोजित किया गया। इस दौरान खरपतवार प्रबंधन से संबंधित आधुनिक तकनीकों, कृषि उपयोगी उत्पादों, नवाचारों एवं अनुसंधान आधारित समाधान पर विस्तृत चर्चा की गई। उद्योग प्रतिनिधियों ने कृषि क्षेत्र में नई तकनीकों के उपयोग, प्रभावी खरपतवार नियंत्रण उपायों तथा किसानों तक उन्नत तकनीक पहुंचाने के विभिन्न पहलुओं पर अपने विचार साझा किए।

इस तीन दिवसीय समीक्षा बैठक में कृषि वैज्ञानिकों ने विभिन्न फसलों को हानि पहुंचाने वाले खरपतवारों के प्रभावी नियंत्रण की विभिन्न विधियों पर सारगर्भित चर्चा की तथा फसलों को इनसे होने वाले नुकसान को न्यूनतम करने हेतु मंथन किया। इस दौरान विभिन्न रासायनिक खरपतवारनाशकों से मिट्टी, जल एवं पर्यावरण पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों पर भी चर्चा की गई और इसे रोकने के उपायों पर भी विचार-विमर्श गया। हानिकारक हर्बिसाइड के उपयोग को सीमित करते हुए खरपतवार प्रबंधन की वैकल्पिक विधियों को प्रोत्साहन देने पर जोर दिया गया।

## सीएम साय ने दिखाई संवेदनशील और जिम्मेदार प्रशासनिक कार्यशैली - ईंधन बचत, समय प्रबंधन और सुशासन का समन्वित मॉडल बनी समीक्षा बैठक

रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज रायगढ़ स्थित सृजन सभाकक्ष में रायगढ़, जांजगीर-चांपा और कोरबा जिले के विकास कार्यों एवं प्रशासनिक गतिविधियों की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में सुशासन, संसाधनों के विवेकपूर्ण उपयोग और प्रशासनिक दक्षता का संतुलित स्वरूप देखने को मिला।

मुख्यमंत्री साय ने पूर्व में ही पेट्रोल-डीजल की अनावश्यक खपत कम करने, ऊर्जा संरक्षण को बढ़ावा देने और सरकारी कार्यों में तकनीक आधारित व्यवस्थाओं के अधिकतम उपयोग के निर्देश दिए थे। इसी के अनुरूप इस समीक्षा बैठक में जांजगीर-चांपा और कोरबा जिले के अधिकारियों को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जोड़ा गया।

बैठक में केवल संबंधित जिलों के कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक भौतिक रूप से उपस्थित रहे, जबकि अन्य विभागीय अधिकारी वर्चुअल माध्यम से शामिल हुए। इससे बड़ी संख्या में अधिकारियों के आवागमन में होने वाली पेट्रोल-डीजल की खपत को कम किया जा सका। यह पहल प्रशासनिक कार्यों में मितव्ययिता और जिम्मेदार कार्यसंस्कृति की प्रभावी मिसाल बनी।

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि शासन की प्राथमिकता केवल योजनाओं का क्रियान्वयन नहीं, बल्कि संसाधनों का जिम्मेदारीपूर्वक उपयोग भी है। उन्होंने कहा कि वर्तमान वैश्विक परिस्थितियों में ईंधन संरक्षण केवल आर्थिक आवश्यकता नहीं, बल्कि सामूहिक उत्तरदायित्व भी है।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि तकनीक का अधिकतम उपयोग कर प्रशासनिक कार्यों को और अधिक तेज, पारदर्शी एवं प्रभावी बनाया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि जहां संभव हो, वहां वर्चुअल समीक्षा, डिजिटल मॉनिटरिंग और ऑनलाइन समन्वय को प्राथमिकता दी जाए, ताकि समय और संसाधनों दोनों की बचत सुनिश्चित हो सके।मुख्यमंत्री साय ने पूर्व में ही पेट्रोल-डीजल की अनावश्यक खपत कम करने, ऊर्जा संरक्षण को बढ़ावा देने और सरकारी कार्यों में तकनीक आधारित व्यवस्थाओं के अधिकतम उपयोग के निर्देश दिए थे। इसी के अनुरूप इस समीक्षा बैठक में जांजगीर-चांपा और कोरबा जिले के अधिकारियों को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जोड़ा गया।

बैठक में मुख्यमंत्री ने तीनों जिलों में संचालित विकास कार्यों, जनकल्याणकारी योजनाओं, निर्माण कार्यों की गुणवत्ता, राजस्व मामलों के निराकरण तथा सुशासन तिहार के दौरान प्राप्त आवेदनों के निराकरण की स्थिति की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को आम जनता की समस्याओं के त्वरित समाधान और मैदानी स्तर पर सक्रियता बढ़ाने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की यह पहल प्रशासनिक कार्यशैली में संवेदनशीलता, व्यवहारिक सोच और दूरदर्शिता का उदाहरण बनकर सामने आई है। तकनीक के माध्यम से ईंधन बचत, समय प्रबंधन और सुशासन को साथ लेकर चलने का यह मॉडल शासन की नई कार्यसंस्कृति को भी रेखांकित करता है।

## 5 साल पुराने माइग्रेन से मुक्त हुई सीमा

रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)

/बीते पांच साल सुकमा निवासी 39 वर्षीय श्रीमती सीमा सिंह के लिए किसी दु:स्वप्न से कम नहीं थे। माइग्रेन के दर्द से तड़पती सीमा ने राहत की चाह में दूर-दूर के बड़े शहरों के चक्कर काटे, एलोपैथी की ढेरों दवाइयां खाईं, लेकिन बीमारी जस की तस रही। निराशा के इन बादलों के बीच उम्मीद की एक किरण तब जागी, जब वे बीते 4 मई को %आयुष स्पेशलिटी क्लिनिक सुकमा% पहुँचीं। यहाँ अनुभवी चिकित्सक डॉ. मनोरंजन पात्रो की देखरेख में लगभग एक सप्ताह तक चले आयुर्वेदिक इलाज, सटीक दवाइयों और पंचकर्म की %शिरोधारा% पद्धति के जादू ने कमाल कर दिया। वर्षों पुराना वह दर्द गायब हो गया जिसने उनकी रातों की नींद छीन रखी थी। दर्द से इस मुफ्ती ने सीमा के चेहरे पर मुस्कान लौटा दी है, जिसके लिए उन्होंने दिल से शासन-प्रशासन का आभार जताया है।



सीमा सिंह की यह मुस्कान सुकमा जिला प्रशासन के उन संजीदा प्रयासों का नतीजा है, जो दूरदराज के क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं को आम लोगों तक पहुँचाने के लिए किए जा रहे हैं। कलेक्टर अमित कुमार के पदभार संभालते ही जिला आयुष चिकित्सालय की तस्वीर बदलने के प्रयास तेज कर दिए गए। अस्पताल में न केवल बुनियादी ढाँचे को मजबूत किया गया, बल्कि पारंपरिक और बेहद असरदार %पंचकर्म% चिकित्सा की भी शुरुआत की गई। प्रशासन की इसी विशेष पहल का असर है कि आज यह अस्पताल रविवार को छोड़कर सप्ताह के छह दिन पूरी मुस्तैदी से काम कर रहा है, जहाँ हर दिन औसतन 14 से 15 मरीज डॉ. पात्रो की देखरेख में नया और स्वस्थ जीवन पा रहे हैं। कलेक्टर अमित कुमार की यह मुहिम सिर्फ मरीजों को ठीक करने तक सीमित नहीं है, बल्कि इसके पीछे एक बेहद संवेदनशील और मानवीय दृष्टिकोण भी छिपा है। जिला प्रशासन ने स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार के साथ-साथ सुकमा के युवाओं के पुनर्वास की भी एक अनूठी मिसाल पेश की है। कलेक्टर की विशेष पहल पर दो आत्मसमर्पित युवाओं को समाज की मुख्यधारा से जोड़ा गया और उन्हें इसी आयुष चिकित्सालय में %कलेक्टर दर% पर सम्मानजनक रोजगार प्रदान किया गया। कभी गुमराह रहे इन युवाओं के हाथों को रोजगार देकर प्रशासन ने न सिर्फ उनके परिवारों को आर्थिक सुरक्षा दी है, बल्कि जिले में शांति और विकास का एक नया अध्याय भी लिखा है।

सुकमा का आयुष चिकित्सालय आज सिर्फ एक अस्पताल नहीं, बल्कि बन चुका है। एक तरफ जहाँ असाध्य बीमारियों से जूझ रहे आम नागरिकों को सुकमा की वादियों में ही विश्वस्तरीय आयुर्वेदिक और पंचकर्म उपचार मिल रहा है, वहीं दूसरी तरफ भटके हुए युवाओं को रोजगार देकर देश की मुख्यधारा में वापस लाया जा रहा है।

## प्रधानमंत्री मोदी की अदूरदर्शिता के कारण देश में अफरा-तफरी - दीपक बैज

रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)

प्रधानमंत्री मोदी की अदूरदर्शी अपील के कारण देश में पेट्रोल डीजल को लेकर अफरा तफरी का माहौल बनाया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि प्रधानमंत्री ने अपने अपील के कारण पूरे देश में भय पैदा कर दिया, लोग पेट्रोल डीजल के संकट के भय से ग्रसित होकर पेट्रोल पंपों पर लाइन लगा रहे है। दूसरी तरफ देश भर के आधे पेट्रोल पंपो का ड्राई हो जाना भी लोगो में भय का बड़ा कारण है। सरकार के पास पर्याप्त स्टाक है, तो सरकार सप्लाई को सुचारू क्यों नहीं कर पा रही, यदि सभी पंपो में पर्याप्त मात्रा में पेट्रोल-डीजल मिलेगा तो लोग खुद ही कतार में नहीं लगेंगे।



प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि सरकार को पेट्रोल-डीजल का रेट बढ़ाना था, इसलिये यह ड्रामा किया गया। प्रधानमंत्री मोदी को पेट्रोल-डीजल का रेट बढ़ाना था, तो उन्होंने उसके पहले संकट का पूरा माया जाल रचा, रेट तो बढ़ाया ही जनता को परेशान कर दिया।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि बचत करना एक अलग विषय है, लेकिन कमी होना अलग विषय है। प्रधानमंत्री ने बचत करने की अपील के साथ कमी को जोड़ दिया। जिससे हालात इतने भयावह बने है। यह मोदी की अदूरदर्शिता है, जिसका खामियाजा देश को भुगतना पड़ रहा है।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि इसके पहले भी नोटबंदी, जीएसटी और लॉकडाऊन के समय भी मोदी की अदूरदर्शिता देश की जनता पर भारी पड़ी थी। मोदी अपने आत्म प्रचार में तथा स्वंय को सबसे महान बताने के चक्कर में देश के सामने नया-नया संकट खड़ा करते है।

## बस्तर में प्रथम आवासीय खेल अकादमी प्रारंभ करने की तैयारी तेज

रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)

खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा जगदलपुर में एथलेटिक्स, फुटबॉल तथा आर्चरी के बालक वर्ग का प्रथम आवासीय खेल अकादमी इस वित्तीय वर्ष में प्रारंभ किया जाना है। अकादमी प्रारंभ करने के संबंध में आवश्यक तथा महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर चर्चा और उपलब्ध अधोसंरचनाओं के निरीक्षण करने हेतु श्रीमती तनुजा सलाम, संचालक खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा आज जगदलपुर का दौरा किया गया। संचालक मैडम द्वारा खिलाड़ियों के लिए उपलब्ध आवास व्यवस्था, भोजन व्यवस्था, चयन ट्रायल की प्रक्रिया, विद्यालय सुविधा, वाहन व्यवस्था, खेल सामग्री तथा आवास हेतु आवश्यक समस्त मूलभूत सुविधाओं की जानकारी प्राप्त की। इस संबंध में खेल अधिकारी श्री सुशांत पॉल से विस्तृत चर्चा करते हुए अकादमी संचालन की तैयारियों की समीक्षा की गई। निरीक्षण के दौरान संचालक महोदया ने पूरे भवन का अवलोकन कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा खिलाड़ियों को बेहतर वातावरण एवं सुविधाएं उपलब्ध कराने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बस्तर क्षेत्र में आवासीय खेल अकादमी प्रारंभ होने से स्थानीय प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को उच्च स्तरीय प्रशिक्षण एवं सुविधाएं प्राप्त होंगी, जिससे क्षेत्र के खिलाड़ी राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर बेहतर प्रदर्शन कर सकेंगे और पदक अर्जित कर सकेंगे। यह उल्लेखनीय है कि, बस्तर क्षेत्र में खेल विभाग द्वारा तीन खेलों का प्रथम आवासीय अकादमी प्रारम्भ होने जा रहा है। जिससे यहां के नैसर्गिक प्रतिभावान खिलाड़ियों को उच्च स्तरीय प्रशिक्षण, डाईट, आधुनिक उपकरण, आवास, शिक्षा, बीमा, किट, ईलाज, उच्च स्तरीय प्रतियोगिताओं में भागीदारी आदि की सुविधा खेल विभाग द्वारा उपलब्ध कराया जाएगा।



उक्त आवासीय अकादमी में प्रवेश हेतु बहुत ही जल्द चयन ट्रायल विज्ञापन जारी आयु वर्ग के बालक खिलाड़ी भाग ले सकेंगे। एथलेटिक्स में 20, फुटबॉल में 25 तथा आर्चरी में 20 खिलाड़ियों का चयन आवासीय अकादमी हेतु किया जाएगा। उसके बाद खेलो इंडिया लघु केन्द्र पण्डरीपानी में संचालित हॉकी सेंटर का संचालक मैडम द्वारा दौरा किया गया। वहां नियुक्त हॉकी प्रशिक्षक श्री कार्तिक यादव द्वारा हॉस्टल भवन, जिम हॉल का निरीक्षण कराते हुए, केन्द्र में प्रशिक्षणरत खिलाड़ियों की संख्या, उपलब्ध खेल सामग्री के बारे में जानकारी दी गई।

## नाकाम मोदी ने फिर जनता को लाइन में लगा दिया- देवलाल नरेटी, कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष आप

रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)

आम आदमी पार्टी के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष देवलाल नरेटी ने छत्तीसगढ़ और देश में पेट्रोल डीजल गैस की किल्लत पर मोदी सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा है कि देश में पेट्रोल-डीजल, गैस का संकट केंद्र की मोदी सरकार की गलत नीतियों के कारण आया है। पहले नरेंद्र मोदी ने नोटबंदी कर बैंक के सामने देश की जनता को लाइन में लगाया और पेट्रोल डीजल गैस के लिए ।आज छत्तीसगढ़ के कई शहरों में पेट्रोल-डीजल के लिए लंबी लाइनें लगी हुई हैं। रायपुर, बिलासपुर, बस्तर, धमतरी और महासमुंद जैसे जिलों में कई पेट्रोल पंपों पर नो पेट्रोल-नो डीजल बोर्ड लगाए गए हैं। बिलासपुर में कई पंप पूरी तरह ड्राई हो गए हैं और रायपुर में भी कुछ पंप अस्थायी रूप से बंद बताए गए हैं। बिलासपुर में 13 पेट्रोल पंप पूरी तरह खाली हो चुके हैं और बिलासपुर कलेक्टर द्वारा कमर्शियल उपयोग के लिए पेट्रोल देना बंद कर दिया गया है। आज छत्तीसगढ़ के कई शहरों और कस्बों में पेट्रोल पंपों पर लंबी कतारें दिखाई दे रही हैं। लोग घंटों इंतजार कर ईंधन भरवा रहे हैं, जिससे आम जनजीवन प्रभावित हो रहा है ।परिवहन, व्यापार और रोजमर्रा के कामकाज पर भी इसका असर पड़ रहा है। जनता में नाराजगी बढ़ रही है।



### छत्तीसगढ़ में 60फीसदी से अधिक मकान सूचीकरण का कार्य पूरा

## जनगणना 2027 : मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की सुशासन नीति का असर

रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)

छत्तीसगढ़ में आगामी राष्ट्रीय जनगणना 2027 को लेकर प्रशासनिक तैयारियां युद्ध स्तर पर चल रही हैं। राय के सभी जिलों और नगर निगमों में मकान सूचीकरण ब्लॉकों के गठन और सत्यापन का कार्य तेजी से आगे बढ़ रहा है। हाल ही में जारी आधिकारिक प्रगति रिपोर्ट के अनुसार, राय में अब तक कुल 60.73फीसदी कार्य सफलतापूर्वक पूरा कर लिया गया है। इस महाअभियान में डिजिटल टेक्नोलॉजी के सटीक समन्वय से कुल 48,742 ब्लॉकों में से 29,602 ब्लॉकों का कार्य पूर्ण हो चुका है।

सटीक जनगणना से ही हर गरीब तक पहुंचेगा सुशासन —मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय राय की इस प्रगति पर मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने संतोष व्यक्त करते हुए गौरेला- पेंड्रा-मरवाही (GPM) जिला प्रशासन और प्रदेश भर के प्रगणकों को बधाई दी है। उन्होंने कहा, हमारी सरकार सबका साथ, सबका विकास और सुशासन के संकल्प के साथ आगे बढ़ रही है। आगामी जनगणना 2027 के ये आंकड़े भविष्य में छत्तीसगढ़ के विकास, जनकल्याणकारी योजनाओं और नीति निर्धारण की मजबूत बुनियाद बनेंगे। डिजिटल तकनीकों का उपयोग कर समय-सीमा में कार्य पूर्ण करना सराहनीय है। जिन बड़े शहरों या नगर निगमों में गति धीमी है, वहां के अधिकारी मैदानी मॉनिटरिंग बढ़ाएं और जल्द से जल्द इस राष्ट्रीय महत्व के कार्य को गति दें।



#### गौरेला-पेंड्रा-मरवाही ने मारी बाजी, कई जिले शत-प्रतिशत के करीब

राय स्तर पर जिलों के प्रदर्शन को देखा जाए तो आदिवासी बहुल गौरेला-पेंड्रा-मरवाही जिला सूची में शीर्ष पर है, जिसने अपने सभी 528 मकान सूचीकरण ब्लॉकों का कार्य 100फीसदी पूरा कर लिया है। इसके बाद जशपुर (99.87फीसदी) और मोहला- मानपुर-अंबागढ़ चौकी (99.84फीसदी) जिले भी पूर्णता के बेहद करीब हैं। इसके अलावा बेमेतरा (97.8फीसदी) और मुंगेली (96.52फीसदी) जिलों में भी काम लगभग खत्म होने की कगार पर है।

कलेक्टर की रणनीति आई काम

GPM जिले के इस शानदार प्रदर्शन और शून्य पेंडेंसी के मॉडल पर कलेक्टर डॉ. संतोष कुमार देवांगन ने अपनी टीम की पीठ थपथपाते हुए कहा कि यह सफलता हमारे स्थानीय प्रगणकों , पर्यवेक्षकों और जिला प्रशासन की बेहतरीन टीम भावना का परिणाम है। भौगोलिक रूप से दुर्गम और आदिवासी बहुल क्षेत्र होने के बावजूद हमने माइक्रो-प्लानिंग के तहत काम किया। हर चार्ज नंबर की रोजाना डिजिटल मॉनिटरिंग की गई, जिससे 17 मई की मध्यरात्रि को डेटा पोर्टल पर सिंक होते ही हमने 100फीसदी पूर्णता का लक्ष्य हासिल कर लिया। अब हम अगले चरण के प्रशिक्षण और मैदानी सत्यापन के लिए पूरी तरह तैयार हैं।

#### बड़े शहरों और नगर निगमों की रफ्तार सुस्त, रायपुर-भिलाई पिछड़े

एक तरफ जहां ग्रामीण और दूरस्थ जिलों ने बाजी मारी है, वहीं राय के बड़े शहरों और नगर निगम क्षेत्रों में काम की रफ्तार चिंताजनक रूप से धीमी दर्ज की गई है। रायगढ़ नगर निगम सूची में सबसे निचले पायदान पर है, जहां महज 4.65फीसदी काम ही पूरा हो सका है। औद्योगिक हब भिलाई नगर में केवल 7.84फीसदी और रिसाली में 8.33फीसदी कार्य ही संपन्न हुआ है। राजधानी रायपुर की बात करें तो यहां कुल 1,964 ब्लॉकों में से केवल 203 ही पूरे हो पाए हैं, जो कि कुल लक्ष्य का मात्र 10.34फीसदी है।

#### प्रशासनिक मुस्तैदी का असर

राहत की बात यह है कि राय के अधिकांश जिलों में (कार्य शुरू नहीं हुआ) का आंकड़ा शून्य है।

## खनन प्रभावित गांवों को मॉडल विलेज के रूप में विकसित करने पर विशेष जोर



रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने रायगढ़ में आयोजित समीक्षा बैठक के दौरान दंतेवाड़ा, रायगढ़ और कोरबा जैसे खनन प्रभावित जिलों में जिला खनिज न्यास (ष्ठरूस्न) की राशि के प्रभावी और त्वरित उपयोग को लेकर महत्वपूर्ण निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इन जिलों में विकासकार्यों की संख्या और दायरा लगातार बढ़ रहा है, ऐसे में वर्तमान तकनीकी एवं इंजीनियरिंग स्टाफ पर्याप्त नहीं है। उन्होंने लोक निर्माण विभाग को अतिरिक्त डिवीजन गठित करने तथा आवश्यक तकनीकी अमले की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि डीएमएफ की राशि का उपयोग केवल निर्माण कार्यों तक सीमित न रहे, बल्कि इसका प्रत्यक्ष लाभ खनन प्रभावित गांवों के लोगों को दिखाई देना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिन गांवों में खनन गतिविधियां संचालित हो रही हैं, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर मॉडल विलेज के रूप में विकसित किया जाए। इन गांवों में सड़क, पेयजल, स्वास्थ्य, शिक्षा, खेल, सामुदायिक भवन और अन्य मूलभूत सुविधाओं का बेहतर विकास सुनिश्चित किया जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि खनिज संपदा से समृद्ध क्षेत्रों के लोगों को विकास का पहला अधिकार मिलना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों से संवेदनशीलता और जवाबदेही के साथ कार्य करते हुए डीएमएफ राशि के और समयबद्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# 15 करोड़ की सड़क के लिए विधायक की गुहार!

## केंद्र-राज्य ने नहीं सुनी, अब प्रभारी मंत्री से लगाई उम्मीद

## बोले - बस्तर के प्रवेश द्वार को जाम से बचाना जरूरी

**केशकाल, प्रतिदिन राजधानी ,**

सुशासन तिहार के मंच से केशकाल विधायक नीलकंठ टेकाम ने राष्ट्रीय राजमार्ग-30 के केशकाल शहर स्थित सड़क चौड़ीकरण का मुद्दा जोरदार तरीके से उठाते हुए कहा कि बस्तर का प्रवेश द्वार कहलाने वाला केशकाल आज भारी ट्रैफिक और जाम की समस्या से जूझ रहा है, लेकिन वर्षों से मांग करने के बावजूद अब तक सड़क चौड़ीकरण के लिए राशि स्वीकृत नहीं हो पाई है।

8 करोड़ से सड़क बनी, लेकिन जाम की समस्या जस की तस

विधायक ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा लगभग 8 करोड़ रुपये की लागत से साढ़े तीन किलोमीटर सड़क मजबूतीकरण का कार्य कराया गया है लेकिन राष्ट्रीय राजमार्ग होने के कारण यहां वाहनों का दबाव लगातार बढ़ रहा है। शहर मुख्य मार्ग पर बसा होने से घाट में जाम लगते ही पूरा केशकाल प्रभावित हो जाता है। वही कोई भी स्थानीय कार्यक्रम हो तब भी सड़को पर जाम की स्थिति निर्मित होती है । ऐसे में सड़क चौड़ीकरण और डिवाइडर निर्माण बेहद जरूरी हो गया है।

### 15 करोड़ की मांग पर नहीं मिली मंजूरी

विधायक ने मंच से खुलकर कहा कि सड़क चौड़ीकरण के लिए लगभग 15 करोड़ रुपये की आवश्यकता है। इसके लिए केंद्र सरकार, राज्य



सरकार, सीएसआर मद और डीएमएफ मद तक में मांग रखी गई, लेकिन अब तक किसी स्तर पर मंजूरी नहीं मिली।

आखिरकार अब उन्होंने कोंडागांव जिला प्रभारी मंत्री लखन लाल देवांगन से विशेष अनुशंसा करने की अपील की ताकि केशकाल की जनता को जाम और दुर्घटनाओं की समस्या से राहत मिल सके।

### बस्तर का प्रवेश द्वार बदहाल

बस्तर का प्रवेश द्वार कहे जाने वाले केशकाल में रोजाना जाम, भारी वाहनों की कतार और दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है। स्थानीय लोग लंबे समय से चौड़ी सड़क और बेहतर ट्रैफिक व्यवस्था की मांग कर रहे हैं।

### रोजगार का मुद्दा भी उठाया

सिर्फ सड़क ही नहीं, विधायक ने केशकाल में उद्योग स्थापित करने की मांग भी रखी। उन्होंने कहा कि अगर क्षेत्र में उद्योग लगाए जाते हैं तो स्थानीय युवाओं को रोजगार मिलेगा और पलायन कम होगा। इस पर प्रभारी मंत्री ने दोनों मांगों को गंभीर बताते हुए जल्द पहल करने का भरोसा दिलाया।

# मछुआरा समिति को मछली पकड़ने का जाल वितरित

**कोण्डागांव, प्रतिदिन राजधानी ,**

विकासखंड केशकाल अंतर्गत ग्राम अड़ेंगा में जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में जिले के प्रभारी मंत्री एवं प्रदेश के उद्योग, तथा श्रम विभाग मंत्री लखनलाल देवांगन मुख्य रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सांसद भोजराज नाग, केशकाल विधायक नीलकंठ टेकाम, कलेक्टर श्रीमती नुपूर राशि पन्ना सहित स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं विभिन्न विभागों के अधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विभागों द्वारा हितग्राहियों को योजनाओं से लाभान्वित किया गया।

इसी कड़ी में मछली पालन विभाग, जिला कोण्डागांव द्वारा आदिवासी मछली पालन सहकारी समिति मर्यादित निराछिंदली, विकासखंड केशकाल के सदस्य श्री कृष्णा नाग को मछली पकड़ने हेतु आधुनिक मछली जाल वितरित



किया गया। इस सहायता से समिति के सदस्यों को मत्स्य पालन कार्य में सुविधा मिलने के साथ-साथ उनकी आजीविका को भी मजबूती मिलेगी। शिविर में उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। सुशासन तिहार के माध्यम से शासन और जनता के बीच सीधा संवाद स्थापित हो रहा है तथा लोगों की समस्याओं का मौके पर ही समाधान सुनिश्चित किया जा रहा है।

# जिला अस्पताल को मिला राष्ट्रीय गुणवत्ता प्रमाणन



**दंतेवाड़ा,प्रतिदिन राजधानी**

दंतेवाड़ा जिला अस्पताल द्वारा विशेष उपलब्धि हासिल कर जिले का नाम रोशन किया गया है। इस संस्था को बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं हेतु केंद्र शासन द्वारा एनक्यूएएस प्रमाण पत्र से नवाजा गया है। भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस स्टैंडर्ड को जिले में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता, बेहतर प्रबंधन और मरीजों को दी जा रही सुविधाओं की उत्कृष्टता का प्रमाण मानी जा रही है।

कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के निर्देश एवं जिला पंचायत सीईओ जयंत नाहटा के मार्गदर्शन में जिले के स्वास्थ्य केंद्रों को राष्ट्रीय गुणवत्ता मानकों के अनुरूप विकसित करने का कार्य लगातार किया जा रहा है।

जिला अस्पताल के अफसर द्वारा द्वारा बताया गया कि केंद्र सरकार के स्वास्थ्य मंत्रालय की टीम द्वारा अस्पताल का विस्तृत मूल्यांकन किया गया। इस दौरान अस्पताल में उपलब्ध स्टाफ, संसाधन, दवाइयों की उपलब्धता, उपचार की गुणवत्ता, कार्यकुशलता, स्वच्छता एवं मरीजों की संतुष्टि जैसे विभिन्न बिंदुओं पर गहन निरीक्षण और सर्वे किया गया। सभी मानकों में बेहतर प्रदर्शन के आधार पर जिला चिकित्सालय को यह प्रमाणन प्राप्त हुआ।

उल्लेखनीय है कि एनक्यूएएस स्वास्थ्य संस्थानों की गुणवत्ता सुधार के लिए तैयार किया गया एक राष्ट्रीय फ्रेमवर्क है, जिसके माध्यम से अस्पतालों में मरीजों को बेहतर, सुरक्षित एवं सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं सुनिश्चित की जाती हैं। इस प्रमाणन के बाद जिला चिकित्सालय में स्वास्थ्य सुविधाओं को और अधिक सुदृढ़ एवं उन्नत बनाने की दिशा में कार्य किया जाएगा, जिससे ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों के मरीजों को बेहतर उपचार उपलब्ध हो सकेगा।

सीएमएचओ अजय रामटेके ने बताया कि जिले में एनक्यूएएस सर्टिफिकेशन के लिए विशेष तैयारी के साथ कार्य किया जा रहा है।

# कामथेन कंपनी के मालिक पर एफआईआर की मांग

**कांकेर, प्रतिदिन राजधानी ,**

राजमिस्त्री मजदूर रेजा कुली एकता यूनियन ने इंदिरा गांधी मेडिकल कॉलेज से जुड़ी प्लेसमेंट एजेंसी कामथेन सिक्युरिटी सर्विस के मालिक के खिलाफ कानूनी कार्रवाई और एफआईआर दर्ज करने की मांग की है।

यूनियन की ओर से कलेक्टर और मेडिकल कॉलेज के अधिष्ठाता को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में यूनियन के राज्य अध्यक्ष देवचन्द भास्कर और महासचिव ओम प्रकाश देवांगन ने कंपनी पर कर्मचारियों को निर्धारित न्यूनतम मजदूरी से कम वेतन देने का आरोप लगाया है।

ज्ञापन में कहा गया है कि मेडिकल कॉलेज से निर्धारित न्यूनतम दर के अनुसार भुगतान के लिए राशि जारी की गई, लेकिन कर्मचारियों को कम वेतन दिया गया।

# आधे घंटे की बारिश में घरों और दुकानों में घुसा गंदा पानी

**केशकाल, प्रतिदिन राजधानी ,**

शहर में राष्ट्रीय राजमार्ग का नवीनीकरण भले ही पूरा हो चुका हो, लेकिन नाली सफाई और पानी निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं होने से नगरवासियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

शनिवार दोपहर आई तेज़ आंधी-तूफान और मूसलाधार बारिश ने शहर की बदहाल ड्रेनेज व्यवस्था की पूरी पोल खोलकर रख दी। महज़ आधे घंटे की बारिश में सड़क किनारे पानी भर गया, कई जगह नालियां जाम हो गईं और पानी की निकासी पूरी तरह ठप पड़ गई। हालात ऐसे बन गए कि नालियों का गंदा पानी सीधे लोगों के घरों और दुकानों में घुस गया।इस मामले में केशकाल की एसडीएम आकांक्षा नायक ने कहा कि मामले का संज्ञान लिया गया है और राष्ट्रीय राजमार्ग विभाग के अधिकारियों को ड्रेनेज सिस्टम सुधारने तथा नालियों की सफाई के निर्देश दिए गए हैं।



स्थानीय व्यापारियों के अनुसार, एक दर्जन से अधिक दुकानों में पानी भरने से सामान खराब हुआ है। प्रभावित दुकानों में किराना, हार्डवेयर, कपड़ा और फर्नीचर व्यवसाय शामिल हैं। व्यापारियों ने नुकसान का अनुमान 30 से 40 लाख रुपये तक बताया है। हालांकि, इस नुकसान का आधिकारिक आकलन अभी सामने नहीं आया है।

कुछ दुकानदारों ने कहा कि बारिश के दौरान नालियों की सफाई और ड्रेनेज व्यवस्था पर्याप्त नहीं होने के कारण पानी दुकानों में घुस गया। उनका कहना है कि समय रहते सफाई और निकासी व्यवस्था दुरुस्त की जाती तो नुकसान कम हो सकता था।स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि राष्ट्रीय राजमार्ग निर्माण के बाद नालियों की नियमित सफाई नहीं की गई, जिससे कई स्थानों पर मिट्टी और कचरा जमा हो गया। लोगों ने यह भी कहा कि स्थिति बिगड़ने के दौरान संबंधित अधिकारियों से संपर्क करने की कोशिश की गई, लेकिन तत्काल जवाब नहीं मिल सका।

बारिश के बाद शहर के कुछ हिस्सों में कई घंटों तक जलभराव बना रहा, जिससे राहगीरों और वाहन चालकों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। स्थानीय लोगों ने आशंका जताई कि यदि समय रहते व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ तो मानसून के दौरान समस्या और बढ़ सकती है।

# देशवासियों को पेट्रोल पंपों में लाइन लगाकर मोदी विदेश यात्रा पर-कांग्रेस



## प्रधानमंत्री की अपील को कांग्रेस ने जनता की जख्मों पर नमक छिड़कने वाला बताया

**दुर्ग,प्रतिदिन राजधानी**

देशवासियों को पेट्रोल पंपों में लाइन लगाकर प्रधानमंत्री मोदी विदेश यात्रा की तैयारी में है। वर्तमान में देश में है सबसे कन्फ्यूज करने वाली सरकार है जो पूरे साल भर जनता को कन्फ्यूज रखती है।

प्रधान मंत्री मोदी द्वारा की गई अपील जनता की जख्मों पर नमक छिड़कने वाला है। जिला कांग्रेस भवन में आयोजित संयुक्त प्रेसवार्ता में प्रभारी एवं मुख्य वक्ता पूर्व महापौर रायपुर प्रमोद दुबे , जिला कांग्रेस कमेटी दुर्ग (ग्रामीण) के जिलाध्यक्ष राकेश ठाकुर, दुर्ग शहर कांग्रेस अध्यक्ष धीरज बाकलीवाल एवं भिलाई कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर ने उक्त बातें कही। उन्होंने कहा देश में लगातार बढ़ती महंगाई, पेट्रोल-डीजल एवं रसोई गैस के दामों में वृद्धि, खाद-उर्वरक संकट, आम जनता पर बढ़ते आर्थिक बोझ तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देशवासियों से की गई अपील को लेकर उन्होंने भाजपा सरकार पर जमकर हमला बोला

कांग्रेस नेता प्रमोद दुबे ने कहा कि पिछले दो माह से देश डीजल, पेट्रोल, गैस एवं उर्वरक संकट से जूझ रहा है। लगातार बढ़ती महंगाई ने आम जनता, किसानों, मजदूरों, मध्यम वर्ग एवं छोटे व्यापारियों की कमर तोड़ दी है। ऐसे समय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देशवासियों से कम तेल उपयोग करने, कम यात्रा करने, महिलाओं को खाने में तेल और गैस का कम उपयोग करने तथा किसानों को खेती में उर्वरक कम उपयोग करने की सलाह देना जनता के जख्मों पर नमक छिड़कने जैसा है। उन्होंने कहा कि देश में उर्वरकों की भारी कमी के कारण किसानों की उत्पादन क्षमता प्रभावित हो रही है। खरीफ सीजन से पहले किसानों को पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध नहीं हो पा रहा है, जिससे किसानों में चिंता व्याप्त है। कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार ने समय रहते उर्वरक संकट को लेकर कोई ठोस तैयारी नहीं की।

जिला कांग्रेस कमेटी दुर्ग (ग्रामीण) जिलाध्यक्ष राकेश ठाकुर ने कहा कि मोदी सरकार की आर्थिक नीतियों के कारण आवश्यक वस्तुओं के दाम मनमोहन सिंह सरकार की तुलना में कई गुना बढ़ चुके हैं। वर्ष 2013 की तुलना में आज आटा, चावल, दाल, खाद्य तेल, रसोई गैस, पेट्रोल-डीजल एवं अन्य आवश्यक वस्तुओं के दामों में भारी वृद्धि हुई है। रसोई गैस सिलेंडर हजार रुपये के करीब पहुंच चुका है, पेट्रोल लगभग 104 रुपये प्रति लीटर एवं डीजल लगभग 97 रुपये प्रति लीटर तक पहुंच गया है। मोदी सरकार बनने के बाद पेट्रोलियम उत्पादों पर टैक्स लगाकर जनता से लाखों करोड़ रुपये वसूले गए, लेकिन आम जनता को राहत देने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया।

अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतें कम होने के बावजूद जनता को राहत नहीं मिली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अपील के बाद आम जनता को पेट्रोल पंप के लाइन में लगा के मोदी विदेश यात्रा कर रहे है। किसानों को पेट्रोल पम्पों में डिब्बे में डीजल नही दिया जा रहा है तो किसान खेती कार्य कैसे करेंगे। देश की आर्थिक हालत खराब है।

श्री ठाकुर ने कहा कि वर्ष 2013 की तुलना में सोने की कीमतों में लगभग 50 गुना वृद्धि दर्ज की गई है, जिससे महिलाओं एवं मध्यम वर्गीय परिवारों की आर्थिक योजनाएं प्रभावित हुई हैं। कांग्रेस नेताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की यात्राओं पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि एक ओर देश आर्थिक संकट और महंगाई से जूझ रहा है, वहीं दूसरी ओर प्रधानमंत्री लगातार विदेश यात्राओं में व्यस्त हैं।

दुर्ग शहर अध्यक्ष धीरज बाकलीवाल ने कहा कि भाजपा सरकार बढ़ती महंगाई और बेरोजगारी को नियंत्रित करने में पूरी तरह असफल रही है। आज आम आदमी कर्ज में डूबता जा रहा है।



# प्रीमियम शराब दुकान बंद करने भूमि स्वामी ने की पहल

**राजनांदगांव, प्रतिदिन राजधानी**

चौधरी परिवार ने एक अहं निर्णय लिया है और वो अपनी निजी जमीन पर संचालित प्रीमियम शराब दुकान को बंद करवाने का आवेदन दे चुके हैं। ज्ञात हो कि राजनांदगांव के अंबेडकर चौक में स्थित प्रीमियम शराब दुकान वरिष्ठ समाजसेवी अशोक चौधरी के स्वामित्व वाली जगह पर किराये से शासन द्वारा संचालित की जा रही थी, लेकिन अब अनुबंध पूर्ण रूप से समाप्त हो जाने के बाद उन्होंने निर्णय लिया है कि शराब दुकान को किराये से अपनी भूमि नहीं देंगे।

अशोक चौधरी के पुत्र ऋषिदेव चौधरी ने शुक्रवार को कलेक्टर राजनांदगांव व आबकारी अधिकारी को आवेदन देकर शराब दुकान बंद करवाने की बात कही। उन्होंने कहा कि बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर ने समाज में शिक्षा, समानता, जागरूकता एवं सामाजिक उत्थान के मूल्यों को स्थापित करने का कार्य किया। अंबेडकर चौक जैसे महत्वपूर्ण सामाजिक एवं सार्वजनिक स्थल पर शराब दुकान का संचालन उनके आदर्शों को ठेस पहुंचाने जैसा प्रतीत होता है। यह कि इस क्षेत्र में प्रतिदिन बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं, महिलाएं, बुजुर्ग एवं आम नागरिक आवागमन करते हैं। शराब दुकान के कारण सामाजिक वातावरण प्रभावित होता है तथा युवाओं पर भी इसका नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। समाज के अनेक नागरिकों द्वारा भी समय-समय पर इस संबंध में चिंता व्यक्त की गई है।

# स्वच्छ सर्वेक्षण की तैयारी तेज

**भिलाई नगर, प्रतिदिन राजधानी**

16 मई। नगर पालिक निगम भिलाई के जोन क्रमांक-02 वैशालीनगर क्षेत्र अंतर्गत आगामी स्वच्छ सर्वेक्षण को ध्यान में रखते हुए नाला सफाई अभियान युद्ध



स्तर पर चलाया जा रहा है। निगम द्वारा क्षेत्र के प्रमुख नालों एवं जल निकासी मार्गों की नियमित साफ-सफाई कराई जा रही है, जिससे आम नागरिकों को स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण उपलब्ध हो सके।

निगम आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय के निर्देशानुसार सफाई कर्मियों की टीम लगातार मैदान में उतरकर नालों से गंदगी एवं कचरा हटाने का कार्य कर रही है। सफाई अभियान के माध्यम से जलभराव की समस्या को रोकने तथा स्वच्छता व्यवस्था को और बेहतर बनाने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

निगम प्रशासन ने नागरिकों से भी अपील की है कि वे स्वच्छता बनाए रखने में सहयोग करें तथा कचरा नालों में न फेंके, ताकि शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाया जा सके।

# ठोस अपशिष्ट प्रबंधन पर कार्यशाला

**दुर्ग,प्रतिदिन राजधानी**

नगर पालिक निगम दुर्ग द्वारा ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2026 के प्रभावी क्रियान्वयन एवं शहर की स्वच्छता व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण कार्यशाला का आयोजन किया गया। महापौर अलका बाघमार के मार्गदर्शन में शुक्रवार को कार्यशाला आयोजित की गई। इस अवसर पर आयुक्त सुमित अग्रवाल, सभापति श्याम शर्मा,देव नारायण चन्द्राकर, नीलेश अग्रवाल,नरेंद्र बंजारे,मनीष साहू,हर्षिका संभव जैन,शशि साहू सहित समस्त पार्षदगण एवं निगम स्वास्थ्य



अधिकारी दुर्गेश गुप्ता उपस्थित रहे।

कार्यशाला का आयोजन सचिव के निर्देशानुसार किया गया, जिसमें ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2026 के विभिन्न प्रावधानों, उनके प्रभावी क्रियान्वयन, जनजागरूकता अभियान, कचरा पृथक्करण, डोर-टू-डोर कलेक्शन एवं स्वच्छता व्यवस्था को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। कार्यशाला एवं समीक्षा बैठक के दौरान पार्षदों ने अपने-अपने वार्डों की साफ-सफाई व्यवस्था, कचरा संग्रहण, नालियों की नियमित सफाई, डोर-टू-डोर कलेक्शन तथा स्वच्छता से जुड़ी विभिन्न समस्याओं एवं सुझावों को विस्तारपूर्वक साझा किया। पार्षदों ने वार्ड स्तर पर नागरिकों को हो रही परेशानियों से अवगत कराते हुए स्वच्छता व्यवस्था को और अधिक प्रभावी एवं व्यवस्थित बनाने के लिए आवश्यक सुझाव भी दिए। अधिकारियों द्वारा पार्षदों की बातों को गंभीरता से सुनते हुए समस्याओं के शीघ्र निराकरण एवं बेहतर दिया गया। अधिकारियों द्वारा कार्यशाला में उपस्थित जनप्रतिनिधियों को नियमों की जानकारी देते हुए शहर को स्वच्छ एवं प्रदूषण मुक्त बनाए रखने हेतु नागरिक सहभागिता बढ़ाने पर जोर दिया गया।

# सीमा ने बिहान से जुड़कर बचत कर चुकाया ऋण

**राजनांदगांव, प्रतिदिन राजधानी**

छोटी-छोटी बचत से बड़े फायदे होते हैं। ऐसी ही एक मिसाल राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम सिंघोली की सीमा साहू ने पेश की है, जिन्होंने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान से जुड़कर अपने साहस, हिम्मत एवं मेहनत से अपना एक समूह बनाया। बचत को अपने जीवन का हिस्सा बनाते वित्तीय सुरक्षा एवं सशक्तिकरण की दिशा में कदम बढ़ाया।

उन्होंने विभिन्न तरह की आजीविका मूलक गतिविधियों से जुड़कर अपनी आर्थिक स्थिति में सुधार किया। सीमा साहू ने बताया कि वह चंद्रहासिनी स्वसहायता समूह से जुड़ी हैं। वे एक संयुक्त परिवार में रहती हैं, जहां ननद एवं देवर की शादी के लिए साहूकार से उन्होंने ब्याज पर कर्ज लिया था। ग्राम में महिलाओं के समूह पहले से बन चुके थे। उन्होंने अपना स्वयं का समूह बनाकर 10 महिलाओं को जोड़ने का कार्य किया। प्रारंभिक तौर पर संकुल से 15 हजार रुपए की राशि प्राप्त हुई। समूह की महिलाओं ने ऋण की समस्या को देखते उनकी मदद की।

सीमा ने बताया कि थोड़ी-थोड़ी राशि से बचत करते ऋण चुका दिया और फिर से बचत किया।

समूह से राशि लेकर रेगहा की भूमि पर खेती करने का कार्य किया तथा कृषि मित्र के तौर पर जैविक खेती का कार्य भी जारी रहा। उन्होंने कहा कि बचत करते इस मुकाम तक पहुंची है। सिलाई के व्यवसाय से भी अच्छी आमदनी प्राप्त हो रही है।

# आईपीएल 2026 में 52वीं बार 200+ स्कोर बना...सुदर्शन सबसे तेज 3 हजार टी-20 रन वाले बैटर, कोलकाता ने 22 सिक्स लगाए





**कोलकाता।** कोलकाता नाइट राइडर्स ने आईपीएल 2026 के 60वें मैच में गुजरात टाइटंस को 29 रन से हरा दिया। ईडन गार्डन्स स्टेडियम में कोलकाता ने 247 रन का बनाए। 248 रन का पीछा कर रही गुजरात 218/4 का स्कोर बना सकी। यह इस सीजन में 52वीं बार रहा, जब किसी टीम ने 200+ टोटल बनाया। मैच में कोलकाता की ओर से कुल 22 सिक्स लगे। वहीं, गुजरात के साई सुदर्शन सबसे तेज 3000 टी-20 रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गए।

### गिल लगातार दूसरे सीजन 500+ रन बनाने वाले कप्तान

गुजरात के कप्तान शुभमन गिल लगातार दूसरे आईपीएल सीजन में 500+ रन बनाने वाले कप्तान बन गए हैं। उन्होंने 2025 और 2026, दोनों सीजन में यह उपलब्धि हासिल की। लगातार सबसे ज्यादा सीजन में कप्तान रहते हुए 500+ रन बनाने का रिकॉर्ड डेविड वॉर्नर और केएल राहुल के नाम है, जिन्होंने लगातार 3-3 सीजन में ऐसा किया था।

### आईपीएल 2026 में एक सीजन में सबसे ज्यादा 200+ स्कोर की बराबरी की

आईपीएल 2026 में अब तक 52 बार टीमों ने 200+ टोटल बनाए हैं। यह आईपीएल इतिहास में किसी एक सीजन में संयुक्त रूप से सबसे ज्यादा है। इससे पहले पिछले सीजन भी 52 बार 200+ स्कोर बने थे।

### सुदर्शन सबसे तेज 3 हजार टी-20 रन बनाने वाले बैटर

गुजरात के बल्लेबाज साई सुदर्शन सबसे तेज 3 हजार रन बनाने वाले बैटर बन गए। उन्होंने 78 पारियों में यह उपलब्धि हासिल की। सुदर्शन ने ऑस्ट्रेलिया के शॉन मार्श का रिकॉर्ड तोड़ा, जिन्होंने 85 पारियों में 3000 टी-20 रन पूरे किए थे। साई सुदर्शन लगातार चौथी पारी में 50+ स्कोर बनाने वाले गुजरात टाइटंस के पहले बल्लेबाज बन गए हैं। उन्होंने 2026 सीजन में यह कारनामा किया। उनसे पहले हार्दिक पंड्या ने 2022 सीजन में तीन बार यह कारनामा किया था।

### सुदर्शन ने गुजरात के लिए एक सीजन में सबसे ज्यादा 50+ स्कोर की बराबरी की

साई सुदर्शन आईपीएल 2026 में 7 बार 50+ स्कोर बना चुके हैं। उन्होंने शुभमन गिल और अपने ही रिकॉर्ड की बराबरी कर ली। गिल ने 2023 के सीजन में 7 बार फिफ्टी लगाई थी।

**गिल ने कोलकाता के खिलाफ लगातार तीसरी 50+ पारी खेली :** शुभमन गिल ने कोलकाता के खिलाफ लगातार तीसरी बार 50+ स्कोर बनाया। केकेआर के खिलाफ लगातार तीन 50+ स्कोर बनाने वाले छठे बल्लेबाज बने।

**गुजरात के लिए एक पारी में दूसरी बार 3 बल्लेबाजों ने लगाए 50+ स्कोर :** गुजरात टाइटंस की पारी में शुभमन गिल, जोस बटलर और साई सुदर्शन ने 50+ स्कोर बनाए। आईपीएल में यह दूसरी बार हुआ, जब गुजरात के तीन बल्लेबाजों ने एक ही पारी में फिफ्टी लगाई।

**फिन एलन ने 10 सिक्स लगाए :** कोलकाता के बल्लेबाज फिन एलन ने गुजरात के खिलाफ 93 रन की पारी खेली। उन्होंने अपनी इनिंग में 10 छक्के लगाए, जो कोलकाता के किसी बल्लेबाज द्वारा आईपीएल पारी में संयुक्त रूप से दूसरे सबसे ज्यादा हैं। एलन आईपीएल में दो बार एक इनिंग में 10+ सिक्स लगाने वाले चौथे बल्लेबाज भी बने। 93 रन की यह पारी गुजरात के खिलाफ किसी कोलकाता बल्लेबाज का सबसे बड़ा व्यक्तिगत स्कोर भी है।

### गुजरात की 5 मैचों बाद हार, कोलकाता ने घर में पहली बार हराया

गुजरात की लगातार 5 जीत के बाद यह पहली हार रही। इससे पहले टीम ने 2022 में भी लगातार 5 मुकाबले जीते थे। वहीं, कोलकाता ने गुजरात के खिलाफ 6 मैचों में सिर्फ दूसरी जीत दर्ज की। ईडन गार्डन्स में गुजरात के खिलाफ कोलकाता की यह पहली जीत भी रही।

### कोलकाता ने बनाया अपना तीसरा सबसे बड़ा स्कोर

कोलकाता नाइट राइडर्स ने 247/2 का स्कोर बनाया, जो टीम का आईपीएल में तीसरा सबसे बड़ा टोटल है। यह गुजरात टाइटंस के खिलाफ किसी टीम का सबसे बड़ा स्कोर भी बन गया। कोलकाता का टूर्नामेंट में सबसे बड़ा आईपीएल स्कोर दिल्ली के खिलाफ 2024 में आया था। टीम ने विशाखापट्नम में 7 विकेट खोकर 272 रन बनाए थे।

### कोलकाता ने अपनी पारी में 22 सिक्स लगाए

कोलकाता ने पारी में 22 सिक्स लगा दिए, जो आईपीएल इतिहास में एक पारी में संयुक्त रूप से चौथे सबसे ज्यादा हैं। पहले नंबर पर 24 सिक्स के साथ पंजाब किंग्स हैं। टीम ने कोलकाता के खिलाफ ही 2024 में यह कारनामा किया था।

### रघुवंशी ने 5वीं बार 50+ स्कोर बनाया

अंगकृष रघुवंशी ने 82 रन की नाबाद पारी खेली, जो उनके आईपीएल करियर का सबसे बड़ा स्कोर है। वह आईपीएल 2026 में केकेआर के लिए सबसे ज्यादा 50+ स्कोर बनाने वाले बल्लेबाज भी बन गए। कोलकाता के लिए इस सीजन उन्होंने 5वीं बार 50+ का स्कोर बनाया। रघुवंशी आईपीएल इतिहास में एक सीजन में 5+ फिफ्टी लगाने वाले चौथे अनकैप्ड खिलाड़ी भी बने। शॉन मार्श इस मामले में पहले पर पायदान पर हैं। उनके नाम 6 फिफ्टी हैं।

## आईपीएल 2026 में 'पर्ची सेलिब्रेशन' बना चर्चा का विषय, दिग्गजों ने उठाए सवाल

**नई दिल्ली।** आईपीएल 2026 के दौरान युवा खिलाड़ियों के बीच एक नया 'ट्रेंड' शुरू हो गया है। अच्छा प्रदर्शन करने या विकेट चटकाने के बाद खिलाड़ी जेब से पर्ची निकालकर अनोखे अंदाज में जश्न मना रहे हैं। लखनऊ सुपर जायंट्स के तेज गेंदबाज आकाश सिंह तो अपने डेब्यू मुकाबले में ही तीन बार विकेट लेने के बाद पर्ची निकालकर सेलिब्रेट करते दिखाई दिए। हालांकि, इस तरह के सेलिब्रेशन पर पूर्व क्रिकटरों ने सवाल उठाए हैं। भारत के पूर्व क्रिकेटर अंबाती रायडू ने 'ईएसपीएन क्रिकइंफो' से बातचीत करते हुए आकाश के 'पर्ची सेलिब्रेशन' पर नाराजगी जाहिर की। उन्होंने कहा कि आकाश को क्या लगता है कि वह इस तरह जश्न मनाकर टीवी पर काफी कूल दिखेंगे? रायडू ने इस तरह के सेलिब्रेशन पर पूरी तरह से बैन लगाने की अपील की और कहा कि खिलाड़ियों को पर्ची लाने की इजाजत ही नहीं देनी चाहिए। आकाश ने अपनी जेब से जो पर्ची निकाली थी, उस पर लिखा था, 'अक्की ऑन फायर। आकाश को पता है कि टी20 क्रिकेट में विकेट कैसे लेना है। आकाश से जब उनके इस सेलिब्रेशन को लेकर मैच के बाद सवाल पूछा गया तो उन्होंने कहा कि इससे उन्हें अच्छा प्रदर्शन करने की प्रेरणा मिलती है। आकाश ने यहां तक कहा कि यह चीज उन्हें मैच के दौरान मोटिवेट करती है और वह ऐसा करना जारी रखेंगे। 24 वर्षीय इस तेज गेंदबाज के 'पर्ची सेलिब्रेशन' पर दक्षिण



अफ्रीका के पूर्व गेंदबाज डेल स्टेन ने भी आपत्ति जताई। स्टेन ने कहा कि इस तरह के सेलिब्रेशन पर रोक लगनी चाहिए। उन्होंने कहा कि ऐसी चीजें न तो कभी ट्रेंड में थीं और न ही होनी चाहिए। रविचंद्रन अश्विन ने भी 'पर्ची सेलिब्रेशन' को लेकर नाराजगी जाहिर की। हालांकि, इस सीजन में 'पर्ची सेलिब्रेशन' करने वाले आकाश अकेले खिलाड़ी नहीं हैं। उनसे पहले चेन्नई सुपर किंग्स के बल्लेबाज उर्विल पटेल और मुंबई इंडियंस के स्पिनर रघु शर्मा भी इसी अंदाज में जश्न मनाते नजर आ चुके हैं। ऐसे में यह बड़ा सवाल उठता है कि क्या युवा खिलाड़ियों को अपने करियर के शुरुआती दौर में इस तरह के विवादास्पद बयानों या जश्न से बचना नहीं चाहिए? विशेषकर तब, जब आकाश और रघु ने अपने पदार्पण (डेब्यू) मैच में ही यह तरीका अपनाया, और उर्विल भी अभी लीग में अपनी पहचान बनाने की कोशिश कर रहे हैं।

## आईपीएल : धर्मशाला में आरसीबी की धमाकेदार जीत, पंजाब की लगातार छठी हार

**धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के धर्मशाला स्टेडियम में खेले गए आईपीएल मुकाबले में आरसीबी ने पंजाब को उनके ही घर पर 23 रनों से मात दी है। धर्मशाला में पंजाब किंग्स इलेवन की यह लगातार तीसरी और इस सीजन में लगातार छठी हार है। इस हार के साथ ही पंजाब के प्लेऑफ में पंहुचने की उम्मीदें भी न के बराबर रह गई हैं। धर्मशाला में खेले गए इस मुकाबले में आरसीबी की शानदार ऑलराउंड परफॉर्मेंस के चलते आरसीबी ने जीत हासिल कर टेबल पॉइंट में अपनी टॉप पोजिशन बरकरार रखी है। वहीं प्लेऑफ में अपनी जगह पक्की कर ली है। उधर 223 रनों के लक्ष्य को लेकर बल्लेबाजी के लिए उतरी पंजाब की टीम निर्धारित 20 ओवरों में 8 विकेट में 199 रन ही बना पाई। इस तरह आरसीबी ने यह मैच 23 रनों से जीतकर अपनी झोली में डाल लिया। 223 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी पंजाब की शुरुआत बेहद खराब रही और उसके दोनों ओपनर जल्दी आउट हो गए। ओपनर प्रियांश आर्य शून्य पर जबकि प्रभसिमरन सिंह महज 2 रन बनाकर आउट हो गए। पंजाब की ओर से शशांक सिंह ही एकमात्र बल्लेबाज रहे जिन्होंने अर्धशतक लगाया। शशांक ने 27 गेंदों में 4



चौके और 4 छक्कों के साथ 56 रन बनाए। इसके अलावा कूपर कनोली ने 22 गेंदों में 3 चौके और 3 छक्कों के साथ 37 रन बनाए। मारकस स्टाइनिस ने 25 गेंदों में 37 और सूर्यांश शेडगे ने 22 गेंदों पर 35 रनों की पारी खेली। कप्तान श्रेयस अय्यर कुछ खास नही कर पाए और महज एक रन बनाकर आउट हो गए। अजमातुल्लाह ओमारजाई ने 10 गेंदों पर 14 रन बनाए। गेंदबाजी में आरसीबी की ओर से आर सालम ने 3 विकेट आने नाम किये। इसके अलावा ऐसा सीजन में सबसे ज़्यादा विकेट टेकर भुवनेश्वर कुमार ने दो तथा जोश हेजलवुड, सुयश शर्मा और रोमारियो शेफर्ड ने एक-एक विकेट लिए। उधर इससे पूर्व पहले बल्लेबाजी करते हुए आरसीबी ने पंजाब को जीत के लिए 223 रनों का लक्ष्य दिया था। आरसीबी ने निर्धारित 20 ओवरों में 4 विकेट पर 222 रनों के स्कोर खड़ा किया। आरसीबी की ओर से इम्पैक्ट प्लेयर के रूप में टीम में शामिल वेंकटेश अय्यर ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 40 गेंदों में 73 रनों की नाबाद पारी खेलकर आरसीबी को एक बड़े स्कोर की तरफ ले गए। उन्होंने 8 चौकों और 4 छक्कों की मदद से नाबाद 73 रन बनाए। वहीं इससे पूर्व ओपनर विराट कोहली ने भी अपना अर्धशतक बनाया। कोहली ने 37 गेंदों में 4 चौकों और 3 छक्कों के साथ 58 रन बनाए। जबकि उनके साथ तीसरे नम्बर पर बल्लेबाजी करने उतरे देवदत्त पडीकल ने भी 25 गेंदों में शानदार 45 रन बनाए। पडीकल ने इस पारी में 4 चौके और 3 छक्के लगाए। इसके बाद बल्लेबाज टिम डेविड और वेंकटेश अय्यर की शानदार साझेदारी के चलते आरसीबी ने निर्धारित 20 ओवरों में 222 रन का स्कोर खड़ा किया। टिम डेविड ने भी 12 गेंदों में 2 चौकों और 2 छक्कों के साथ नाबाद 28 रन बनाकर आरसीबी को 222 तक पंहुचाने में अहम भूमिका निभाई। वहीं टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने उतरी पंजाब की टीम से स्पिन गेंदबाज हरप्रीत बराड़ ने 4 ओवरों में 35 रन देकर दो विकेट अपने नाम किये।

## हमने बहुत सारे कैच छोड़े, केकेआर के खिलाफ मिली हार पर बोले कप्तान गिल

**कोलकाता।** आईपीएल 2026 के 60वें मुकाबले में गुजरात टाइटंस (जीटी) को कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ 29 रनों से हार का सामना करना पड़ा। जीटी के कप्तान शुभमन गिल ने माना कि खराब फील्डिंग और कई कैच छोड़ना हार की बड़ी वजह रही। केकेआर के खिलाफ मिली हार के बाद कप्तान गिल ने कहा, 'विकेट को देखकर मुझे लगा था कि 200-210 रनों का स्कोर अच्छा होगा। हमने बहुत सारे कैच छोड़े, और यह गेंदबाजों के लिए यह आसान नहीं होता है। पिच अच्छी थी। मुझे लगता है कि हमने अच्छा प्रदर्शन किया और हम यहां तक पहुंचे। कोई चिंता की बात नहीं है, लेकिन हमारी फील्डिंग और बेहतर हो सकती थी। तीन आसान कैच छोड़ने के बाद, मुझे नहीं लगता कि हम यह मैच जीतने के लायक थे। क्वालिफायर से पहले ही इस तरह के मैच खेलना ज्यादा बेहतर है।'

## अफगानिस्तान सीरीज के लिए ईशान किशन की हो सकती हैं वापसी

**नई दिल्ली।** आईपीएल 2026 के समापन के तुरंत बाद भारतीय क्रिकेट टीम अफगानिस्तान के खिलाफ एक टेस्ट और तीन मैचों की वनडे सीरीज खेलेगी। भारत और अफगानिस्तान के बीच एकमात्र टेस्ट मैच 6 जून से न्यू चंडीगढ़ में शुरू होगा। इसके बाद 14 जून से वनडे सीरीज की शुरुआत होगी। पहला मुकाबला धर्मशाला में खेला जाएगा, दूसरा मैच 17 जून को लखनऊ में और तीसरा मुकाबला 20 जून को चेन्नई में आयोजित किया जाएगा। इस दौरे के लिए टीम चयन को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं और विकेटकीपर बल्लेबाजों की दौड़ सबसे ज्यादा चर्चा में बनी हुई है। रिपोर्ट्स के अनुसार, शुभमन गिल की कप्तानी में भारतीय टीम मैदान पर उतरेगी, जबकि तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को आराम दिया जा सकता है। चयनकर्ताओं की पहली पसंद विकेटकीपर बल्लेबाज के रूप में केएल राहुल बताए जा रहे हैं। वहीं, बैकअप विकेटकीपर की भूमिका को लेकर बड़ा बदलाव देखने को मिल सकता है। अब तक इस भूमिका में ऋषभ पंत को देखा जा रहा था, लेकिन खराब फॉर्म के कारण उनकी जगह ईशान किशन को मौका मिलने की संभावना जताई जा रही है।

## मेरे हिसाब से नरेन आईपीएल इतिहास के सबसे महान खिलाड़ी : अंबाती रायडू

**नई दिल्ली।** अंबाती रायडू का मानना है कि सुनील नरेन इंडियन प्रीमियर लीग के इतिहास के सबसे महान खिलाड़ी हैं। नरेन ने गुजरात टाइटंस के खिलाफ हुए मुकाबले में कोलकाता नाइट राइडर्स को जीत दिलाने में गेंद से अहम भूमिका निभाई। ईडन गार्डन्स के मैदान पर खेले गए हाई-स्कोरिंग मुकाबले में नरेन ने 4 ओवर के स्पेल में 29 रन देकर 2 विकेट अपने नाम किए, जिसके लिए उन्हें 'प्लेयर ऑफ द मैच' भी चुना गया।अंबाती रायडू ने 'ईएसपीएन क्रिकइंफो' से बात करते हुए कहा कि नरेन की निरंतरता और बल्ले और गेंद दोनों से मैच पर असर डालने की काबिलियत उन्हें टूर्नामेंट का अब तक का सबसे महान खिलाड़ी बनाती है। रायडू ने कहा, 'मेरे हिसाब से सुनील नरेन अब तक के सबसे बेस्ट आईपीएल खिलाड़ी हैं। वह गेंद और बल्ले दोनों से मैच-विनर है। आईपीएल में कई बेहतरीन खिलाड़ी हुए हैं, लेकिन नरेन हमेशा सबसे अलग दिखते हैं। वह मेरे लिए लिस्ट में सबसे ऊपर है। 'नरेन का लंबा करियर और इम्पैक्ट उन्हें लीग में सबसे अलग बनाता है। वह आईपीएल इतिहास में 205 विकेट के साथ तीसरे सबसे अधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। नरेन से आगे सिर्फ युजवेंद्र चहल और भुवनेश्वर कुमार हैं। साल 2012 में कोलकाता नाइट राइडर्स के खेमे में शामिल हुए नरेन ने केकेआर को तीन आईपीएल खिताब दिलाने में अहम भूमिका निभाई है।

## बुंडेसलीगा लीग : बायर्न म्यूनिख ने कोलोन को 5-1 से रौंदा, हैरी केन ने लगाई हैट्रिक

**बर्लिन।** बायर्न म्यूनिख ने अपने बुंडेसलीगा कैंपेन का अंत एक और धमाकेदार प्रदर्शन के साथ किया। हैरी केन द्वारा लगाई गई हैट्रिक के दम पर बायर्न ने कोलोन को 5-1 से रौंदने के बाद ट्रॉफी को उठाया। 'शिन्हुआ' की रिपोर्ट के मुताबिक, केन ने लेनार्ट कार्ल के क्रॉस पर 10वें मिनट में बायर्न के लिए पहला गोल दागा और टीम को 1-0 की बढ़त दिलाई। इसके तीन मिनट बाद ही किमिच के फ्री-किक पर उन्होंने एक और गोल करते हुए मैच में बायर्न की पकड़ को मजबूत कर दिया।कोलोन शुरुआत में ज्यादा मौके नहीं बना पा रहा था, लेकिन सैद एल माला ने जमाल मुसियाला की मिडफील्ड में हुई गलती का फायदा उठाया। उन्होंने



बायर्न के हाफ में तेजी से बढ़ते हुए 18वें मिनट में न्यूएर को मात देकर गोल कर दिया। बायर्न ने इस गोल का जल्द ही जवाब दिया। मैच के 22वें मिनट में टॉम बिशॉफ ने शानदार गोल करते हुए बायर्न म्यूनिख को 3-1 से आगे कर दिया। हाफ टाइम से ठीक पहले गोलकीपर मार्विन श्वाबे ने लुइस डियाज के शॉट का शानदार अंदाज में बचाव किया, जबकि ब्रेक से कुछ देर पहले मुसियाला का शॉट गोल पोस्ट से लगकर वापस आ गया। कोलोन के कोच रेने वैगनर ने इंटरवल के बाद लिंटन मैना को मैदान में उतारा, और मेहमान टीम की पिच पर मौजूदगी बढ़ गई और उन्होंने ज्यादा दबाव बनाना शुरू किया। कार्ल ने पोस्ट के बाहर शॉट मारा और मुसियाला बीच-बीच में पास तक पहुंचते रहे। मैच के 69वें मिनट में गोरेट्जका के डीप से रन के बाद हैरी केन ने लंबी दूरी से जबरदस्त गोल दागा, जिससे मैच का नतीजा लगभग तय हो गया। इसके बाद गोरेट्जका को स्टैंडिंग ओवेशन मिला, जिसके बाद रिप्लेसमेंट निकोलस जैक्सन ने 83वें मिनट में अपने पहले टच से गोल करके स्कोर को 5-1 कर दिया। दूसरी तरफ, बोरुसिया डॉर्टमुंड ने वेर्डर ब्रेमेन पर 2-0 से जीत के साथ दूसरा स्थान हासिल किया, जबकि लाइपजग फ्रीबर्ग से 4-1 से हारने के बावजूद सीजन के अंत में तीसरे स्थान पर रहा।

## सुपरस्टार बनने के लिए प्रदर्शन जरूरी गौतम गंभीर की सोच पर बोले राहुल द्रविड़

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने टीम इंडिया में सुपरस्टार कल्चर को लेकर मौजूदा हेड कोच गौतम गंभीर के बयान पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। द्रविड़ का मानना है कि कोई भी खिलाड़ी बिना प्रदर्शन के सुपरस्टार नहीं बन सकता और भारत जैसे क्रिकेट प्रेमी देश में पहचान हासिल करने के लिए लगातार अच्छा खेल दिखाना जरूरी होता है। दरअसल, टीम इंडिया के मुख्य कोच बनने के बाद गौतम गंभीर ने कहा था कि भारतीय टीम में व्यक्तिगत उपलब्धियों से ज्यादा टीम की जीत और ट्रॉफी को महत्व दिया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा था कि जब तक वह कोच हैं, तब तक टीम में सुपरस्टार संस्कृति को बढ़ावा नहीं दिया जाएगा। अब एक पॉडकास्ट में इस मुद्दे पर बात करते हुए राहुल द्रविड़ ने कहा कि हर खेल को अपने नायकों की जरूरत होती है। उनके अनुसार भारत में कोई भी खिलाड़ी सिर्फ लोकप्रियता के दम पर सुपरस्टार नहीं बनता, बल्कि



उसके पीछे लगातार शानदार प्रदर्शन और टीम की सफलता में योगदान होता है। द्रविड़ ने कहा कि भारत जैसे देश में खिलाड़ियों पर काफी दबाव और निगरानी रहती है, इसलिए यहां स्टार खिलाड़ी बनने का मतलब है कि उस खिलाड़ी ने लंबे समय तक बेहतरीन प्रदर्शन किया है।

## एलिना स्वितोलिना ने जीता इटैलियन ओपन का खिताब, फाइनल में कोको गॉफ को हराया

**रोम।** सातवीं वरीयता प्राप्त एलिना स्वितोलिना ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए विमेंस सिंगल्स फाइनल मुकाबले में कोको गॉफ को दो घंटे तक चले मैच में 6-4, 6-7 (3), 6-2 से हराकर इटैलियन ओपन के खिताब को अपने नाम किया। दूसरी वरीयता प्राप्त एलेना रायबाकिना और सेमीफाइनल में इगा स्वियाटेक को हराकर फाइनल में पहुंचीं स्वितोलिना पिछले साल की रनर-अप गॉफ के खिलाफ शुरुआत में दबाव में दिखाई दीं और पहले सेट में 2-4 से पीछे चल रही थीं। मैच का टर्निंग पॉइंट आठवें गेम में आया, जब गॉफ ने 40-0 की लीड बनाने के बाद दो बार डबल-फॉल्ट किया, जिससे स्वितोलिना को ब्रेक बैक करने का मौका मिला। शिन्हुआ की रिपोर्ट के मुताबिक, यूक्रेनी खिलाड़ी स्वितोलिना ने फिर नौवें गेम में तीन ब्रेक पॉइंट बचाकर सर्व बनाई रखी और सेट 6-4 से अपने नाम कर लिया। दूसरा सेट में स्वितोलिना और गॉफ के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिली। गॉफ ने 11वें गेम में अहम ब्रेक लिया, लेकिन जब वह सेट जीतने के लिए सर्व कर रही थीं।

## चेन्नई सुपर किंग्स के लिए अब हर मुकाबला फाइनल जैसा : माइकल हसी

**लखनऊ।** इंडियन प्रीमियर लीग 2026 में लखनऊ सुपर जायंट्स से मिली हार के बाद चेन्नई सुपर किंग्स की प्लेऑफ की राह मुश्किल जरूर हो गई है, लेकिन टीम ने अभी उम्मीद नहीं छोड़ी है। चेन्नई सुपर किंग्स के बल्लेबाजी कोच माइकल हसी का कहना है कि अब टीम के लिए बचे हुए दोनों मुकाबले फाइनल जैसे हैं और खिलाड़ी इसी मानसिकता के साथ मैदान पर उतरेंगे। उनका मानना है कि आईपीएल का यही रोमांच इसे दुनिया की सबसे बड़ी क्रिकेट लीग बनाता है। लखनऊ सुपर जायंट्स ने चेन्नई सुपर किंग्स को सात विकेट से हराकर उसके समीकरण बिगाड़ दिए। पहले बल्लेबाजी करते हुए चेन्नई ने निर्धारित 20 ओवर में 187 रन बनाए थे। टीम की ओर से कार्तिक शर्मा ने शानदार 71 रन की



पारी खेली, जबकि शिवम दुबे और डेवाल्ड ब्रेविस ने भी उपयोगी योगदान दिया। इसके जवाब में लखनऊ ने मिचेल मार्श की तूफानी बल्लेबाजी के दम पर लक्ष्य आसानी से हासिल कर लिया। मार्श ने सिर्फ 38 गेंदों में 90 रन ठोकते हुए मैच का रुख पूरी तरह बदल दिया। उनके अलावा जोश इंग्लिस और निकोलस पूरन ने भी तेज बल्लेबाजी की। इस हार के बाद चेन्नई सुपर किंग्स के 12 मैचों में 12 अंक रह गए हैं। अब टीम को प्लेऑफ में पहुंचने के लिए अपने बाकी दोनों मुकाबले जीतने होंगे। इसके साथ ही उसे अन्य टीमों के नतीजों पर भी निर्भर रहना पड़ेगा। माइकल हसी ने मैच के बाद कहा कि उन्होंने अंक तालिका का बहुत गहराई से अध्ययन नहीं किया है, लेकिन इतना साफ है कि शीर्ष चार स्थानों के लिए कई टीमें कड़ी टक्कर दे रही हैं। उन्होंने कहा कि टीम को फिलहाल सिर्फ अपने प्रदर्शन पर ध्यान देना चाहिए। माइकल हसी ने कहा कि टूर्नामेंट के अंतिम चरण में दबाव काफी बढ़ जाता है और इसी दौरान कई अप्रत्याशित परिणाम भी सामने आते हैं।

व्यापार समाचार प्रचार-प्रसार प्रकाशित हेतु संपर्क करे : 9806044444

# इस सप्ताह चार कंपनियों के आईपीओ होंगे लॉन्च

**नई दिल्ली।** आज शुरू होने वाले कारोबारी सप्ताह के दौरान प्राइमरी मार्केट में मामूली हलचल रहने वाली है। इस सप्ताह चार कंपनियां अपने आईपीओ लॉन्च कर रही हैं। ये चारों आईपीओ एसएमई सेगमेंट के हैं। इस सप्ताह एसएमई सेगमेंट की दो कंपनियां स्टॉक मार्केट में एंट्री करने वाली हैं। सप्ताह के पहले दिन 18 मई को एनएफपी संपूर्ण फूड्स का 24.53 करोड़ रुपये का आईपीओ सब्सक्रिप्शन के लिए खुलेगा। इस इश्यू में 20 मई तक बोली लगाई जा सकेगी। आईपीओ में बोली लगाने के लिए 52 रुपये से लेकर 55 रुपये प्रति शेयर का प्राइस बैंड तय किया गया है, जबकि लॉट साइज 2,000 शेयर का है। आईपीओ की क्लोजिंग के बाद 21 मई को शेयरों का अलॉटमेंट फाइनल किया जाएगा, जबकि 25 मई को एनएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर कंपनी के शेयरों की लिस्टिंग हो सकती है। इसके अगले दिन 19 मई को टीमटेक फॉर्मवर्क सॉल्यूशंस का 50.15 करोड़ रुपये का आईपीओ सब्सक्रिप्शन के लिए खुलेगा। इस इश्यू में 21 मई तक बोली लगाई जा सकेगी। आईपीओ में बोली लगाने के लिए 61 रुपये से लेकर 63 रुपये प्रति शेयर का प्राइस बैंड तय किया गया है, जबकि लॉट साइज 2,000 शेयर का है। आईपीओ की क्लोजिंग के बाद 22 मई को शेयरों का अलॉटमेंट फाइनल किया जाएगा, जबकि 26 मई को एनएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर कंपनी के शेयरों की लिस्टिंग हो सकती है। सप्ताह के तीसरे कारोबारी दिन 20 मई को हरिकांता ओवरसीज का 25.63 करोड़ रुपये का आईपीओ सब्सक्रिप्शन के लिए खुलेगा। इस इश्यू में 22 मई तक बोली लगाई जा सकेगी।




आईपीओ में बोली लगाने के लिए 91 रुपये से लेकर 96 रुपये प्रति शेयर का प्राइस बैंड तय किया गया है, जबकि लॉट साइज 1,200 शेयर का है। आईपीओ की क्लोजिंग के बाद 25 मई को शेयरों का अलॉटमेंट फाइनल किया जाएगा, जबकि 27 मई को बीएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर कंपनी के शेयरों की लिस्टिंग हो सकती है। इसी दिन वेगोरामा पंजाबी अंगीठी का 38.38 करोड़ रुपये का आईपीओ सब्सक्रिप्शन के लिए खुलेगा। इस इश्यू में भी 22 मई तक बोली लगाई जा सकेगी। आईपीओ में बोली लगाने के लिए 73 रुपये से लेकर 77 रुपये प्रति शेयर का प्राइस बैंड तय किया गया है, जबकि लॉट साइज 1,600 शेयर का है। आईपीओ की क्लोजिंग के बाद 25 मई को शेयरों का अलॉटमेंट फाइनल किया जाएगा, जबकि 27 मई को बीएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर कंपनी के शेयरों की लिस्टिंग हो सकती है। जहां तक शेयर बाजार में लिस्टिंग की बात है, तो इस सप्ताह के दूसरे कारोबारी दिन 19 मई को एनएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर आरएफबीएल फ्लेक्सी पैक की लिस्टिंग हो सकती है। कंपनी ने 35.33 करोड़ रुपये का आईपीओ लॉन्च किया था, जो 21.48 गुना सब्सक्राइब हुआ था। 19 मई को ही बीएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर गोल्डलाइन फार्मास्यूटिकल के शेयर लिस्ट होकर कारोबार की शुरुआत कर सकते हैं।

# मई में भी हुई बिकवाली, विदेशी निवेशकों ने अभी तक 27,048 करोड़ के शेयर बेचे

**नई दिल्ली।** साल 2026 के दूसरे महीने यानी फरवरी के बाद से घरेलू शेयर बाजार में विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) की बिकवाली का सिलसिला मई के महीने में भी लगातार बना हुआ है। इस महीने विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक स्टॉक मार्केट में बिकवाली करके 27,048 करोड़ रुपये की निकासी कर चुके हैं। मई के महीने में अभी तक हुए कारोबार में हुई बिकवाली के आंकड़ों को मिला दिया जाए, तो कैलेंडर ईयर 2026 में विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों द्वारा घरेलू शेयर बाजार में की गई शुद्ध बिकवाली का आंकड़ा 2.20 लाख करोड़ के स्तर के करीब पहुंच गया है। नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड (एनएसडीएल) के आंकड़ों के अनुसार जनवरी से लेकर इस महीने 15 मई तक एफपीआई ने घरेलू शेयर बाजार में कुल 2,40,857 करोड़ रुपये की बिकवाली की है। जनवरी के महीने में विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने घरेलू शेयर बाजार में 35,962 करोड़ रुपये की बिकवाली की थी। फरवरी में एफपीआई ने बिकवाली की जगह लिवाली पर जोर दिया। इस महीने इन्होंने भारतीय शेयर बाजार में 22,615 करोड़ रुपये का निवेश किया। मार्च के महीने में एक बार फिर स्थिति बदल गई। इस महीने एफपीआई ने रिकॉर्ड 1.17 लाख करोड़ रुपये की रिकॉर्ड बिकवाली की। अप्रैल के महीने में भी एफपीआई की ओर से हो रही बिकवाली का सिलसिला जारी रहा। इस महीने विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने 60,847 करोड़ रुपये के शेयर बेच डाले। मौजूदा महीने में भी 15 मई तक के दस कारोबारी दिन में एफपीआई 27,048 करोड़ रुपये के शेयर बेच चुके हैं। फरवरी के महीने में विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों द्वारा की गई 22,615 करोड़ रुपये की लिवाली को इस साल की गई कुल बिकवाली के आंकड़े से यदि घटा भी दिया जाए, तब भी इस साल विदेशी निवेशकों द्वारा की गई बिकवाली का आंकड़ा दो लाख करोड़ के स्तर के ऊपर 2,18,242 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंचा हुआ नजर आता है।




## बॉलीवुड समाचार

# सुभाष घई ने 'कर्मा' से निकाला, खलनायक के लिए 'नो प्रेग्नेंसी' क्लॉज साइन किया : माधुरी दीक्षित

59 साल की हो चुकीं माधुरी दीक्षित सिर्फ अपनी फिल्मों और डांस ही नहीं, बल्कि करियर से जुड़े दिलचस्प किस्सों की वजह से भी चर्चा में रही हैं। करियर के शुरुआती दौर में सुभाष घई ने उन्हें फिल्म कर्मा में छोटा रोल दिया था, लेकिन बाद में यह कहकर उनका सीन हटा दिया कि इतनी टैलेंटेड लड़की को छोटा रोल देना सही नहीं होगा। आगे चलकर उन्होंने माधुरी को अपनी फिल्मों में बड़े रोल दिए। फिल्म खलनायक के दौरान उनसे 'नो प्रेग्नेंसी' क्लॉज भी साइन करवाया गया था, ताकि शूटिंग प्रभावित न हो। वहीं, हम आपके हैं कौन..! के लिए माधुरी को सलमान खान से ज्यादा फीस मिली थी।



### माधुरी का नाम सुनते ही फिल्म के लिए हां कर दी थी

साहिला चड्ढा के लिए माधुरी दीक्षित सिर्फ सुपरस्टार नहीं, बल्कि परिवार जैसी हैं। माधुरी के जन्मदिन पर दैनिक भास्कर से बातचीत में उन्होंने 'हम आपके हैं कौन' के सेट से लेकर बचपन तक की कई यादें साझा कीं। साहिला 'हम आपके हैं कौन' में रीटा के रोल में नजर आई थीं। साहिला कहती हैं- जब मुझे हम आपके हैं कौन..! ऑफर हुई थी, तब मैं सोलो हीरोइन वाली फिल्में कर रही थी। मैंने पहले फिल्म के लिए मना कर दिया था, क्योंकि मैं सेकेंड रोल नहीं करना चाहती थी। लेकिन जब मुझे बताया गया कि माधुरी फिल्म में होंगी, तब मैंने तुरंत हां कर दी। माधुरी मेरे लिए कोई अजनबी स्टार नहीं थीं। मैं उन्हें बचपन से जानती हूं। उनकी चाची, मेरी मौसी हैं, इसलिए फैमिली फंक्शंस में मुलाकात होती रहती थी। उनके साथ हमेशा कम्फर्ट महसूस हुआ।

### बचपन से ही स्टार बनने का सपना देखती थीं माधुरी

माधुरी बचपन से बहुत फोकस्ड थीं। उन्हें डांस का बहुत शौक था और वह छोटी उम्र से ट्रेनिंग ले रही थीं। अपने लुक्स, स्माइल, टीथ हर चीज का ध्यान रखती थीं। उन्हें शुरू से पता था कि उन्हें एक्ट्रेस बनना है। उनका पूरा फोकस अपने पैशन पर था।

### घर से खाना आता था, तो मुझे जरूर बुलाती थीं

माधुरी हर किसी से जल्दी घुलती-मिलती नहीं थीं, लेकिन जिनसे जुड़ती थीं, उनके साथ बहुत जेन्युइन रिश्ता बनाती थीं।, अगर माधुरी के घर से कुछ अच्छा खाना आता था, तो वह मुझे जरूर बुलाती थीं। कई बार किसी को भेजकर बुलवाती थीं कि आओ, साथ में खाते हैं। उनके घर से अक्सर मछली आती थी, जबकि सलमान खान के घर से पूरी यूनिट के लिए बिरयानी आती थी।

### अच्छे आइडिया को कभी रिजेक्ट नहीं करती थीं

फिल्म के कई मजेदार मोमेंट्स शूटिंग के दौरान वहीं इम्प्रोवाइज हुए थे। 'दीदी तेरा देवर दीवाना' में कद्दू वाला सीन मेरा आइडिया था। माधुरी की प्रेग्नेंसी वाले हिस्से में चाय का कप रखने वाला आइडिया भी हमने वहीं मिलकर किया था। माधुरी की सबसे अच्छी बात यह थी कि वह किसी अच्छे आइडिया को कभी रिजेक्ट नहीं करती थीं।

### नॉन-वेज खाने के लिए हम लोग चुपचाप कमरे में चले जाते थे

राजश्री प्रोडक्शंस के सेट पर बिना प्याज-लहसुन का खाना बनता था, लेकिन इतना स्वादिष्ट था कि आज तक उसका स्वाद याद है। मैं कुक से बार-बार पूछती थी कि पक्का इसमें प्याज-लहसुन नहीं डाला? उनका राजमा और बाकी सब्जियां कमाल की होती थीं। हालांकि नॉन-वेज खाने के लिए हम लोग चुपचाप कमरे में चले जाते थे।

### पिंपल होने पर माधुरी ने दिया अपना खास साबुन

एक बार माधुरी के चेहरे पर पिंपल हो गया था। तब उन्होंने मुझे बताया कि वह कौन-सा साबुन इस्तेमाल करती हैं। बाद में जब मेरे चेहरे पर पिंपल आया, तो उन्होंने वही साबुन मुझे देते हुए कहा- 'अब ये तुम्हारे काम आएगा।' उस छोटी-सी बात में भी उनका अपनापन दिखता था।

### हर शॉट में चाहती थीं परफेक्शन

माधुरी अपने काम को लेकर बहुत गंभीर रहती थीं। अगर उन्हें लगता था कि शॉट परफेक्ट नहीं हुआ, तो वह रीटेक लेने से पीछे नहीं हटती थीं। उनके अंदर परफेक्शन को लेकर अलग पैशन था। कई बार मेरा शॉट एक टेक में ओके हो जाता था और माधुरी रीटेक करती थीं। तब मैं मजाक में कहती थी- 'मेरे साथ सौतेला व्यवहार क्यों हो रहा है?'

### 'मेकअप में घंटों लगाती थीं

माधुरी अपने लुक और मेकअप को लेकर बहुत सीरियस रहती थीं। वह मेकअप में काफी समय लेती थीं। मैं आधे घंटे में तैयार होकर सेट पर पहुंच जाती थी, लेकिन वह हर चीज डिटेल में करती थीं। इस वजह से कैमरामैन को हमारी अलग-अलग लाइटिंग करनी पड़ती थी। वह ज्यादा मेकअप करती थीं और मैं बहुत कम।

### शूटिंग के बाद भी परिवार जैसा माहौल रहता था

शूटिंग खत्म होने के बाद भी पूरा यूनिट साथ वक्त बिताता था। कभी टेबल टेनिस खेलते थे, कभी शॉपिंग पर चले जाते थे, तो कभी साथ में फिल्म देखने निकल जाते थे। ऊटी में हम सबने साथ बैठकर फिल्म 'रोजा' भी देखी थी। पूरा माहौल फैमिली पिकनिक जैसा लगता था।

### सुभाष घई ने 'कर्मा' से हटाया रोल, फिर लीड हीरोइन बनाया

रिक्कू राकेश नाथ के मुताबिक, खातून ने ही माधुरी की मुलाकात सुभाष घई से करवाई थी। माधुरी को फिल्म कर्मा में छोटे डांस सीक्वेंस के लिए लिया गया था, लेकिन बाद में वह हिस्सा फिल्म से हटा दिया गया। सुभाष घई माधुरी के टैलेंट से इतने प्रभावित हुए कि उन्हें लगा कि इतना छोटा रोल उनकी क्षमता के साथ न्याय नहीं करेगा। इसी वजह से उन्होंने उनका कैमियो हटाने का फैसला किया, ताकि आगे चलकर उन्हें अपनी फिल्मों में लीड रोल दे सकें। बाद में सुभाष घई ने माधुरी को फिल्म 'उत्तर दक्षिण' में साइन किया। फिल्म को सुभाष घई ने प्रोड्यूस किया था और इसके डायरेक्टर प्रभात खन्ना थे। फिल्म में माधुरी को रजनीकांत और जैकी श्रॉफ जैसे बड़े सितारों के साथ काम करने का मौका मिला। इसके बाद माधुरी ने सुभाष घई के साथ राम लखन और खलनायक जैसी फिल्मों में भी काम किया।

### 'खलनायक' के दौरान साइन करवाया गया था 'नो प्रेग्नेंसी' क्लॉज

फिल्म 'खलनायक' की शूटिंग के दौरान माधुरी दीक्षित और संजय दत्त के अफेयर्स की खबरें सुर्खियों में थीं। इसी दौरान सुभाष घई को डर था कि अगर फिल्म की शूटिंग के बीच माधुरी ने शादी कर ली या वह प्रेग्नेंट हो गईं, तो फिल्म बीच में रुक सकती है। इसी वजह से सुभाष घई ने माधुरी से 'नो प्रेग्नेंसी' क्लॉज साइन करवाया था। इसके मुताबिक, शूटिंग के दौरान अगर माधुरी प्रेग्नेंट होतीं, तो उन्हें भारी जुर्माना भरना पड़ता। बताया जाता है कि किसी अभिनेत्री से ऐसा कॉन्ट्रैक्ट साइन करवाने वाले सुभाष घई पहले डायरेक्टर थे।

### माधुरी की सबसे बड़ी ताकत उनका पैशन है

डांस हो, रोमांटिक सीन हो या इमोशनल मोमेंट, माधुरी हर चीज में अपना सौ प्रतिशत देती थीं। सरोज खान ने उनके एक्सप्रेशंस और स्क्रीन प्रेजेंस को खूबसूरती से निखारा था।

### माधुरी को कभी एक्टिंग नहीं छोड़नी चाहिए

मुझे लगता है कि माधुरी को कभी एक्टिंग नहीं छोड़नी चाहिए। जरूरी नहीं कि वह 16 साल की हीरोइन वाले रोल करें, लेकिन अपनी स्क्रीन एज के हिसाब से दमदार किरदार निभाते रहना चाहिए। अगर माधुरी एक्टिंग छोड़ देंगी, तो मुझे बहुत दुख होगा।

### माधुरी दीक्षित को सलमान से ज्यादा फीस मिली थी

तेजाब, दिल, बेटा और साजन जैसी कई सुपरहिट फिल्में दे चुकीं माधुरी दीक्षित उस समय इंडस्ट्री की टॉप एक्ट्रेस थीं। उनका स्टारडम इतना बड़ा था कि निर्माता-निर्देशक उन्हें अपनी फिल्मों की सबसे बड़ी यूएसपी मानते थे। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, 'हम आपके हैं कौन' के लिए माधुरी दीक्षित को करीब 2.7 करोड़ रुपए फीस दी गई थी, जबकि सलमान खान को लगभग 25 लाख रुपए मिले थे। उस समय किसी अभिनेत्री को इतनी बड़ी रकम मिलना बड़ी बात मानी जाती थी। कहा जाता है कि इस फिल्म के बाद माधुरी बॉलीवुड की सबसे ज्यादा फीस लेने वाली अभिनेत्री बन गई थीं।

### 'पेइंग गेस्ट' बना पहला टेलीकास्ट शो

माधुरी दीक्षित ने राजश्री प्रोडक्शंस की फिल्म 'अबोध' से बॉलीवुड डेब्यू किया था। वह राजश्री प्रोडक्शंस के टीवी शो 'पेइंग गेस्ट' में भी नजर आई थीं। यह शो 1985 में दूरदर्शन पर टेलीकास्ट हुआ था। 'पेइंग गेस्ट' के पहले एपिसोड में माधुरी ने 'नीना' नाम की लड़की का किरदार निभाया था।

# टेलीविजन के चेहरे से अब फिल्मों तक : सुशोभन सोनू राय

अभिनेता सुशोभन सोनू राय ने हाल ही में बंगाली फिल्म 'टेक केयर भालोबासा' में अभिनय किया है। यह उनका पहला बड़े पर्दे का काम है। फिल्म में वह 'जय' नामक किरदार निभा रहे हैं। फिल्म चार दोस्तों और उनके बीच बदलते रिश्तों की कहानी है। कहानी के विभिन्न मोड़ों पर जॉय का किरदार एक सेतु का काम करता है। कभी संयमित, कभी दुविधा में और कभी सहज यह भूमिका फिल्म के भावनात्मक स्वर को प्रभावित करती है। राय ने साढ़े तीन साल की उम्र में अपने पिता को खो दिया था। उनके पिता कोलकाता के वीईसीसी (ङ्कश्वष्टष्ट) में कार्यरत थे। पिता के निधन के बाद परिवार की पूरी जिम्मेदारी उनकी माँ पर आ गई। उन्होंने अकेले ही नौकरी और घर दोनों को संभाला और अपने बेटे का पालन-पोषण किया। उनकी माँ आज भी उनके साथ रहती हैं। राय एकमात्र संतान हैं।



राय के करियर की शुरुआत एक नर्तक के रूप में हुई। उन्होंने लगभग दो साल तक पश्चिमी नृत्य का प्रशिक्षण लिया। इस दौरान उन्होंने मंचीय कार्यक्रमों और सांस्कृतिक आयोजनों में भाग लिया। बाद में उन्होंने अभिनय की ओर रुख किया। उन्होंने दमदम मोतीझील रवींद्र महाविद्यालय से वाणिज्य में स्नातक की पढ़ाई पूरी की। शुरुआत में राय ने मुंबई में विभिन्न प्रोजेक्ट्स के लिए ऑडिशन दिए। उन्होंने निर्देशक और निर्माता पियूष साहा के मार्गदर्शन में लगभग दो साल तक अभिनय कार्यशालाओं में प्रशिक्षण लिया। 2019 में राय ने आकाश आठ चैनल के धारावाहिक 'आनंदमयी माँ' से टेलीविजन पर अपने अभिनय करियर की शुरुआत की। दिवंगत निर्देशक देवीदास भट्टाचार्य के निर्देशन में इस धारावाहिक में उन्होंने एक वैष्णव भक्त की भूमिका निभाई। इसके बाद वह स्टार जलसा के 'मोहर', 'कोड़ापाखी', 'तितली', 'खेलाघर' और जी बांग्ला के 'जमुना ढाकी' जैसे धारावाहिकों में नजर आए। 'कोड़ापाखी' में उन्होंने पार्नो मित्रा के साथ एक नकारात्मक किरदार निभाया। कोविड-19 महामारी के दौरान, जब टेलीविजन का उत्पादन धीमा हो गया, तो राय ने मॉडलिंग की ओर रुख किया। 2023 के बाद से वह हॉलिडे इन होटल, डाबर, टाइटन आई+, वेलोसिटी आईवियर, अमेज़न, स्पेंसर, कैंपस शूज़, बिग बाज़ार जैसे ब्रांड्स के विज्ञापन अभियानों में दिखाई दिए। राय ने कोलकाता में आयोजित 'एथनिक एलिगेंस 2025' प्रतियोगिता में भी भाग लिया, जहां वह प्रथम रनर-अप रहे। इस प्रतियोगिता में पोर्टफोलियो प्रस्तुति, रैंप वॉक और साक्षात्कार शामिल थे। राय का जन्म हावड़ा में हुआ था। उन्होंने अपना कुछ बचपन गुवाहाटी में बिताया। हाल के वर्षों में बंगाली टेलीविजन के कई अभिनेताओं ने अपने काम को फिल्मों और डिजिटल परियोजनाओं तक विस्तारित किया है। राय का सिनेमा में कदम इसी प्रवृत्ति का हिस्सा है। वर्तमान में वह अभिनय और मॉडलिंग के काम में सक्रिय हैं।

# केवल लोकप्रियता ही सफलता नहीं होती : उर्वशी रौतेला

अपने करियर और अभिनय को लेकर बॉलीवुड अभिनेत्री उर्वशी रौतेला ने नया नजरिया अपनाने की बात कही है। उर्वशी रौतेला ने बताया कि उनके लिए सिर्फ स्क्रीन पर दिखना या लोगों से तारीफ पाना मायने नहीं रखता, बल्कि वह ऐसे प्रोजेक्ट्स का हिस्सा बनना चाहती हैं जिनमें गहराई, भावनाएं और कोई सार्थक संदेश हो। एक्ट्रेस का कहना है कि समय के साथ उन्होंने समझा है कि कलाकार की असली पहचान उसके काम की सच्चाई और दर्शकों से उसके भावनात्मक जुड़ाव से बनती है। उर्वशी ने कहा कि करियर की शुरुआत में हर कलाकार चाहता है कि उसे पहचान मिले और लोग उसे नोटिस करें, लेकिन केवल लोकप्रियता ही सफलता नहीं होती। उनके मुताबिक अगर किसी कहानी या किरदार में सच्चाई और भावना नहीं होगी तो वह लंबे समय तक लोगों के दिलों में जगह नहीं बना पाएगा। अभिनेत्री ने कहा कि अब वह सिर्फ दिखावे या ग्लैमर के लिए काम नहीं करना चाहतीं, बल्कि ऐसी फिल्मों और कहानियों का हिस्सा बनना चाहती हैं जो दर्शकों को सोचने पर मजबूर करें और समाज में जागरूकता पैदा करें। गौरतलब है कि उर्वशी रौतेला ने अपने फिल्मी करियर की शुरुआत साल 2013 में आई फिल्म सिंह साहब द ग्रेट से की थी, जिसमें उनके साथ अभिनेता सनी देओल नजर आए थे। इस फिल्म ने उन्हें बॉलीवुड में पहचान दिलाई और इसके बाद उन्होंने कई फिल्मों में अलग-अलग भूमिकाएं निभाईं। अब वह अपनी आगामी वेब सीरीज इंस्पेक्टर अविनाश सीजन 2 को लेकर चर्चा में हैं।



# 'रेडी' में संवाद में बदलाव ने खास बनाया रोल को : कुब्रा सैत

हाल ही में बॉलीवुड अभिनेत्री कुब्रा सैत ने अपनी पहली फिल्म 'रेडी' से जुड़ा दिलचस्प अनुभव साझा किया। कुब्रा ने बताया कि इस फिल्म में उनके किरदार को खास और यादगार बनाने का विचार सुपरस्टार सलमान खान का था। अभिनेत्री ने कहा कि अगर उन्होंने उस समय यह छोटा रोल स्वीकार नहीं किया होता, तो शायद उनके अभिनय करियर का सफर भी अलग होता। अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर कुब्रा सैत ने एक वीडियो साझा किया, जिसमें वह अपने शुरुआती संघर्ष और फिल्म 'रेडी' से जुड़ी यादों के बारे में बात करती नजर आईं। उन्होंने बताया कि यह उनकी पहली फिल्म थी और उस समय वह बेहद उत्साहित थीं। अभिनेत्री ने कहा कि उन्होंने इस रोल के लिए छोटी काले रंग की ड्रेस पहनकर ऑडिशन दिया था और निर्देशक अनीस बज्मी के फैसले का इंतजार कर रही थीं। कुब्रा ने बताया कि शुरुआत में उन्हें फिल्म में एक साधारण नौकरानी का किरदार मिला था, जिसमें उनके लिए कोई डायलॉग नहीं लिखे गए थे। हालांकि बाद में सलमान खान ने सुझाव दिया कि उनके किरदार को टूटी-फूटी अंग्रेजी बोलने वाली मेड के रूप में पेश किया जाए। यह



आइडिया निर्देशक अनीस बज्मी को बेहद पसंद आया और इसके बाद कुब्रा के किरदार में संवाद जोड़े गए। अभिनेत्री के अनुसार, इसी बदलाव ने उनके रोल को दर्शकों के बीच खास बना दिया। उन्होंने कहा कि उस समय कई लोगों ने उन्हें सलाह दी थी कि इतना छोटा और अलग तरह का रोल करना उनके करियर के लिए सही नहीं होगा। लोगों का मानना था कि वह जल्दबाजी कर रही हैं, लेकिन कुब्रा ने अपने दिल की सुनी। उन्होंने कहा कि अगर उन्होंने 'रेडी' में वह किरदार नहीं निभाया होता, तो शायद वह आगे चलकर 'कुकू' जैसा यादगार किरदार निभाने का मौका भी नहीं पा पातीं।

# मां ने कभी भी पेशेवर फैसलों में दखल नहीं दिया : पलक तिवारी

मनोरंजन जगत में अपनी अलग पहचान बना रहीं अभिनेत्री पलक तिवारी ने हाल ही में अपनी मां और टीवी इंडस्ट्री की चर्चित अभिनेत्री श्वेता तिवारी के साथ अपने रिश्ते और करियर को लेकर खुलकर बातचीत की। पलक तिवारी इन दिनों अपनी वेब सीरीज लुक्खे को लेकर लगातार सुर्खियों में बनी हुई हैं। पलक ने बताया कि उनकी मां ने कभी भी उनके पेशेवर फैसलों में दखल नहीं दिया और हमेशा उन्हें अपनी सोच के अनुसार आगे बढ़ने की पूरी आजादी दी। पलक तिवारी ने कहा कि उनकी और उनकी मां की जिंदगी के अनुभव काफी अलग रहे हैं, इसलिए दोनों का नजरिया भी अलग है। उनके मुताबिक हर कलाकार का सफर



अलग होता है और वही अनुभव उसके फैसलों को प्रभावित करते हैं। पलक ने बताया कि जिस दौर में श्वेता तिवारी ने अपने अभिनय करियर की शुरुआत की थी, वह आज के समय से काफी अलग था। ऐसे में दोनों की सोच, काम करने का तरीका और कहानियों को समझने का नजरिया भी स्वाभाविक रूप से अलग है। उन्होंने कहा कि उनकी मां हमेशा उनका मार्गदर्शन जरूर करती हैं, लेकिन कभी किसी फैसले को लेकर दबाव नहीं बनातीं। पलक के अनुसार, श्वेता तिवारी चाहती हैं कि वह अपने करियर से जुड़े फैसले खुद लें और अपनी पसंद के अनुसार आगे बढ़ें।

उन्होंने कहा कि उनकी मां का मानना है कि किसी भी कलाकार को वही काम करना चाहिए जिससे वह भावनात्मक रूप से जुड़ाव महसूस करे, क्योंकि अभिनय सिर्फ एक पेशा नहीं बल्कि भावनाओं से जुड़ी कला है। पलक ने बातचीत के दौरान यह भी बताया कि उनकी मां अक्सर उनसे पूछती हैं कि जो प्रोजेक्ट वह चुन रही हैं, क्या वह वास्तव में उन्हें पसंद है या नहीं। उन्होंने कहा कि श्वेता तिवारी कभी किसी फिल्म, शो या किरदार को करने के लिए मजबूर नहीं करतीं। वह सिर्फ यह समझने की कोशिश करती हैं कि वह काम पलक के लिए सही है या नहीं और उससे उन्हें संतुष्टि मिलेगी या नहीं। अभिनेत्री ने आगे कहा कि उनकी मां हमेशा उन्हें दिल की आवाज सुनने की सलाह देती हैं।

पलक के मुताबिक अगर किसी कलाकार को कहानी या किरदार भीतर से महसूस नहीं होता, तो अभिनय केवल औपचारिकता बनकर रह जाता है। अभिनय का असली आनंद तभी आता है जब कलाकार अपने किरदार से भावनात्मक रूप से जुड़ जाए।

# छत्तीसगढ़ दवा व्यापारी संगठनों के आह्वान पर कैट का नैतिक समर्थन

रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)

कैट प्रदेश कार्यालय में जुटे छत्तीसगढ़ के विभिन्न व्यापारिक संगठन, सर्वसम्मति से दिया दवा व्यापारिक संगठनों को समर्थन ऑनलाइन व्यापार, भारी डिस्काउंट संस्कृति एवं असमान व्यापारिक व्यवस्था के खिलाफ व्यापारी समाज ने दिखाई मजबूत एकजुटता



देश के सबसे बड़े व्यापारिक संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (CAIT ) के राष्ट्रीय वाइस चेयरमेन एवं राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड (भारत सरकार) के सदस्य अमर पारवानी, छत्तीसगढ़ इकाई के चेयरमेन जितेन्द्र दोशी, विक्रम सिंहदेव, अध्यक्ष परमानंद जैन, वाइस चेयरमेन सुरिन्दर सिंह, जीवत बजाज, महामंत्री अवनीत सिंह, कोषाध्यक्ष विजय पटेल, कार्यकारी अध्यक्ष राजेंद्र जग्गी, वासु माखीजा, राम मंधान, भरत जैन, राकेश ओचवानी एवं शंकर बजाज ने संयुक्त रूप से बताया कि छत्तीसगढ़ केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन द्वारा 20 मई को प्रस्तावित मेडिकल व्यापार बंद के समर्थन एवं ऑनलाइन व्यापार के बढ़ते प्रभाव, ई-कॉमर्स कंपनियों की भारी डिस्काउंट संस्कृति तथा पारंपरिक व्यापार पर पड़ रहे प्रतिकूल प्रभाव को लेकर आज ष्टड्डढ्ढ छत्तीसगढ़ द्वारा आयोजित महत्वपूर्ण बैठक में प्रदेशभर के विभिन्न व्यापारिक संगठनों ने व्यापक एकजुटता का परिचय दिया। कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (ष्टड्डढ्ढ) के राष्ट्रीय वाइस चेयरमेन अमर पारवानी ने कहा कि ष्टड्डढ्ढ प्रदेश कार्यालय, पंडरी रायपुर में आयोजित इस महत्वपूर्ण एवं रणनीतिक बैठक में विभिन्न व्यापारिक संगठनों के पदाधिकारियों एवं प्रतिनिधियों ने बड़ी संख्या में सहभागिता करते हुए सर्वसम्मति से दवा व्यापारी संगठनों को नैतिक समर्थन प्रदान किया। बैठक में यह स्पष्ट रूप से कहा गया कि यह केवल दवा व्यापार का विषय नहीं बल्कि देश के समस्त पारंपरिक व्यापार, छोटे व्यापारियों एवं स्थानीय बाजार व्यवस्था के संरक्षण का विषय है।

छत्तीसगढ केमिस्ट एण्ड् ड्रगिस्ट एसोसियेषन के अध्यक्ष विनय कृपलानी ने बताया कि बैठक में उपस्थित व्यापारिक संगठनों ने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि ऑनलाइन कंपनियों द्वारा लगातार दी जा रही भारी छूट, अनियंत्रित डिस्काउंट संस्कृति एवं असमान व्यापारिक प्रतिस्पर्धा के कारण पारंपरिक व्यापार गंभीर संकट का सामना कर रहा है। इससे छोटे व्यापारियों, स्थानीय बाजारों एवं रोजगार व्यवस्था पर लगातार प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है।

व्यापारी प्रतिनिधियों ने कहा कि यदि समय रहते समान व्यापारिक व्यवस्था एवं पारदर्शी नीति लागू नहीं की गई तो आने वाले समय में देश का पारंपरिक व्यापार गंभीर चुनौतियों के दौर से गुजर सकता है। ऐसे समय में व्यापारी समाज की एकजुटता ही सबसे बड़ी शक्ति है।

बैठक में व्यापारी हितों की रक्षा, स्थानीय व्यापार को सशक्त बनाने, वोकल फॉर लोकल, सशक्त स्वदेशी एवं पारंपरिक व्यापार को संरक्षण देने जैसे विषयों पर भी विस्तृत चर्चा हुई।

साथ ही विभिन्न व्यापारिक संगठनों के बीच समन्वय को और मजबूत करने एवं भविष्य में संयुक्त रूप से व्यापारी हितों की आवाज बुलंद करने पर सहमति बनी।

बैठक में उपस्थित सभी संगठनों ने 20 मई को प्रस्तावित मेडिकल व्यापार बंद को समर्थन देते हुए व्यापारी एकजुटता को और मजबूत करने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर विभिन्न व्यापारिक संगठनों के पदाधिकारी एवं प्रतिनिधि बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# विधायक बोहरा ने 65 लाख के विकास कार्यों का किया लोकार्पण एवं भूमिपूजन



रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)


पंडरिया विधानसभा में विधायक भावना बोहरा के निरंतर प्रयासों से क्षेत्र के गांव-गांव में विकास व अधोसंरचना निर्माण कार्य तेजी से हो रहे हैं। आज विधायक भावना बोहरा ने ग्राम रणवीरपुर में 65 लाख 64 हजार रु से अधिक के विभिन्न विकास व अधोसंरचना निर्माण कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया। इस दौरान उन्होंने नवनीर्मित महतारी सदन, शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला के उन्नयन कार्य, बूढ़ादेव मंदिर के सामने सामुदायिक भवन तथा माध्यमिक शाला में अतिरिक्त कक्ष कुल 51लाख 14 हजार से अधिक के कार्यों का लोकार्पण किया। इसके साथ ही 14 लाख 50 हजार की लागत से सामुदायिक भवन, अटल समरसता भवन एवं अटल डिजिटल सुविधा केंद्र निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया।

इस अवसर पर विधायक भावना बोहरा ने कहा कि इन कार्यों के माध्यम से क्षेत्र में सामाजिक, शैक्षणिक एवं डिजिटल सुविधाएं और अधिक सुदृढ़ होंगी जिसका सीधा लाभ क्षेत्रवासियों को मिलेगा। विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध होगा तथा ग्रामीणों को सामाजिक एवं सुविधाजनक स्थान प्राप्त होगा।प्रदेश सरकार के नेतृत्व में पंडरिया विधानसभा क्षेत्र में शिक्षा, अधोसंरचना एवं ग्रामीण विकास को प्राथमिकता देते हुए लगातार विकास कार्य कराए जा रहे हैं। क्षेत्र के प्रत्येक गांव तक मूलभूत सुविधाएं पहुंचाना एवं जनता की आवश्यकताओं के अनुरूप विकास कार्य कराना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है।

# वकीलों की सुरक्षा भगवान भरोसे - डॉ. महंत

रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)

छत्तीसगढ़ विधानसभा नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने रायगढ़ जिला बार एसोसिएशन द्वारा वकीलों की सुरक्षा को लेकर किए जा रहे आंदोलन और उनकी सभी न्यायसंगत मांगों का पूर्ण समर्थन किया है। जारी एक तीखे बयान में नेता प्रतिपक्ष ने प्रदेश की चरमराती कानून-व्यवस्था पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए राज्य की भाजपा सरकार को आड़े हाथों लिया। डॉ. चरणदास महंत ने कहा, यह बेहद शर्मनाक और विचलित करने वाली विडंबना है कि जब समाज को न्याय दिलाने और कानून की लड़ाई लड़ने वाले वकील ही इस राज्य में सुरक्षित नहीं हैं, तो प्रदेश की आम जनता अपनी सुरक्षा की उम्मीद आखिर किससे करे? वीआईपी संभाग में कानून-व्यवस्था ध्वस्त, सरकार की प्रशासनिक विफलता पर कड़ा प्रहार करते हुए नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि जिस संभाग और जिले से स्वयं प्रदेश के मुख्यमंत्री, वित्तमंत्री और सरकार के



कई रसूखदार मंत्री आते हैं, वहां एक होनहार आदिवासी महिला अधिवक्ता की ऐसी नृशंस हत्या हो जाती है। घटना के इतने दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस के हाथ खाली हैं, जो सरकार की अकर्मण्यता को दर्शाता है। साफ दिख रहा है कि यह डबल इंजन तंत्र अपराधियों को सलाखों के पीछे भेजने और पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने के बजाय सिर्फ अपनी नाकामियों पर पर्दा डालने में लगा है। साय सरकार का पूरा ध्यान जमीनी कानून-व्यवस्था को सुधारने पर नहीं।

# ग्रीन आर्मी का 13 सप्ताह से लगातार महाअभियान जारी उमड़ रहा जनसैलाब

रायगढ़ (प्रतिदिन राजधानी)

ग्रीन आर्मी रायपुरा जोन द्वारा गदही तालाब में विगत 13 सप्ताह से लगातार जनसहभागिता के साथ सफाई एवं श्रमदान अभियान चलाया जा रहा है। आज आयोजित अभियान में लगभग 70 लोगों ने उत्साहपूर्वक श्रमदान कर तालाब संरक्षण एवं स्वच्छता का संदेश दिया। समय बीतने के साथ लोगों का जोश, जनसमर्थन एवं सहभागिता लगातार बढ़ती जा रही है। अब यह अभियान केवल सफाई तक सीमित नहीं रहकर जनआंदोलन का रूप लेता जा रहा है, जिसमें हर वर्ग के लोग



स्वेच्छा से जुड़ रहे हैं। अभियान के दौरान अब तक तालाब परिसर में गार्डन की सफाई, पचरी एवं पाथवे की सफाई, पाउच-पन्नी-पॉलीथिन हटाना, हनुमान मंदिर परिसर एवं आसपास की झाड़ियों की सफाई, कंटीली झाड़ियों को हटाना, तालाब में गिरे पेड़ों को निकालना, स्ट्रीट लाइट चालू करवाना एवं सुरक्षा व्यवस्था हेतु खंभे लगाए जाने जैसे अनेक महत्वपूर्ण कार्य किए गए हैं। सफाई अभियान के दौरान तालाब क्षेत्र से गद्दा, तकिया, साड़ी, पूजन सामग्री, दवाई की स्ट्रिप, इंजेक्शन सामग्री, मेडिकल कचरा, कांच, कील, डिस्पोजल, थर्माकोल एवं अन्य जहरीली एवं नुकसानदायक सामग्री बड़ी मात्रा में निकाली गई। यह दृश्य इस बात का प्रमाण है कि यदि समाज जागरूक न हो तो जलस्रोत किस प्रकार धीरे-धीरे प्रदूषण एवं अव्यवस्था की चपेट में आ जाते हैं। ग्रीन आर्मी द्वारा लगातार डोर टू डोर जनसंपर्क कर लोगों को तालाब संरक्षण के प्रति वितरण कर जनभागीदारी बढ़ाई जा रही है। अभियान में मातृशक्ति, वरिष्ठ सक्रिय भागीदारी लगातार बढ़ रही है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि वर्षों बाद तालाब परिसर में ऐसा सकारात्मक परिवर्तन एवं सामाजिक एकजुटता देखने को मिल रही है। आज के अभियान में संस्था के संस्थापक एवं प्रदेश अध्यक्ष अमिताभ दुबे जी, डीडीयू नगर जोन, पुरानी बस्ती जोन, टाटीबंध जोन, ब्राह्मणपारा जोन एवं अमलेश्वर जोन सहित ग्रीन आर्मी के विभिन्न जोनों के सदस्यों ने श्रमदान किया।

दैनिक
प्रतिदिन राजधानी
आम आदमी का खास अखबार
के 25 वर्ष पूर्ण होने पर
आकर्षक ऑफर कम दर में
क्लासीफाईड विज्ञापन
प्रकाशित करें
पब्लिक नोटिस
आम सूचना
कोर्ट नोटिस
खरीदी बिक्री
आवश्यकता
अखबार पढ़ने के लिए स्केन करे :-
VISIT US ON SCAN
संपर्क करें:-
शारदा चौक, रायपुर (छ.ग.)
9806044444
pratidincg@gmail.com
https://epaper.pratidinrajdhani.in

विज्ञापन एजेंसियां

मीतनिशा एडवरटाइजिंग
23, तीसरा माला रियो काम्पलेक्स, फ्रुट मार्केट के सामने
लालपुर, रायपुर ( छ.ग. ) मो. 98271-46567,93298-46567

ए.के. एडवरटाइजर्स
चिमन प्लाजा, लिबाज टेलर के बाजू तात्यापारा, रायपुर
मो. 9826145558, 07714028271

प्रेम प्रकाश मध्यानी एड एजेंसी
लक्ष्मी ड्रेसेस - कपूर होटल के सामने, श्याम नगर, रायपुर
मो. 93294-07988

एम्बेसी कारपोरेट प्रमोशन
13-14 तीसरा माला अशोका मिलेनियम, राजेन्द्र नगर रिंग नं.1,
रायपुर, मो. 99811-30300

खन्ना एडवरटाइजर्स
ए-5/2, शंकरनगर सेक्टर- I, केनरा बैंक वाली गली, रायपुर
मो. 98271-44343, 93001-60001 2524032

शिवम् पब्लिसिटी
नत्थानी बिल्डिंग बूढ़ापारा, रायपुर
फोन नं. 2539968, मो.-93291-00263

राजेश पब्लिसिटी
समता कॉलोनी, कृष्णा टॉकीज के पास, रायपुर
फोन नं. 4043063, मो-94252-08899, 99263-08899

प्रयास एडवरटाइजर्स
ग्राउंड फ्लोर 13, सत्य सांई प्लाजा, लेडिकल हॉस्पिटल,
पुराना बस स्टैंड के पास, शिव टाकीज रोड बिलासपुर,
रायपुर, द्वितीय तल श्याम प्लाजा, पंडरी शाप
मो. 98267-01259, 62642-74844

माँ एड एजेंसी
ग्राउण्ड फ्लोर, मंजीत टॉवर, रायपुरा चौक के पास, रायपुर
Website: www.maaadagency.com
मो. 78691-87165

प्रतिदिन राजधानी

रायपुर, सोमवार 18 मई 2026

https://epaper.pratidinrajdhani.in

## बलून डेकोरेशन प्रतियोगिता में वैष्णवी गुप्ता चौहान ने प्राप्त किया प्रथम स्थान

**रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)**



अखिल भारतीय महिला 'महा मंडल, कच्छ गुर्जर क्षत्रिय समाज के अंतर्गत आयोजित 卐फन फेयर एवं मस्ती महोत्सव卐 में आयोजित बलून डेकोरेशन प्रतियोगिता में जबलपुर की वैष्णवी गुप्ता चौहान ने प्रथम स्थान प्राप्त कर समाज एवं परिवार का नाम गौरवान्वित किया है। प्रतियोगिता में देशभर से प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया, जिसमें वैष्णवी ने अपनी रचनात्मकता, कला एवं संवेदनशील प्रस्तुति से सभी का मन मोह लिया। उन्होंने बरगी बांध क्रूज हादसे में दिवंगत लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए बलून डेकोरेशन के माध्यम से एक भावनात्मक एवं आकर्षक कलाकृति प्रस्तुत की, जिसकी निर्णायकों एवं उपस्थितजनों द्वारा विशेष सराहना की गई।

जश्ने बाजार इवेंट एंड डेकोरेशन की संचालिका वैष्णवी, श्रीमती करुणा चौहान एवं श्री महेश कुमार चौहान की पुत्रवधू हैं तथा उनके माता-पिता श्री शिवशंकर गुप्ता एवं श्रीमती सुमन गुप्ता हैं। वैष्णवी की इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर परिवारजनों, समाजजनों एवं शुभचिंतकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए गर्व महसूस किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ प्रेषित की हैं।

### ग्रामीण अंचल की बेटी बनी प्रेरणा

# मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सराहा उत्कृष्ट प्रदर्शन

**रायपुर, (प्रतिदिन राजधानी)**

धमतरी जिले के छोटे से ग्राम कंडेल की बेटी कुमारी कुसुम लता बिप्रे ने अपनी प्रतिभा, मेहनत और दृढ़ संकल्प से पूरे प्रदेश को गौरवान्वित किया है। सीमित संसाधनों के बावजूद कठिन परिश्रम और आत्मविश्वास के बल पर उन्होंने माध्यमिक शिक्षा मंडल की परीक्षा में 97.40 प्रतिशत अंक अर्जित कर प्रदेश की प्रावीण्य सूची में पांचवां स्थान प्राप्त किया। उनकी इस उपलब्धि ने न केवल धमतरी जिले का गौरव बढ़ाया है, बल्कि ग्रामीण अंचल की बेटियों के लिए प्रेरणा की नई मिसाल भी प्रस्तुत की है।



सुशासन तिहार 2026 के अंतर्गत धमतरी में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने कुसुम लता को मंच पर सम्मानित कर उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री ने उन्हें शॉल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया तथा आगे की पढ़ाई और तकनीकी शिक्षा में सहयोग के उद्देश्य से टैबलेट प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि प्रदेश की बेटियां आज शिक्षा, खेल, विज्ञान और प्रशासन सहित हर क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रही हैं और राज्य सरकार उनकी प्रतिभा को आगे बढ़ाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों से निकल रही ऐसी प्रतिभाएं विकसित छत्तीसगढ़ की नई पहचान हैं और सरकार प्रत्येक मेधावी विद्यार्थी को बेहतर अवसर उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि कुसुम लता की सफलता केवल व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं, बल्कि यह ग्रामीण शिक्षा व्यवस्था, परिवार के संस्कार और विद्यार्थियों की मेहनत का सकारात्मक परिणाम है। साधारण परिवार से आने वाली कुसुम लता ने यह सिद्ध कर दिया कि यदि लक्ष्य स्पष्ट हो और मन में आगे बढ़ने का संकल्प हो, तो परिस्थितियां सफलता की राह में बाधा नहीं बन सकतीं।

कुसुम लता ने बताया कि उन्होंने नियमित अध्ययन, अनुशासन और परिवार के सहयोग के बल पर यह सफलता हासिल की है। उनकी इस उपलब्धि से जिले के अन्य विद्यार्थियों में भी शिक्षा के प्रति नई ऊर्जा और प्रेरणा का संचार हुआ है। ग्रामीण अंचल की अनेक बेटियां अब उन्हें अपनी प्रेरणा के रूप में देख रही हैं।

## लव जिहाद की घटनाएं झारखंड प्रदेश में तेजी से बढ़ रही हैं: अनूप पांडेय

**एजेंसी, रांची (झारखंड)**



हिंदू संघर्ष समिति के राष्ट्रीय महामंत्री अनूप पांडेय ने झारखंड प्रदेश में हिंदू संघर्ष समिति के विस्तार और संगठन को मजबूती की दृष्टिकोण से संघर्ष समिति के कोर कमेटी की बैठक ली। शनिवार को इस दौरान रांची में पत्रकारों को बयान देते हुए कहा कि लव जिहाद की घटनाएं झारखंड प्रदेश में तेजी से बढ़ रही हैं। पश्चिम बंगाल में जब से भाजपा की सरकार बनी है तब से बांग्लादेशी, रोहंगिया घुसपैठिए झारखंड प्रदेश में अपना पनाहगाह बना रहे हैं क्योंकि यहां की सरकार उनके लिए अवसर दे रही है और साथ ही सुनियोजित तरीके से उनको बसा रही हैं।

श्री अनूप पांडे ने जोर देते हुए कहा कि झारखंड में आदिवासी समाज के ऊपर संकट का बादल मंडरा रहा है। अगर इसको तेजी से रोका नहीं गया तो आगे आने वाले दिनों में झारखंड प्रदेश आदिवासियों की सभ्यता और संस्कृति दोनों नष्ट हो जाएगी। यहां इस्लाम धर्म का प्रभाव बढ़ जाएगा। साथ ही सुनियोजित तरीके से भोले भाले आदिवासी समुदाय सहित अन्य वर्ग के लोगों को जबरदस्ती और प्रलोभन और फुसलाकर धर्मांतरित कराने का गंदा खेल खेला जाएगा। उन्होंने कहा, वर्तमान राज्य सरकार मुस्लिम तुष्टिकरण की नीति पर काम करने में अप्रत्यक्ष रूप से लगी है, जो आने वाले दिनों में घातक सिद्ध होगा। इसके लिए हम सभी इसका आने वाले दिनों में कड़ा विरोध करने के लिए बाध्य होंगे।

उन्होंने कहा कि घुसपैठ के कारण कई जिलों की डेमोग्राफी में भारी बदलाव हुआ है। यहां पर सरकार की लचर नीतियों के कारण घुसपैठियों ने आतंक मचा रखा है। जब तक यहां भाजपा की सरकार नहीं बनेगी घुसपैठिया मुसलमान यहां अत्याचार करते रहेंगे। क्योंकि जिस तरीके से ममता बनर्जी ने पश्चिम बंगाल में घुसपैठियों को अपना वोट बैंक बनकर हिंदुओं पर अत्याचार कर रही थी, उसी प्रकार से कांग्रेस और हेमंत सोरेन की सरकार ने कर रही है।

# टीआई ने गाया रोमांटिक सॉन्ग फॉरेस्टर ने पापा कहते हैं गाकर झुमाया



पापा कहते हैं गीत की प्रस्तुति देते गिरीश रजक



पूर्व शिक्षिका ज्योति चक्रवर्ती के साथ ग्रुप फोटो क्लिक कराती पूर्व छात्रों की पत्नियां।



फैमिली का परिचय देते पूर्व छात्र राहुल द्विवेदी



पूर्व शिक्षिका अल्का सिंह को स्मृति चिन्ह देते कैलाश धावक, हरीश जगवानी, राहुल द्विवेदी अशोक तिवारी और पूरण लालवानी।



सुनैना गीत की प्रस्तुति देते पूर्व छात्र और धमधा के थाना प्रभारी रामनारायण ध्रुव



परिवार का परिचय देते वैज्ञानिक असीम थवाईत।

- गुरुजनों के चरणों में झुका 1996 बैच, राजिम में भावनाओं और यादों से सजा हरिहर परिवार का भव्य मिलन
- 1996 से आए हैं, 2026 तक छाए हैं...स्लोगन की मची धूम

**रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)**

जीवन की आपाधापी में भले ही लोग अपने काम और जिम्मेदारियों में व्यस्त हो जाते हैं, लेकिन स्कूल की यादें हमेशा दिल के सबसे करीब रहती हैं। कुछ ऐसा ही भावुक और आत्मीय नजारा राजिम के प्रेम रतन पैलेस में देखने को मिला, जहां शासकीय हरिहर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नवापारा के 1996 बैच के पूर्व छात्र वर्षों बाद एक मंच पर जुटे। गुरु शिष्य मिलन समारोह के रूप में आयोजित यह कार्यक्रम केवल पुनर्मिलन नहीं, बल्कि रिश्तों, संस्कारों और यादों का उत्सव बन गया।

कार्यक्रम की शुरुआत राज गीत से हुई। इसके बाद ढोल-नगाड़ों और पुष्पवर्षा के बीच गुरुजनों का भव्य स्वागत किया गया। पूर्व छात्र अपने शिक्षकों के चरण स्पर्श कर आशीर्वाद लेते नजर आए। कई शिक्षक अपने विद्यार्थियों को परिवार और बच्चों के साथ देखकर भावुक हो उठे। पूरे समारोह में अपनापन और सम्मान का माहौल दिखाई दिया।

पूर्व छात्र और वर्तमान में धमधा टीआई रामनारायण ध्रुव ने आज इन नजारों को तुम देखो... रोमांटिक गीत गाकर माहौल को खुशनुमा बना दिया। जंगल सफारी नया रायपुर के फॉरेस्टर गिरीश रजक ने पापा कहते हैं बड़ा नाम करेगा... गाकर खुद भी थिरके बल्कि दोस्तों को भी जमकर थिरकाया।

### एमआर से मेडिकल शॉप ओनर बने राहुल

वैसे तो इस कार्यक्रम में मौजूद हर छात्र की विशेष कहानी थी। इन्हीं में से एक राहुल द्विवेदी भी रहे। एमआर से जर्नी शुरू करने वाले राहुल आज मेडिकल शॉप के ओनर हैं। वे पत्नी और बेटी अनन्या द्विवेदी, पुत्र आराध्य द्विवेदी के साथ आए थे।

### 96 बैच की ये हैं उपलब्धियां

1996 बैच की उपलब्धियां भी समारोह का विशेष आकर्षण रहीं। इस बैच से 3 साइंटिस्ट, 5 इंजीनियर, 2 चार्टर्ड अकाउंटेंट, 16 शिक्षक, 2 पत्रकार और 1 वकील निकले हैं। इसके अलावा भी कई पूर्व छात्र विभिन्न क्षेत्रों में सफलता का परचम लहरा रहे हैं।

### इन स्लोगनों ने बटोरी तालियां

एक स्कूल न्यारा है, वो हरिहर हमारा है।

1996 से आए हैं, 2026 तक छाए हैं।


एक दो तीन चार, हरिहर से मिला बहुत प्यार..

हरिहर का जो नाम लेगा, हर बाजी वो जीत लेगा...

### ये हुए शामिल

रंजीत राय, अशोक तिवारी, गजेंद्र साहू, प्रकाश यदु, विवेक झाबक, हरीश जगवानी, पीयूष गुप्ता, संतोष तिवारी, सुरेंद्र बेद,अभिषेक जैन, तामेश्वर पाठक, अजय जैन, अजय मध्यानी, मनोज साहू कुर्रा, मनोज साहू चिपरीडीह, चंद्रेश सोनी, भरत मेघवानी, किशोर साहू, जीवन सेवानी, प्रमोद पारख, पूरण लालवानी, अनिल जैन, अनिल छाबड़ा, दीपक गुप्ता, प्रदीप जीवन, डोमन साहू, नरेश, कैलाश धावक, खेमलाल साहू, नारायण पाटकर, नंदकुमार सोनी, पूनम लुंकड़, असीम थवाईत, राहुल द्विवेदी, रोहित बांसवार, नीलमणि साहू, संदीप टिकरिहा, संतोष नारवानी, उपेंद्र नगरिया, सचिन, वासु सोन, उमेश जैन, भगत जगवानी, व्यास कंसारी, वीरेंद्र देवांगन, आशीष शर्मा, अमित नथवानी, शेख नदीम उल्ला, अजीत जैन, दीनबंधु तिवारी, विकास बाफना, राम नारायण ध्रुव,अतुल शर्मा, विजय शर्मा, पंकज बोथरा, टेकचंद तूरकर और ताबीर हुसैन।

स्वामी एवं प्रकाशक शांतिदेवी नचरानी प्रतिदिन राजधानी, प्रतिदिन हाऊस जी.ई.रोड शारदा चौक रायपुर छत्तीसगढ़ के लिए मुद्रक हरीश कुमार नचरानी प्रतिदिन प्रिंटर्स एण्ड पब्लिशर्स कचहरी चौक जेल रोड रायपुर (छ.ग.) द्वारा मुद्रित एवं स्वामी शांतिदेवी नचरानी (रामचंद नचरानी एण्ड संस की कर्ता) द्वारा प्रतिदिन हाऊस जी.ई.रोड शारदा चौक से प्रकाशित। संपादक-शांतिदेवी नचरानी * कार्यकारी संपादक-हरीश नचरानी, मो.-9617598000। (किसी भी विवाद के लिए न्यायलयीन क्षेत्र रायपुर होगा।) RNI NO. CHH HIN/2001/05596 फोन नं.- 0771-2223399, मो.-6262904444


बस्तर में विकास
एवं समृद्धि का मार्ग
प्रशस्त करने वाले
श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री
श्री विष्णु देव साय
माननीय मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़
माननीय गृह एवं सहकारिता मंत्री, भारत सरकार
श्री अमित शाह जी
का
सशस्त्र नक्सल आतंक के
खात्मे के बाद
प्रथम बस्तर आगमन पर
हार्दिक
स्वागत है
18 मई 2026 | बस्तर, छत्तीसगढ़
छ.ग. डायल - 112
(Phase 2 - Next Gen)
का शुभारंभ
सुबह 10:30 बजे
पी. टी. एस. माना (रायपुर)
जन सुविधा केंद्र
का शुभारंभ
दोपहर 12:00 बजे
नेतानार (बस्तर)
शहीदों को
श्रद्धांजलि
दोपहर 1:30 बजे
अमर वाटिका, जगदलपुर (बस्तर)
शहीदों के परिजनों, सुरक्षा बलों,
नक्सल पीड़ितों और समाज प्रमुखों
से मुलाकात एवं चर्चा
दोपहर 2:00 बजे
बादल अकादमी, जगदलपुर (बस्तर)
छत्तीसगढ़ जनसंपर्क
Visit us : /ChhattisgarhCMO /DPRChhattisgarh www.dprcg.gov.in
S - 47837